रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
# पायनियर
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 07 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-137 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### महापौर-अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया आज

**रायपुर।** नगरीय निकायों में आम निर्वाचन के लिए नगर निगमों में महापौर तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष के पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया 7 जनवरी को संपादित की जाएगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा पूर्व में इसके लिए 27 दिसम्बर 2024 की तिथि निर्धारित की गई थी। अपरिहार्य कारणों से 27 दिसम्बर को होने वाली आरक्षण की कार्यवाही को स्थगित कर इसके लिए अब 7 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई थी। रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में मंगलवार को आरक्षण की प्रक्रिया संपादित की जाएगी।

### रायपुर महापौर का कार्यकाल समाप्त, कलेक्टर ने संभाला प्रशासक का प्रभार

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम की निर्वाचित परिषद का कार्यकाल 5 जनवरी को समाप्त हो गया है। राज्य सरकार की तरफ से जारी अधिसूचना के अनुसार निर्वाचित परिषद का कार्यकाल समाप्त होते ही वहां प्रशासक पदभार ग्रहण कर लेंगे। इसी के तहत कलेक्टर ने निगम के प्रशासक के रुप में पदभार ग्रहण किया।

### 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का विधेयक, 2024 में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय की उल्लेखनीय उपलब्धि

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' संविधान संशोधन विधेयक को लोक सभा में पेश किया जाना वर्ष 2024 उल्लेखनीय उपलब्धियों में रहा। देश में त्रिस्तरीय चुनाव एक साथ कराने पर सिफारिश के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने पिछले साल 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से संबंधित अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।

### एचएमपीवी संक्रमण मामले से सहमा बाजार

**मुंबई।** विश्व बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर कर्नाटक और गुजरात में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस संक्रमण मामले की पुष्टि होने से सहमे निवेशकों की चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार में हाहाकार मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1258.12 अंक अर्थात 1.59 प्रतिशत का गोता लगाकर सात सप्ताह के निचले स्तर 77,964.99 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 388.70 अंक यानी 1.62 प्रतिशत लुढ़ककर 23,616.05 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई।

# 2023 के बाद नक्सलियों का जवानों पर सबसे बड़ा अटैक, ड्राइवर सहित 9 शहीद

## मार्च 2026 तक भारत की भूमि से नक्सलवाद को समाप्त करके ही रहेंगे : अमित शाह

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस बीच बौखलाए नक्सलियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। बीजापुर में डीआरजी दंतेवाड़ा के जवानों को ले जा रहे वाहन को नक्सलियों ने आईईडी से उड़ा दिया है। जानकारी अनुसार कुटरू मार्ग में हुए इस नक्सल हमले में 8 जवान शहीद हो गए हैं। वहीं हमले में 1 ड्राइवर भी शहीद हो गया है। खबर लिखे जाने तक इस घटना में ड्राइवर सहित 9 जवान शहीद हो गए है। इस ब्लास्ट के बाद मौके पर बैकअप टीम को भेजा गया। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने आईईडी ब्लास्ट की पुष्टि की है। आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी ने बताया कि यह घटना कुटरू पुलिस थाने के अंतर्गत अंबेली गांव के पास हुई, जब सुरक्षाकर्मी नक्सल विरोधी अभियान के बाद अपने स्कॉर्पियो वाहन में लौट रहे थे। माना जा रहा है कि यह घटना पिछले दो वर्षों में सुरक्षाकर्मियों पर नक्सलियों द्वारा किया गया सबसे बड़ा अटैक है। इससे पहले 26 अप्रैल, 2023 को दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाकर्मियों को ले जा रहे काफिले का हिस्सा रहे वाहन को नक्सलियों ने उड़ा दिया था, जिसमें 10 पुलिसकर्मी और एक नागरिक चालक की मौत हो गई थी। बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर के सरहदी इलाकों में सर्चिंग अभियान चलाया रहा था। पिछले 3 से 4 दिनों से नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पांच नक्सली भी मारे गए। जवान उस इलाके में सर्चिंग के लिए निकले थे। जवान सर्च ऑपरेशन कर लौट रहे थे। इसी दौरान बीजापुर के भेज्जी और कुटरु के बीच हमारे जवानों की गाड़ी आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आ गई। जिसके कारण यह घटना घटित हुई।

### अमित शाह ने दुख व्यक्त किया



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ के बीजापुर में नक्सलियों द्वारा किये गये विस्फोट में जिला रिजर्व गार्ड के जवानों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। शाह ने कहा बीजापुर में आईईडी विस्फोट में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवानों को खोने की सूचना से अत्यंतु दुखी हूं। वीर जवानों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इस दुख को शब्दों में व्यक्त कर पाना असंभव है लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूं कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम मार्च 2026 तक भारत की भूमि से नक्सलवाद को समाप्त करके ही रहेंगे।

### नक्सलवाद के खात्मे के लिए हमारी लड़ाई मजबूती से रहेगी जारी : मुख्यमंत्री विष्णुदेव



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में 8 जवानों सहित एक वाहन चालक के शहीद होने की दुःखद घटना पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मेरी संवेदनाएं शहीदों के परिजनों के साथ है। ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं और विचलित होकर ऐसी निंदनीय और कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी और नक्सलवाद के खात्मे के लिए हमारी यह लड़ाई मजबूती से जारी रहेगी।

## शिवराज ने जतायी राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन पर बल देने की आवश्यकता

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यों से राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - ऑयल पाम (एनएमईओ-ओपी) को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा है कि बाधाओं को दूर करने और उपलब्ध संसाधनों को जुटाकर अपने वृक्षारोपण लक्ष्यों को प्राप्त करने को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन खाद्य तेल उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने, आयात पर निर्भरता कम करने और किसानों की आय बढ़ाने के दृष्टिकोण की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि घरेलू तेल पाम की खेती को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए इस मिशन का लक्ष्य वर्ष 2025-26 तक 6.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को तेल पाम के बागानों के अंतर्गत लाना है। पूर्वोत्तर क्षेत्र और अन्य तेल पाम उगाने वाले राज्यों की कृषि-जलवायु क्षमता का लाभ उठाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## मोदी बुधवार को दो दिन के दौरे पर आंध्र प्रदेश और ओडिशा जायेंगे



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दो दिन के दौरे पर आंध्र प्रदेश और ओडिशा जायेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को बताया कि मोदी बुधवार को आंध्र प्रदेश में दो लाख करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री विशाखापत्तनम के पास पुदीमाडाका में एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ग्रीन हाइड्रोजन हब परियोजना की आधारशिला रखेंगे।

## भाजपा ने शेष 19 जिलों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी ने अपने संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया को बूथ, मंडल और जिला स्तर पर सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद शेष 19 जिलों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी, खूबचंद पारख ने बताया कि 5 जनवरी को 15 जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की जा चुकी थी। अब बचे हुए 19 जिलों में भी जिलाध्यक्ष नियुक्त कर दिए गए हैं। यह प्रक्रिया भाजपा की संगठनात्मक मजबूती के तहत की गई है। जिलाध्यक्षों में बेमेतरा अजय साहू, बिलासपुर दीपक सिंह ठाकुर, बिलासपुर (ग्रामीण) मोहित जैसवाल, सरगुजा भारत सिंह सिसोदिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर सोनहत चंपा देवी पावले, कोरिया देवेंद्र तिवारी, कोंडागांव सेवकराम नेताम, खैरागढ़ डॉ. बिसेसर साहू, धमतरी प्रकाश बैस, महासमुंद येतराम साहू, बलौदाबाजार आनंद यादव, सुकमा धनीराम बारसे, दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता, नारायणपुर संध्या पंवार, बस्तर वेदप्रकाश पांडे, सक्ती टिकेस्वर गबेल, सारंगढ़-बिलाईगढ़ ज्योति पटेल, जांजगीर-चांपा अंबेश जांगड़े, गरियाबंद अनिल चंद्राकर को नियुक्त किया गया है।

# ठेकेदार सुरेश चंद्राकर हैदराबाद से गिरफ्तार, फांसी देने की मांग

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर मर्डर केस का मास्टर माइंड ठेकेदार सुरेश चंद्राकर को हैदराबाद से एसआईटी की टीम ने गिरफ्तार किया है। सुरेश चंद्राकर पेशे से ठेकेदार है और राजनीति से भी जुड़ा हुआ है। आरोप है कि मुकेश चंद्राकर ने ठेकेदार के भ्रष्टाचार की खबर बनाई थी। इसी बात से नाराज सुरेश ने मुकेश की हत्या करवाई। सुरेश ने बीजापुर में अपने बैडमिंटन कोर्ट परिसर में खाने के बहाने बुलाकर अपने भाई और सुपरवाइजर के हाथों मुकेश की हत्या करवा दी थी। उससे पूछताछ की जा रही है। मामले को लेकर राज्यभर के पत्रकारों ने आक्रोश है। दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकार को राज्यभर के विभिन्न हिस्सों में श्रद्धांजलि दी जा रही है। साथ ही हत्या में शामिल सभी आरोपियों को फासी देने की मांग की जा रही है। दरअसल यह हत्या नहीं लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास है। इसलिए अपराधियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की जा रही है।

### दरिंदगी की हदें पार

पत्रकार मुकेश चंद्राकर की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर पर चोट के 15 निशान मिले है। कितनी बुरी तरह हत्या की गई, इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि लिवर के 4 टुकड़े मिले, गर्दन टूट गई और हार्ट फट गया था। 5 पसलियां भी टूटी हुई थीं। पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर के मुताबिक दो या दो से अधिक लोगों ने मुकेश की हत्या की है। मुकेश के शरीर पर इतना तेज वार किया गया है कि शरीर के कई अंग जख्मी हो गए। मीडिया से बात करते हुए डॉक्टर ने बताया कि उन्होंने 12 सालों में कभी ऐसा केस नहीं देखा। आरोपियों ने दरिंदगी की पूरी हदें पार की है, जिसको लेकर पूरा प्रदेश आक्रोशित है।

### रिश्तेदार होने का उड़ाया जा रहा अफवाह

पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड को अलग दिशा देने की कोशिश की जा रही है। ठेकेदार सुरेश चंद्राकर अनुसूचित जाति वर्ग से है। क्योकि उसके एक पार्टी विशेष में अनुसूचित जाति वर्ग के पदाधिकारी होने की खबरे और तस्वीरें जारी की गई है। यह भी कहा जा रहा है कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर का ठेकेदार सुरेश चंद्राकर से कोई रिश्तेदारी नहीं थी। रिश्तेदार होने की खबर महज एक अफवाह है। बहरहाल सच क्या है? पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### तेरा-मेरा नहीं, बल्कि ठेकेदार सुरेश अपराधी है

बीजापुर जैसे दुरस्त अंचल में पत्रकारिता करना कितना चुनौतीपूर्ण है। इसका उदाहरण जाबाज पत्रकार मुकेश चंद्राकर है। जिन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जान गंवा दी। लेकिन मौत के दूसरे दिन ही तेरा-मेरा का नाटक शुरू हो गया। पहली बार ऐसा देखा जा रहा है कि अपराधी, अपराधी ना होकर दल विशेष का हो गया है। दोनों प्रमुख दल पत्रकारों के प्रति कितने संवेदनशील है इसका आकलन तेरा-मेरा से किया जा सकता है। ज्ञात हो कि अपराधी किसी के नहीं होते, वह दल या सिम्बल का उपयोग अपने काले कारनामों को छुपाने के लिए करते है। इसलिए तेरा-मेरा से बाहर निकलकर पत्रकार मुकेश चंद्राकर को न्याय दिलाने के लिए आगे आना चाहिए। यह हत्या सिर्फ मुकेश की नहीं बल्कि चौथे स्तंभ की हत्या है, चौथे स्तंभ के स्वतंत्रता पर प्रहार है। राजनीतिक बयानबाजी करने के लिए और अवसर मिलेगे। फिलहाल एक पत्रकार को न्याय दिलाकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर राजनीतिक दलों को नहीं गवाना चाहिए।

### बावर्ची से लेकर 100 करोड़ का सफर

ठेकेदार सुरेश चंद्राकर को लेकर जो तथ्य सामने आ रहे है वह बेहद ही चौकाने वाले है। कहा जा रहा है 2010 में वह बावर्ची का काम करता था, 2024 में 100 करोड़ का आसामी बन गया। सुरेश की कोई लाटरी नहीं लगी, लेकिन 10 साल के भीतर वह करोड़ों में खेलने लगा। निश्चित ही बिना संरक्षण के इतनी संपत्ति अर्जित करना संभव नहीं है। भ्रष्टाचार की काली कमाई में अंधा होकर सुरेश चंद्राकर जैसे लोग लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को भी कुचलने से परहेज नहीं करते। शायद बिना संरक्षण के इतने पर नहीं निकलते। बहरहाल सुरेश के पीछे कौन-कौन सी शक्तियां है, इसके खुलासे के लिए पत्रकार सड़को पर उतर चुके है।

## जम्मू बना देश का पहला उच्च हिमालयी रेलवे मंडल

पायनियर संवाददाता < जम्मू
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू में रेलवे मंडल का उद्घाटन किया जो देश में पहला उच्च हिमालयी रेलवे मंडल है। मोदी ने आयोजित कार्यक्रम में वीडियो लिंक के माध्यम से जम्मू रेल मंडल के अलावा ओडिशा के रायगढ़ रेलवे मंडल और आंध्रप्रदेश के चेर्नापल्ली में नये टर्मिनल स्टेशन भवन का उद्घाटन किया। यहां कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, रेल, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह, जम्मू कश्मीर सरकार में मंत्री सतीश शर्मा, जम्मू के सांसद जुगलकिशोर शर्मा, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक वर्मा और फिरोज़पुर रेल मंडल प्रबंधक संजय साहू उपस्थित थे। जम्मू उत्तर रेलवे के अंतर्गत देश का 68वां और पहला उच्च पर्वतीय रेलवे मंडल होगा जो पंजाब के पठानकोट से शुरू होकर उत्तरी हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और भविष्य में लद्दाख तक विस्तृत होगा। जबकि पूर्वी तटीय रेलवे के अंतर्गत दक्षिणी ओडिशा के रायगढ़ में स्थित 107 करोड़ रुपये की लागत वाले रायगढ़ रेलवे मंडल के बनने से क्षेत्र के रेलवे बुनियादी ढांचे के विस्तार को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में जम्मू कश्मीर के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि जम्मू रेलवे मंडल का लाभ जम्मू कश्मीर के साथ हिमाचल प्रदेश एवं पंजाब के कई शहरों के साथ लेह लद्दाख को होगा। जम्मू कश्मीर को देश के हिस्सों को अच्छे से जोड़ देगी। विश्व का सबसे ऊंचा आर्च पुल चिनाब पुल तथा पहला केबल पुल अंजी खड्डु पुल भारत की इंजीनियरिंग के बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से ओडिशा में प्रचुर प्राकृतिक संसाधन है। अनेक परियोजनाओं पर काम चल रहा है। 70 हजार करोड़ रुपए के परियोजनाओं पर काम चल रहा है। रायगढ़ा में रेलवे मंडल से जनजातीय क्षेत्रों में रेल नेटवर्क का विस्तार तेज होगा और पर्यटन एवं रोज़गार बढ़ने से क्षेत्र के सामाजिक आर्थिक विकास को बल मिलेगा।

### निरस्तीकरण उस विरासत के अवशेषों को हटाने की दिशा में एक और कदम है

## औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानूनों की जगह पर तीन नये आपराधिक कानून लागू

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

सत्यमेव जयते
विधि और न्याय मंत्रालय
MINISTRY OF LAW & JUSTICE
GOVERNMENT OF INDIA

एक सदी से भी अधिक पुराने तीन औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानूनों की जगह पर वर्ष 2024 में तीन नए आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को लागू किया गया। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय का कहना है कि ये कानून पहले के उन कानूनों की जगह हुए बड़े बदलाव को दर्शाते हैं, जिनका उद्देश्य औपनिवेशिक हितों को पूरा करना था। उनका निरस्तीकरण उस विरासत के अवशेषों को हटाने की दिशा में एक और कदम है। तीनों कानूनों को एक जुलाई 2024 से लागू किए जाने से पहले विभाग ने नए कानूनों के कार्यान्वयन में शामिल सभी हितधारकों के लिए 'आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ' विषय पर सम्मेलनों की श्रृंखला आयोजित की। ये सम्मेलन अप्रैल से जून 2024 तक नई दिल्ली, गुवाहाटी, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई में आयोजित किए गए। इनमें बड़ी संख्या में लोगों और प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया। इन सम्मेलनों में भारत के मुख्य न्यायाधीश, माननीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल और मंत्री, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, भारत के अटॉर्नी जनरल, भारत के सॉलिसिटर जनरल, विभिन्न उच्च न्यायालयों के माननीय मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीश शामिल और अपने-अपने विचार रखे। उनके अलावा सम्मेलनों में आईटीएटी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य, अधिवक्ता, शिक्षाविद, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी, सरकारी अभियोजक, जिला न्यायाधीश और अधीनस्थ न्यायालयों के अन्य अधिकारी, शिक्षाविद और विभिन्न राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों (एनएलयू) और अन्य विधि संस्थानों आदि के छात्र शामिल हुए। सम्मेलनों में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में नए युग के अपराधों पर कानून के प्रभाव, न्यायपालिका और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को प्रभावित करने वाले प्रक्रियात्मक परिवर्तनों और कानूनी प्रक्रिया में साक्ष्य स्वीकार्यता की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। नई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) डिजिटल युग में अपराधों से निपटने के लिए समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है।

## जन सेवा को समर्पित राजनेताओं की जरूरत : भदौरिया

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी के अध्यक्ष ठाकुर जोगेन्द्र सिंह भदौरिया ने कहा है कि ऐसे राजनेताओं की आवश्यकता है जो जनता की जरूरतों के हिसाब से कार्य करके जन सेवा की मिसाल कायम करें। भदौरिया ने यहां दिल्ली विधानसभा की करावल नगर सीट के प्रत्याशी योगेंद्र चौधरी के स्थानीय कार्यालय का उद्घाटन करते हुये कहा कि उन्होंने देश में स्वार्थ की राजनीति को खत्म करने के लिये राजनीति में कदम रखा है। देश की राजनीति का स्तर आज बहुत गिर चुका है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से मानवता की सेवा करने से ही देश विश्व गुरु बन सकेगा। भदौरिया ने बताया उनकी पार्टी इस बार दिल्ली में सभी 70 विधानसभा पर प्रत्याशी उतार रही है। उन्होंने कहा, हम दिल्ली को साफ स्वच्छ एवं सुंदर बनायेंगे। पार्टी राजधानी में अपने कार्यो से ऐसी मिसाल पेश करेगी, जिसकी सराहना पूरा विश्व करेगा। भदौरिया ने कहा, मैं ऐसे उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने का मौका दूंगा, जो बड़ी-बड़ी पार्टियों की अब तक सिर्फ सेवा ही करते रहे और उन्हें कभी चुनाव लड़ने का मौका नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि उनके दल में उच्चतम न्यायालय के वकील, वरिष्ठ पत्रकार, चिकित्सक और पूर्व नौकरशाह भी शामिल हो रहे हैं। इस मौके पर पार्टी के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।






# औद्योगिक विकास में बीआईएस का योगदान महत्वपूर्ण : गुरमीत

एजेंसी देहरादून
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने राजभवन में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान, भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा विद्यालयों में गठित स्टैंडर्ड क्लब के विद्यार्थियों, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की, भारतीय पेट्रोलियम संस्थान तथा औद्योगिक संस्थानों द्वारा अपने स्टॉल लगाए गए, जिनका राज्यपाल द्वारा निरीक्षण किया गया। राज्यपाल ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल्स के लिए बच्चों की सृजनात्मकता और नवाचार की सराहना की। सिंह ने कहा कि भारतीय उत्पादों को 'लोकल से ग्लोबल' स्तर तक पहुंचाने के लिए उनकी गुणवत्ता और मानकों का उत्कृष्ट होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मानक व गुणवत्ता उत्कृष्ट होंगे तभी हमारी वस्तुओं



और उत्पादों की डिमांड होगी। उन्होंने कहा कि देश के औद्योगिक विकास व उपभोक्ता अधिकारों के क्षेत्र में भारतीय मानक ब्यूरो महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। राज्यपाल ने कहा कि बीआईएस, एआई और टेक्नोलॉजी का अधिकाधिक उपयोग कर मानकीकरण के क्षेत्र में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि एआई की मदद से डेटा विश्लेषण, उत्पाद परीक्षण और प्रमाणन प्रक्रियाओं में अधिक सटीकता और पारदर्शिता लाई जा सकेगी। उन्होंने बीआईएस के अधिकारियों, उद्यमियों और छात्रों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और कहा कि मानकों की गुणवत्ता में सुधार से भारत आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दिशा में और मजबूत होगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि देश, अंतर्राष्ट्रीय मानकों की तरफ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि बेहतर गुणवत्ता के संदेश को आम जनता तक अवश्य पहुंचाएं। भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा के प्रमुख व निदेशक सौरभ तिवारी ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो नियमित तौर से मानकों का निर्धारण सर्टिफिकेशन व प्रयोगशाला प्रबंधन पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी ग्राम पंचायत का संवेदीकरण कार्यक्रम किया जा चुका है। इस दौरान, राज्यपाल द्वारा राज्य में भारतीय मानक ब्यूरो के महत्व और उपयोगिता के बारे में हितधारकों को जागरूक करने के लिए संस्थान की ओर से प्रमुख सचिव एल फैनई, सचिव एचसी सेमवाल, पुलिस उप महानिरीक्षक निवेदिता कुकरेती, अपर सचिव रुचि मोहन रयाल, लोक निर्माण विभाग के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता दीपक कुमार यादव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीबीआरआई, रुड़की के निदेशक आर प्रदीप कुमार, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी के निदेशक, अनिल कुमार लोहानी और हीरो मोटर्स हरिद्वार के प्लांट हेड, यशपाल सरदाना ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने भारतीय भवन संहिता की बारीकियों एवं सतत विकास लक्ष्य में मानकों के योगदान पर चर्चा की। इस अवसर पर सचिव दीपक कुमार, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया सहित बीआईएस के अधिकारी, विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि और अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन कविंद्र मेहता 'काव्य' द्वारा किया गया।

# राज्यपाल रवि का विधानसभा अभिभाषण का बहिष्कार करना 'बचकाना' : स्टालिन

एजेंसी चेन्नई
www.dailypioneer.com



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राज्यपाल आर एन रवि के वर्ष के पहले सत्र में पारंपरिक 'नववर्ष अभिभाषण' पढ़े बिना विधानसभा से बाहर चले जाने और बहिष्कार करने को 'बचकाना' तथा अपने उच्च पद के प्रतिकूल बताया। स्टालिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि राज्यपाल, विधायिका की परंपरा का उल्लंघन कर रहे हैं। सबके सामने सवाल यह है कि जब राज्यपाल को अपने संवैधानिक कर्तव्यों को निभाने में कोई दिलचस्पी नहीं है, तो उन्हें पद पर क्यों रहना चाहिए। उन्होंने कहा, संविधान के अनुसार, राज्यपाल द्वारा सरकार की ओर से तैयार किए गए अभिभाषण को पढ़ना विधायी लोकतंत्र की परंपरा है। स्टालिन ने कहा, राज्यपाल ने इसे नियमित रूप से तोड़ने की आदत बना ली है। अतीत में, उन्होंने कुछ अंशों को अनदेखा करके और कुछ को अपने हिसाब से जोड़कर उन्हें पढ़ा था लेकिन, इस बार वे इसे पढ़े बिना ही सदन से चले गए जो बचकानी हरकत है। तमिलनाडु के लोगों और उनके द्वारा चुनी गई सरकार के साथ-साथ 100 साल पुरानी विरासत वाली विधायिका का अपमान करना, उनके उच्च पद के लिए अशोभनीय है। इस बीच, सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सहयोगी दलों ने भी राज्यपाल पर अपना पारंपरिक अभिभाषण न पढ़कर विधानसभा के नियमों का अनादर करने का आरोप लगाया। मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एमडीएमके) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्यपाल एक राजनीतिक दल के प्रतिनिधि की तरह काम कर रहे हैं। वह लोगों की ओर से चुनी गई सरकार के लिए बाधाएं खड़ी कर रहे हैं और समानांतर सरकार चलाने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) ने कहा कि राज्यपाल को तमिलनाडु के लोगों की भावनाओं को समझना चाहिए।

# सिरसा रेलवे स्टेशन पर मंजूर हुआ तीसरा प्लेटफार्म,10 करोड़ का बजट जारी

एजेंसी सिरसा
www.dailypioneer.com



बीकानेर मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य एवं कांग्रेस के नेता संदीप नेहरा ने बताया कि हरियाणा में सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा के अनुरोध पर रेल मंत्रालय ने सिरसा रेलवे स्टेशन पर तीसरे प्लेटफार्म को मंजूरी देते हुए 10 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। नेहरा ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि जल्द ही इस प्लेटफार्म का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही अमृत योजना के तहत भट्टू और कालांवाली रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार किया जाएगा। नेहरा ने बताया कि उन्होंने क्षेत्र की रेल संबधी समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा को पत्र लिखा था। सांसद ने इन मांगों को लेकर रेल मंत्री को पत्र लिखकर मांगों को जल्द पूरा करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि सिरसा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए तीसरा प्लेटफार्म बनाए जाने की सबसे ज्यादा जरूरत थी, क्योंकि जल्द ही कु छ लंबी दूरी की ट्रेनों का विस्तार सिरसा तक होने की संभावना है। उन्होंनें बताया कि यह तीसरा प्लेटफार्म शहर की ओर बने प्लेटफार्म नंबर दो के साथ किया जाएगा। इसके बनने के बाद ट्रेन और मालगाडियों के ठहराव की समस्या खत्म हो जाएगी। उन्होंने बताया कि अमृत योजना के तहत सिरसा रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्धार का कार्य जारी है, इस प्रकार भट्टू और कालांवाली रेलवे स्टेशन के सौंदर्यकरण और जीर्णोद्धार की इस योजना के तहत मंजूरी दी जा चुकी है। जल्द ही इस योजना के तहत कार्य शुरू होगा।

# वैशाली में 1293 एकड़ भूमि पर बनेगा औद्योगिक पार्क : नीतीश

**पटना/हाजीपुर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य का औद्योगिक विकास कर रोजगार के नये अवसर सृजित करने के लिए वैशाली ज़िले में 1293 एकड़ भूमि पर औद्योगिक पार्क बनाने की घोषणा की। कुमार ने प्रगति यात्रा के दूसरे चरण के दूसरे दिन सोमवार को वैशाली जिले में आयोजित कार्यक्रम में घोषणा करते हुए कहा कि जिले में आमस-दरभंगा सड़क के किनारे 1293 एकड़ भूमि पर बड़ा औद्योगिक पार्क बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि वाया नदी की वजह से कई जगह बाढ़ आती है इसलिए इस नदी की उड़ाही करायी जायेगी। इससे आठ प्रखंडों के लोगों को सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरैला झील देश का बहुत महत्वपूर्ण पक्षी विहार है, जहां बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी आते हैं। बरैला झील का विकास एवं सौंदर्यीकरण किया जायेगा। इससे पर्यटन एवं मत्स्य पालन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि वैशाली जिले के कई प्रखंडों में बिजली की समस्या को देखते हुये महुआ में ग्रिड सब-स्टेशन तथा चार प्रखंडों में नये पावर सब स्टेशन का निर्माण कराया जायेगा।



# पंजाब को कचरा मुक्त बनाने के लिये पायलट प्रोजेक्ट शुरू

एजेंसी खन्ना
www.dailypioneer.com



पंजाब को कचरा मुक्त बनाने के लिये राज्य के कैबिनेट मंत्री पंजाब तरुणप्रीत सिंह सोंद ने खन्ना शहर में डोर-टू-डोर कलेक्शन और सेग्रीगेशन प्लांट के पहले पायलट प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद ने बताया कि चार करोड़ रुपये की लागत वाला यह पायलट प्रोजेक्ट एक साल तक चलेगा। इस पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद इसे पंजाब के अन्य इलाकों में भी शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि खन्ना शहर के प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर से गीला और सूखा कचरा/ ठोस कचरा अलग-अलग एकत्र किया जायेगा। सोंद ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से खन्ना शहर में किसी भी अन्य स्थान पर कूड़ा नहीं डाला जायेगा, जिससे खन्ना के सभी वार्डों से कूड़ा खत्म हो जायेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के तहत खन्ना शहर के सभी रिहायशी/ खन्ना के वाणिज्यिक/ स्ट्रीट वेंडरों को एक विशिष्ट पहचान संख्या जारी की जायेगी, जो एक ऐप से जुड़ी होगी। कचरा संग्रहण के लिये प्रत्येक उपयोगकर्ता को एक संदेश के माध्यम से उनके मोबाइल फोन पर एक मामूली बिल भेजा जायेगा। मंत्री ने बताया कि इस सम्बन्ध में एक शिकायत प्रकोष्ठ भी स्थापित किया गया है।

## अमृतसर सीमा पर तस्कर गिरफ्तार, हेरोइन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में अमृतसर के सीमवर्ती गांव मलिकपुर (थोबा रोड) से एक तस्कर को पकड़ा कर लगभग आधा किलो हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि रविवार शाम को बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने मलिकपुर गांव के अंदरूनी इलाके में तस्करी की गतिविधियों के बारे में बीएसएफ की खुफिया शाखा द्वारा दी गई सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक भारतीय तस्कर को सफलतापूर्वक पकड़ा गया और संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया जिसका कुल वजन- 525 ग्राम था। पैकेट पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटा हुआ था और इस पैकेट के साथ एक तांबे का हुक लगा हुआ मिला। पकड़ा गया तस्कर गांव मलिकपुर, अमृतसर का रहने वाला है। पकड़े गए व्यक्ति से फिलहाल पाक स्थित तस्करों के साथ उसके संबंधों की जांच के लिए विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

## उत्तराखंड में पुनरीक्षण के बाद 84,29,459 मतदाता

**देहरादून।** उत्तराखंड में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत एक जनवरी 2025 की आर्हता तिथि के आधार पर, चुनाव आयोग ने नई मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। प्रदेश में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने जानकारी दी कि एक जनवरी की अर्हता तिथि के आधार पर, छह जनवरी को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में 84 लाख, 29 हजार, 459 मतदाता शामिल हैं। जिसमें 43 लाख, 64 हजार, 667 पुरुष मतदाता, 40 लाख, 64 हजार, 488 महिला मतदाता एवं 304 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। डा जोगदंडे ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में सर्विस मतदाताओं की संख्या 89,812 है। जिसमें 87,103 पुरुष एवं 2,709 महिला सर्विस वोटर शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 11,733 पोलिंग स्टेशन हैं। जिसमें 3,462 शहरी क्षेत्रों में हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 8,271 पोलिंग स्टेशन शामिल हैं। उन्हानें बताया कि वर्तमान में 18-19 आयु वर्ग में 1 लाख, 44 हजार, 400, 20-29 आयु वर्ग में 16 लाख, 27 हजार, 026, 30-39 आयु वर्ग में सबसे अधिक 22 लाख, 67 हजार, 477, 40-49 आयुवर्ग में 17 लाख, 79 हजार 879, 50-59 आयुवर्ग में 12 लाख, 33 हजार, 140, 60-69 आयु वर्ग में 7 लाख, 80 हजार, 598, 70-79आयुवर्ग में 4 लाख, 34 हजार, 870 व 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में एक लाख, 62 हजार 069 मतदाता शामिल हैं।

## कर्नाटक में एचएमपीवी के दो मामलों की पुष्टि

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने श्वसन वायरल रोगजनकों की नियमित निगरानी के दौरान यहां ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के दो मामलों की पुष्टि की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में श्वसन संबंधी बीमारियों की आईसीएमआर की चल रही निगरानी के तहत इन मामलों का पता लगाया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि राज्य में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) या गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी (एसएआरआई) के मामलों में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। पहला मामला तीन महीने की बच्ची का है, जिसे ब्रोन्कोन्यूमोनिया के साथ बेंगलुरु के बैपटिस्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसका इलाज किया गया और बाद में उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। यहां तीन जनवरी को दूसरा मामला आठ महीने के शिशु में पाया गया, जिसका इलाज जारी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयासों का समर्थन करने के लिए चीन में श्वसन संबंधी बीमारियों पर अपडेट प्रदान कर रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने विशेष रूप से बच्चों और गंभीर रोगियों के लिये एहतियात बरतने की सलाह दी है। विशेषज्ञों ने माता-पिता से आग्रह किया है कि वे अस्वस्थ बच्चों को स्कूल न भेजें और श्वसन संबंधी लक्षण दिखाने वाले बच्चों के लिए मास्क का उपयोग कराएं। गौरतलब है कि वैश्विक स्तर पर, चीन में श्वसन संक्रमण को एचएमपीवी, कोविड-19 वेरिएंट और इन्फ्लूएंजा ए से जोड़ा गया है।

# वैश्विक स्तर पर फैल रहा एचएमपीवी, देश को सतर्क रहने की जरूरत : डॉ. पुरोहित

एजेंसी जालंधर
www.dailypioneer.com

हरियाणा फरीदकोट स्थित बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस, स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के विजिटिंग प्रोफेसर डॉ नरेश पुरोहित ने कहा कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस वैश्विक स्तर पर फैल रहा है, इसलिये देश को सतर्क रहने की जरूरत है। महामारी वैज्ञानिक डॉ. पुरोहित ने बताया कि देश में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के पहले मामलों की पुष्टि हुई है, जिसमें बेंगलुरु में तीन महीने और आठ महीने की उम्र के दो शिशु शामिल हैं। तीसरा ऐसा मामला गुजरात के अहमदाबाद में पाया गया है। पांच साल पहले कोविड-19 प्रकोप की पहली बार पहचान की गयी, उसी क्षेत्र में इन मामलों के सामने आने से लोगों में चिंता बढ़ गयी है और इसलिये देश को सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसी भी वायरस के महामारी बनने का जोखिम हमेशा बना रहता है और इसके लिये क्रिटिकल केयर यूनिट को मरीजों की बढ़ती आमद के लिये तैयार रहने की जरूरत है। राष्ट्रीय संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के सलाहकार डॉ पुरोहित ने बताया कि मानव मेटान्यूमोवायरस के रूप में जाना जाने वाला श्वसन वायरस मेटान्यूमोवायरस जीनस और पैरामाइक्सोविरिडे परिवार से संबंधित है। यह कोई रहस्यमय वायरस नहीं है। इसकी पहली बार पहचान 2001 में हुई थी और यह मनुष्यों को संक्रमित करने के लिये जाना जाता है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में श्वसन संबंधी बीमारियों का कारण बनता है। उन्होंने कहा, एचएमपीवी मुख्य रूप से खांसने या छींकने से निकलने वाली श्वसन बूंदों के माध्यम से फैलता है। यह दूषित सतहों के सीधे संपर्क से भी फैल सकता है। वायरस आमतौर पर 3-6 दिनों तक पनपता है, और लक्षण दिखने से पहले ही व्यक्ति संक्रामक हो सकता है। तेज़ी से फैलने की यह प्रवृत्ति मौसमी प्रकोप का कारण बनती है, खासकर ठंड के महीनों के दौरान। उन्होंने इन मामलों में देखे गये लक्षणों की ओर इशारा किया - खांसी, बुखार, बहती नाक, घरघराहट और सांस की तकलीफ जैसा कि श्वसन सिंकिटियल वायरस के साथ देखा जाता है।

# गुरू गोबिंद सिंह की जीवन यात्रा सभी के लिए प्रेरणादायी : यादव

पायनियर संवाददाता भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि गुरू गोबिंद सिंह ने देश और धर्म के गौरव की रक्षा तथा मूल धर्म की स्थापना के लिए अपने चार साहिबजादों और परिवार का जो बलिदान दिया उसके लिए संपूर्ण राष्ट्र नतमस्तक है। डॉ यादव सिखों के 10वें गुरू खालसा पंथ के संस्थापक गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गुरूद्वारा हमीदिया रोड में मत्था टेकने के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के स्वाभिमान और संस्कृति को विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ अपने परिवार को कुर्बान कर देने वाली गुरू जी की जीवन यात्रा सभी के लिए प्रेरणादायी है। गुरू गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना कर यह बताया कि देश और संस्कृति के लिए हथियार उठाकर बहादुरी के साथ लड़ना जरूरी है। धर्म, संस्कृति और इतिहास को बचाने का उनका प्रयास सम्पूर्ण विश्व के सामने एक प्रभावी, अतुलनीय और अद्भुत उदाहरण है। हर युग और हर काल में उनकी शहादत याद रखी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरू गोबिंद सिंह इस रूप में भी भाग्यशाली थे कि उनके परिवार के छोटे से छोटे बच्चे में भी देश, धर्म व संस्कृति के लिए गौरव की अनुभूति थी और वह अपने धर्म और जीवन मूल्यों के लिए बलिदान देने के लिए तत्पर था। गुरू गोबिंद सिंह ने कई आध्यात्मिक प्रश्नों के उत्तर खोजने का प्रयास किया। उन्होंने सभी गुरूओं के पवित्र वचनों को एकत्र करते हुए गुरू ग्रंथ साहब को पंथ के मार्गदर्शक का स्वरूप प्रदान किया। डॉ यादव ने कहा कि साहिबजादों के बलिदान को शालेय पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीर बालकों की शहादत के दिन, वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया। साथ ही ननकानासाहिब कॉरीडोर सहित अनेकों सौगातें समाज को प्रदान की हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरू तेगबहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व सहित अन्य आयोजनों में राज्य शासन की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने वीर बाल दिवस 26 दिसम्बर के मौके पर गुरूद्वारा हमीदिया रोड की व्यवस्थाओं को संभालने वाले बच्चों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री का स्मृति-चिन्ह भेंटकर अभिवादन किया गया। उन्होंने गुरूद्वारे में सेवा भी की और उपस्थित जनसमुदाय का अभिवादन किया। इस अवसर पर नेहा बग्गा का सम्मान भी किया गया।

# भ्रष्टाचार और संगठित लूट भाजपा सरकार का नया परिचय : अखिलेश

पायनियर संवाददाता लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर कमीशनखोरी का आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि भाजपा सरकार का नया परिचय भ्रष्टाचार और संगठित लूट हो गया है। पार्टी के राज्य मुख्यालय में उत्तर प्रदेश सहित झारखण्ड, आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान से आये पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में बड़े पैमाने पर कमीशनखोरी हो रही है। भ्रष्टाचार चरम पर है। हर स्तर पर लूट है। भाजपा सरकार में हर पद और हर पोजीशन की रेट तय है। हर विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है। ऐसा कोई विभाग नहीं है, जहां लूट नहीं हो रही है। सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं को नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उन्होने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाकर जनता के हित और उत्तर प्रदेश के विकास के लिए समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना ही शुभकामनाओं की सफल सार्थकता होगी। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट की कमाई पर कब्जा करने की लड़ाई चल रही है। खुद भाजपा विधायक और नेता भ्रष्टाचार और लूट के आरोप लगा रहे है। इस सरकार के भ्रष्टाचार ने किसी को नहीं छोड़ा है। महिलाएं, व्यापारी, किसान, नौजवान आम जनता सब त्रस्त हो चुके हैं। उन्होने कहा कि जनता में भाजपा को लेकर भारी नाराजगी है। भाजपा वोटर लिस्ट में हेराफेरी कर पीडीए का वोट कटवा कर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की साजिश करती है। धांधली और षड्यंत्र कर चुनाव जीतना चाहती है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने गांवों और किसानों की उपेक्षा की। गांवों के लिए कोई काम नहीं किया। समाजवादी सरकार में लोहिया ग्राम योजना के तहत हजारों गांवों में सड़क, पेयजल तथा अन्य सुविधाओं का विकास किया गया था, लेकिन भाजपा ने द्वेष के चलते गांवों के विकास की सभी योजनाओं को बंद कर दिया। विकास कार्यों को रोक दिया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2016 में अपने लोकसभा क्षेत्र वाराणसी के नागेपुर गांव को गोद लिया था लेकिन उस गांव का कोई विकास नहीं हुआ। दोबारा उस गांव की सुध भी नहीं ली गई। यादव ने नेताओं, कार्यकर्ताओं से कहा कि वे सब भाजपा की साजिशों को विफल करने का संकल्प लेकर जायें। बूथ को मजबूत करना है और वोटरलिस्ट पर पूरी नज़र रखकर उसे ठीक कराना है। कार्यकर्ता सतर्क रहेंगे तो भाजपा धांधली नहीं कर पाएगी। 2027 का विधानसभा चुनाव हमें हर हालत में राज्य के हित में जीतना है।

## 70वें बीपीएससी की प्रीलिम्स परीक्षा के विरोध में 99 प्रतिशत से अधिक छात्र : आनंद माधव

एजेंसी पटना
www.dailypioneer.com

बिहार कांग्रेस के प्रवक्त। एवं रिसर्च विभाग के चेयरमैन आनन्द माधव ने कहा है कि चार जनवरी को हुयी 70वें बिहार लोक सेवा आयोग की प्रीलिम्स परीक्षा के विरोध में 99 प्रतिशत से अधिक छात्र है। माधव ने बयान जारी कर कहा कि बिहार की पूरी आवाम भी इस बात को अच्छी तरह समझ रही है कि बेईमानी एवं अनियमितताओं पर लीपापोती करना ही इस परीक्षा का एक मात्र लक्ष्य था। बिहार सामाजिक अंकेक्षण की ओर से किये गये एक सर्वे का रिपोर्ट भी इस बात का खुलासा करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार 3313 परीक्षार्थी के एक नमूने में, जिन्होंने सामाजिक अंकेक्षण के पहले 12 घंटों में भाग लिया, उनके अनुसार 99.01 फिर से परीक्षा चाहते हैं।

# बदमाश पीएनबी का एटीएम उखाड़ ले गये

एजेंसी श्रीगंगानगर
www.dailypioneer.com



राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के राजियासर थाना क्षेत्र में पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को बोलेरो कैंफर में आये तीन-चार बदमाश उखाड़ कर ले गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रविवार - सोमवार की रात करीब ढाई बजे की है। विजयनगर राजियासर मार्ग पर गांव बीरमाना में गांव में मेन रोड पर बैंक शाखा में लगी एटीएम के बाहर वाला शटर डाउन था। उस पर ताले लगे थे। मुंह ढंककर आये बदमाशों ने ताले तोड़े और केबिन में लगे सीसीटीवी कैमरों पर काले रंग का स्प्रे कर दिया। केबिन में दूसरी तरफ लगे एक कैमरे में एटीएम को लोहे की रॉड से उखाड़ने के दृश्य कैद हुये हैं। बदमाश करीब 15 मिनट में एटीएम को उखाड़ कर कैंफर गाड़ी में डालकर ले गये। जानकारी के अनुसार एटीएम की सुरक्षा के लिये गार्ड नहीं था, लेकिन ई-सर्विलांस सिस्टम लगा हुआ है, जिसके जरिये बैंक के अधिकारियों और पुलिस को सूचना मिली। इसी दौरान ग्रामीणों को भी पता चल गया। उन्होंने बदमाशों का पीछा किया। दूसरी तरफ पुलिस ने बीरमाना गांव और इसके आसपास के सभी मार्गों पर नाकाबंदी करके वाहनों की जांच शुरू कर दी, लेकिन बदमाश पकड़ में नहीं आये। सुबह होने पर आरडी 445-465 हेड के बीच एक खेत में लोगों ने एटीएम टूटी पड़ी देखी, तो पुलिस को सूचना दी। एटीएम खाली थी। बैंक सूत्रों के अनुसार एटीएम में छह लाख का कैश विगत शुक्रवार को डाला गया था। कल रात एटीएम को उखाड़े जाने के समय उसमें चार लाख 95 हजार 600 रुपये की नगदी थी। ग्रामीणों के अनुसार पिछले दो वर्षों के दौरान इस एटीएम को अज्ञात बदमाशों द्वारा दो बार उखाड़ने की कोशिश की गयी थी, इस बार बदमाश एटीएम उखाड़ ले जाने में सफल हो गये। पुलिस ने बैंक प्रबंधन की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एटीएम को उखाड़ ले जाने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

# खुटपदर से लेकर जगदलपुर तक चार सूत्रीय पदयात्रा

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com





जगदलपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत खुटपदर से जगदलपुर संभाग मुख्यालय तक चार सूत्रीय मांगों को लेकर पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के पूर्व खुटपदर में मावली माता की पूजा अर्चना किया गया तदोपरांत कांग्रेस ध्वजा रोहण किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से दो घंटे विलंब से यह पदयात्रा प्रारंभ हुई जोकि खुटपदर से लेकर अलग-अलग स्थानों पर पदयात्रा का स्वागत किया गया। महावीर चौक में विजय वार्ड के रहवासियों ने गौतम पानीग्राही के नेतृत्व में स्वागत किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा खूंटपदर से जगदलपुर तक आयोजित छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा बड़े विशाल रूप में निकली है। न्याय यात्रा के मुख्य यात्री पीसीसी चीफ दीपक बैज का जगह जगह स्वागत किया जा रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा षड्यंत्रपूर्वक निरस्त की गई सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना की मांग, एनएमडीसी नगरनार स्टील प्लांट विनिवेशीकरण के विरोध, स्थानीय बेरोजगारों को एनएमडीसी में नौकरी देने, प्लांट से प्रभावित गांवों को सीएसआर राशि देने व एनएमडीसी का मुख्यालय जगदलपुर में लाने की मांग को लेकर कांग्रेस की नगरनार खूंटपदर से जगदलपुर तक विशाल छत्तीसगढ़ न्याय पदयात्रा निकाली गई है। रास्ते में जगह जगह दीपक बैज और अन्य कांग्रेस नेताओं का स्वागत किया गया। मंडिन चौक पर वार्ड पार्षद के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

# दुर्गकोन्दल में हो रहे विकास कार्यों का जिला सीईओ ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी ने जिले के सुदूर ब्लॉक दुर्गुकोन्दल में शासन की संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का एवं निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा की जा रही आजीविका गतिविधियों का अवलोकन किया जिसमें ग्राम पंचायत सुरूगदोह के मां ज्याला स्व-सहायता समूह की महिला की सदस्य उमेश्वरी धाकड़े द्वारा संचालित दुकान, मुर्गीपालन एवं बी.सी. सखी सतिला राना के द्वारा बैंकिग, ऑनलाईन सेवाएं एवं वित्तीय साक्षरता का से संबंधित गतिविधियों का अवलोकन किया। इसी तरह ग्राम पंचायत कोडेकुर्से के शीतला स्व-सहायता समूह के सदस्य द्वारा संचालित हार्डवेयर एवं किराना दुकान का अवलोकन किया व जानकारी ली तथा अन्य विभाग के साथ अभिसरण के माध्यम से लखपति दीदी बनने प्रोत्साहित किया कोडेकुर्से में पीएम श्री स्कूल का निरीक्षण किया। इसी तरह दुर्गुकोन्दल ब्लॉक मुख्यालय में मावा मोदौल कार्यक्रम के तहत स्वीकृत लाईब्रेरी का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि इससे स्थानीय छात्र-छात्राओं को विभिन्न ज्ञानवर्धक पुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने सभी विषयों की किताबें एक ही स्थान पर प्राप्त हो सकेगी। यह लाईब्रेरी ज्ञान, शिक्षा एवं सांस्कृतिक विकास का एक महत्वपूर्ण केन्द्र होगी। जिला पंचायत सीईओ द्वारा मावा मोदोल लाईब्रेरी का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् स्वीकृत आवासों के संबंध में जानकारी ली जिसमें जनपद सीईओ दूर्गुकोदल ने बताया कि आवास नींव स्तर पर 17, प्लींध स्तर पर 07, लिंटल स्तर पर 10 तथा अप्रारंभ 06 है जिस पर श्री मंडावी ने अप्रारंभ आवास को प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

# नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय को कर्मचारियों ने किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष और पार्षद की कार्यकाल 06 जनवरी को समाप्त हो गई हैं। वही किरंदुल नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मृणाल राय की कार्यकाल के पाँच वर्ष पूर्ण होकर होने पर एक यादगार पल के रूप में सोमवार नगर पालिका परिषद किरन्दुल कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा मृणाल रॉय को शॉल पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया गया।

# यूएस एंबेसडर टू इंडिया से मिली बस्तर की संगवारी

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



होटल साइट्रस में आयोजित मीटिंग में बस्तर जिले की गीता भारती को एरिक गार्सेटी (यूएस एंबेसडर टू इंडिया) से मुलाकात कर अपने कार्य को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। संस्था बस्तर सामाजिक जन विकास समिति के सचिव सुशील कुमार पाण्डेय् के द्वारा यह बताया गया की वर्त्तमान में परियोजना संगवारी बस्तर के पांच ब्लॉक के बस्तर, तोकापाल, दरभा, बकावंड और जगदलपुर में संचालित है। परियोजना 41 ग्रामों में कार्यरत ग्रामीण आदिवासी महिलाओं द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से क्रियान्वित है। मुलाक़ात के दौरान संगवारी गीता भारती द्वारा ग्रामों के चयन, ग्रामों के मानचित्र, प्रशिक्षण व क्षमता विकास के पश्चात् फ़ील्ड स्तरीय परिक्षण के प्रक्रिया एंव टेली परामर्श की जानकारी देते हुए किस प्रकार से आदिवासी महिलाओं द्वारा अपने आजीविका के साथ साथ ग्रामीणों को घर पहुँच स्वास्थ्य सेवा भी प्रदान की जा रही है। संगवारी गीता भारती द्वारा यूएस एंबेसडर की बी.पी और पल्स की जाँच भी की गई। एरिक गार्सेटी द्वारा परियोजना अंतर्गत ग्रामों के मौसमी कैलेंडर के प्रति रूचि जताई गई जिसमें ग्रामों के आय, व्यय, बीमारियों, पलायन और त्यौहार को महीनों के आधार पर चिन्हांकित किया जाता है। साथ ही एंबेसडर द्वारा खुशी उजागर करते हुए परियोजना द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई और टेली परामर्श सेवाओं को ए.आई एप्लीकेशन से भी जोड़े जाने का सुझाव दिया गया। यू.एस.एड के टी.बी एंड इन्फेक्शस डिसीस डिवीज़न हैड डॉ. अमर शाह द्वारा भी संगवारी गीता भारती से भेंट कर यह आश्वासन दिया गया की वे स्वयं परियोजना के क्रियान्वित ग्रामों में विजिट कर परियोजना की रुपरेखा को विस्तार से जान कर इसे नई बुलंदियों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही संगवारी परियोजना प्रबंधक इकाई हर्षिता गुप्ते और दामिनी चंद्राकर के द्वारा विगत 2 वर्षो से बेहतर तरीकों से जमीनी स्तर पर संचालित करने पर उनकी तारीफ़ कर उनके मेहनत को सराहा गया। मीटिंग का संचालन व आयोजन पीरामल स्वास्थ्य से छत्तीसगढ़ हैड डॉ अभिषेख गुप्ता व टीम के द्वारा किया गया।

# शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के छात्र अनिल गोटा अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीन जूडो प्रतियोगिता के लिये रवाना

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव बी ए प्रथम वर्ष के छात्र अनिल गोटा का चयन अखिल भारतीय अन्तर विविद्यालयीन जूडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। छात्र अनिल गोटा शहीद महेंद्र कर्मा विविद्यालय जगदलपुर (बस्तर) जूडो टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। अखिल भारतीय अन्तर विविद्यालयीन जूडो प्रतियोगिता दिनांक 09 से 12 जनवरी 2025 तक गुरुनानक देव विविद्यालय अमृतसर में आयोजित है। उक्त खेल प्रतियोगिता में पूरे भारत के सभी विविद्यालय की टीमें हिस्सा लेंगी। महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी एच आर यदु ने बताया कि हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सभी विविद्यालयीन खेलों का सितंबर माह से लगातार अभ्यास कराया जा रहा हैं जिसका परिणाम है कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का चयन राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओ में हो रहा है। खिलाड़ियों का लक्ष्य राज्य व राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर महाविद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सी आर पटेल एवं समस्त प्राध्यापक , कर्मचारियों , एवं छात्र/छात्राओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। महाविद्यालय के छात्र अनिल गोटा के चयन होंने से महाविद्यालय में हर्ष का माहौल हैं।

# हल्बा समाज देश निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया : सांसद महेश कश्यप



पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय हल्बा समाज और अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ बस्तर के तत्वाधान में निर्माणधिन सामुदायिक भवन ग्राम कालीपुर में आयोजित किया गया। शक्ति दिवस के रूप में बनाई जा रही इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि हल्बा क्रांति वीरों का इतिहास स्वर्णिम रहा है और देश निर्माण व स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा हल्बा बस्तर की मूल जनजाति हैं जो कि बस्तर में बतिशबहाना 84 पड़देवी देवताओं की पुरातन परंपरा है बस्तर रियासत में महत्वपूर्ण नायक के पद राजा द्वारा हल्बा को ही नियुक्त करने की परंपरा थीढ्ढ इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष टी आर रात्रे, उपाध्यक्ष आर एस सूर्यवंशी,आनंद खरे, सचिव के आर रात्रे सह सचिव एम आर राणा, ए के बालेंद्र के अलावा समाज के गणमान्य व्यक्ति व नागरिक भी थे।

# कोड़ेनार में एनएसएस के स्वयं सेवकों ने किया जल संरक्षण पर कार्य

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरन्दुल के स्वयं सेवकों द्वारा एनएसएस शिविर के पांचवें दिवस पर सोमवार जल संचय कर जल संरक्षण का कार्य किए।स्वयं सेवकों द्वारा नजदीक स्थित बहते नाले का पानी का मार्ग परिवर्तन कर जल संचय हेतु मार्ग का निर्माण किया गया व जल संरक्षण का महत्व को बताया कि भविष्य के लिए जल संरक्षण क्यों जरूरी है।साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामवासियों का मार्गदर्शन किया कि हम जल संचय कर बांध बनाकर कई ऐसे कार्य कर सकते है। जिससे गाँव का विकास हो सकता है। दोपहर भोजन पश्चात् बौद्धिक परिचर्चा एवं समीक्षा बैठक की गई। बौद्धिक चर्चा में पशु विभाग से सुरेन्द्र कुमार मरकाम द्वारा बच्चों को जानकारी दी गई। स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को नशा के दुष्परिणामों को बताया गया। शिविर का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी रत्ना वर्मा, सहयोगी परमेरी साहू एवं दिनेश चेलक के द्वारा किया गया।

## अबूझमाड मैराथन प्रमोशनल दौड़ का किया गया आयोजन

# मिनी मैराथन में युवाओं ने दिखाया अपना दमखम

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com




जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में अबूझमाड मैराथन अंतर्गत मिनी मैराथन 05 कि.मी. दौड़ का आयोजन किया गया। प्रमोशनल दौड़ में 1 से 5 वां स्थान प्राप्त करने वाले पांच पुरुष और पांच महिला वर्ग के विजेताओं को 5-5 हजार रुपये पुरस्कार वितरण किया गया। अबूझमाड़ मैराथन का द्वितीय प्रमोशनल 10 कि.मी. दौड़ का रविवार 19 जनवरी 2025 को प्रातः 5 बजे हाई स्कूल ग्राउण्ड नारायणपुर से आरंभ किया जायेगा माड़वासियों से प्रमोशनल दौड़ में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है।

मैराथन दौड़ में जिला नारायणपुर के अतिरिक्त आसपास के सरहदी जिलों से भी धावक शामिल हुए थे। मैराथन में लगभग 500 से अधिक संख्या में धावक भाग लिये थे। उक्त प्रमोशनल दौड़ में भाग लेने वाले धावक गण काफी उत्साहित एवं आनंदित थे। सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम, पंकज जैन विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी, व्यापारी संघ, सामाजिक पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, डी एफ ओ सशिगानंदन, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, एडिशन एसपी सुशील कुमार नायक, ऐर्य चन्द्राकर, प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में 5 किलोमीटर प्रमोशनल दौड़ में भाग लेने वाले धावको को हरी झण्डी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया गया। प्रमोशनल दौड़ के शुभारंभ के दौरान सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा धावकों को बताया गया कि फरवरी 2025 को बहुप्रतीक्षित अबूझमाड़ हॉफ मैराथन दौड़ में देश विदेश एवं अन्य राज्यों से प्रतिभागी आयेंगे जो बस्तर वासियों तथा देश-विदेश से आने वाले धावकों को दिये जाने वाली पुरस्कार राशि में समानता रखी जायेगी। ईनाम राशियों में किसी प्रकार से कोई भिन्नता नहीं होगी। फरवरी 2025 को होने वाले ''अबूझमाड़ हॉफ मैराथन'' में बस्तर अंचल एवं स्थानीय अंदरूनी माड़ क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागियों को भाग लेने की अपील किया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि मान्यता प्राप्त सफल मैराथनों की सूची में अबूझमाड़ मैराथन को भी स्थान दिलाये जाने का पूरा प्रयास रहेगा। मैंराथन दौड़ का रूट चार्ट हाई स्कूल ग्राउण्ड नारायणपुर से प्रारंभ होकर शहर के सुभाष चौक, सोनपुर रोड, चांदनी चौक, जगदीश मंदिर, बखरूपारा, जय स्तंभ चौक, पुराना बस स्टैंड चौक से होते हुए वापस हाई स्कूल ग्राउण्ड पहुंचे। दौड़ में धावकों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राए, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय ग्रामीण सहित अन्य गणमान्य नागरिकगण भाग लिये थे। मिनी मैराथन में युवाओं ने अपना दमखम दिखाया। जिला एवं पुलिस प्रशासन के तत्वावधान में अबूझमाड़ पीस मैराथन 2025 के अंतर्गत आयोजित 5 किलोमीटर मिनी मैराथन में पुरुष और महिला वर्ग के प्रथम पांच-पांच विजेताओं कुल 10 विजेताओं को 5-5 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

**पुरुष वर्ग विजेता-** तिजू पुजारी निवासी सोनपुर . 16:27 मिनट, लक्ष्मण पोयाम निवासी ओरछा . 16:48 मिनट, बिरसिंह सलाम निवासी भैसगांव . 16:51 मिनट, भुनेर यादव निवासी केरलापाल . 16:53 मिनट, रामपत वड्डे निवासी कोरेंडा . 16:56 मिनट और **महिला वर्ग विजेता-** सोनदई गोटा निवासी नयानार 19:37 मिनट, रीना उइके निवासी कापसी 19:49 मिनट, भूमिका देवांगन निवासी नारायणपुर 20:10 मिनट, कुंती गोटा निवासी कटुलनार 21:12 मिनट, हर्षिता नाग निवासी नारायणपुर 21:13 मिनट। अबूझमाड़ मैराथन का द्वितीय प्रमोशनल 10 कि.मी. दौड़ का रविवार दिनांक 19 जनवरी 2025 को प्रातः 5 बजे हाई स्कूल ग्राउण्ड नारायणपुर से आरंभ किया जायेगा। माड़वासियों, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधि/कर्म., पत्रकारगण, गणमान्य नागरिकगण को उक्त प्रमोशनल दौड़ में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है।

# मेनपेक सेट चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** पुलिस अधीक्षक आईके ऐलिसेला के निर्देशन पर संदीप पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर, पखांजूर डॉ. प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर रवि कुमार कुजूर, अविनाश ठाकुर के पर्यवेक्षण में थाना बांद के अपराध क्रमांक 01/25 धाराः- 457,380 भादवि के आरोपी जितेन्द्र दुबे पिता स्व0 ललित दुबे उम्र 34 वर्ष साकिन हाउसिंग बोर्ड कालोनी एलआईजी 1/14 कोहका थाना जामुल जिला दुर्ग (छ.ग) को पकड़कर थाना लाया गया पूछताछ करने पर बताया कि माह अक्टूबर 2020 में पुलिस लाईन दुर्ग से पुलिस लाईन कांकेर जिला कांकेर प्रायवेट इनोवा को लेकर आया था पुलिस लाईन कांकेर से फोर्स सिफ्टींग डियूटी में बीएसएफ कैंप बांदे वाहन लेकर आया था, बीएसएफ कैंप थाना बांदे के अंदर अपने मोबाईल चार्जिंग के बहने बीएसएफ वालो के एक कमरा में गया था उस समय उस कमरा में बहुत सारा मेनपेक सेट चार्जर टेबल में चार्जिग में रखा था जिसे चोरी करने की नियत से निकाल कर छुपाकर अपने पास रखा था।

# बाहरी व्यक्तियों को थाने मे देना होगा थम्ब इम्प्रेसन अवैध ढाबा संचालन एवं अतिक्रमण की होगी जांच

## जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की उपस्थिति मे मे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे मादक द्रव्यों के अवैध भण्डारण एवं बिक्री पर रोकथाम से सम्बंधित जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे अपराधों एवं अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के रोकथाम हेतु बाहरी व्यक्तियों जैसे फेरीवाले एवं जड़ी बूटी बेचने वाले को सम्बंधित थाने मे अपना थम्ब इम्प्रेसन देने तथा अवैध रुप से संचलित ढाबों एवं उनके द्वारा अतिक्रमण की जाँच करने सम्बंधितों को निर्देश दिए गए। कलेक्टर सोनी ने कहा कि नेशनल हाइवे एवं स्टेट हाई वे किनारे बिना अनुमति के संचालित, अवैध शारब बिक्री एवं शासकीय जमीन पर अतिक्रमण करने वाले ढाबों की जाँच के लिए राजस्व, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम गठित करें और सूची तैयार करें। बिना अनुमति के ढाबा संचालन नहीं होने देना है। उन्होंने अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए हॉट-स्पॉट चिन्हित करते हुए उन क्षेत्रों मे विशेष कार्यवाही अभियान चलाने आबकारी विभाग के अधिकारियो को दिए। उन्होने सूचना तंत्र मजबूत करने मैदानी अमलों को सक्रिय करने के लिए कोटवार, पटेल, मितानिन ट्रेनर, भारतमाता वाहिनी के सदस्यों को सक्रिय करने कहा। इसके साथ ही नशे के खिलाफ जनजागरूकता कार्यक्रम मे सामाजिक संगठनों एवं सिविल सोसाइटी की सहभागिता सुनिश्चित कराने कहा। पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने सभी ढाबों एवं उनके पार्किंग एरिया मे सीसीटीवी कैमरा लगाने ढाबा संचालकों को निर्देशित करने कहा ताकि किसी घटना से सम्बंधित साक्ष्य आसानी से प्राप्त हो सके और अपराधी की गिरफ़्तारी हो सके। उन्होंने कहा कि अवैध शराब फैक्ट्री पर कार्यवाही की जा रही है तथा दोषियों की सम्पति की जब्त करने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के लाइसेंस निरस्त करने परिवहन विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने कहा। बैठक मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, सभी एसडीएम एवं सम्बंधित विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# निगम के सभी विभागों में पहुंचकर अधिकारी, कर्मचारियों को सहयोग के लिए विजय मोटवानी ने धन्यवाद कहकर माना आभार

**निचले स्तर के कर्मचारीयों ने भावुक होकर रूंधे स्वर से कहा पद नहीं संबंध है महत्वपूर्ण**

**निगम के साथ-साथ यहां के सारे लोग है मेरे पारिवारिक सदस्य कहते हुवे राजेंद्र शर्मा ने ली विदाई**

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com




नगर निगम के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद वहां प्रशासक के नियंत्रण के साथ ही कामकाज निगम के अधिकारी, कर्मचारियों के हाथों में आ गया। वहीं कार्यकाल के अंतिम दो दिवस शनिवार, रविवार अवकाश हो जाने के कारण कार्यालय खुलते ही नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा तथा जनहित के लिए सदैव मुखरता के साथ अपनी बात रखने वाले आमापारा वार्ड के पूर्व पार्षद विजय मोटवानी सभी विभागीय कार्यालय में पहुंचकर उपस्थित कर्मचारियों अधिकारियों को 5 साल तक किए गए सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने भी कहा कि पद तो आते रहता है। लेकिन संबंद्ध स्थाई होता है। हम सब भी आप सबके साथ संबंधों की डोर में हमेशा बंधे रहकर शहर को अपनी सेवा प्रदान करने तत्पर रहेंगे।

वही निगम के प्रत्येक महत्वपूर्ण गतिविधियों को संचालित करने में अपनी महती सेवा प्रदान करने वाले निचले स्तर के कर्मचारीगण काफी भावुक हो गए थे तथा उन्होंने रूंधे स्वर में कहा जनप्रतिनिधियों का हम सब के प्रति इस कार्य और व्यवहार ने वास्तव में हमें कार्य करने के लिए आगे प्रोत्साहित करता रहेगा। वही एक लंबे समय तक निगम के जनप्रतिनिधि के रूप में शहर को सेवा प्रदान करने वाले राजेंद्र शर्मा ने सभी को अपना पारिवारिक सदस्य बताते हुए फिर एक बार उनके साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने की बात कहते हुए सभी से अलविदा कहा।

# प्राचार्य पदोन्नति, प्रस्ताव शिक्षा मंत्रालय द्वारा लोक सेवा आयोग को प्रेषित

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



**प्राचार्य पदोन्नति पिछले 10 वर्षों से थी लंबित**

17 दिसंबर को प्राचार्य पदोन्नति फोरम के बैनर पर प्रदेश सभी मिडिल प्रधान पाठक, नियमित व्याख्याता, व्याख्याता एलबी, उच्च वर्ग शिक्षक और एलबी वर्ग 2 ने अनिल शुक्ला प्रांतीय संयोजक शासकीय कर्मचारी अधिकारी महासंघ एवं संयुक्त मोर्चा तथा माध्यमिक प्रधान पाठक प्रांतीय संयोजक रामाकांत झा, मलखंब वर्मा, व्याख्याता संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा के सामूहिक नेतृत्व में इंद्रावती भवन, संचालक शिक्षा का तथा प्रमुख शिक्षा सचिव कहां घेराव कर/संघर्ष कर इंद्रावती एवं महानदी भवन नया रायपुर में सफल प्रदर्शन किया था। छग शासकीय कर्मचारी अधिकारी महासंघ एवं संयुक्त मोर्चा धमतरी के जिला संयोजक दीपक शर्मा, महासचिव संजय नारंग, मनोज वाधवानी, आर एन टंडन स्वास्थ्य कर्मचारीसंघ, रजत शिंदे, रमेश देवांगन, कोषाध्यक्ष महासंघ, लिपिक वर्गीय संघ, अनुदान प्राप्त संघ हेमंत ठाकुर, प्रकाश पवार, शिक्षक कांग्रेस के दिनेश सोनकर, पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष वासुदेव भोई ने जारी संयुक्त विज्ञप्ति में बताया कि इंद्रावती और महानदी भवन में धरना आंदोलन के सफल प्रदर्शन के दबाव के कारण विगत दस वर्षों से प्राचार्य पद की रुकी हुई पदोन्नति की प्रक्रिया तीव्र गति से शुरू हुई और प्राचार्य पदोन्नति का प्रस्ताव लोक सेवा आयोग को 30 दिसंबर को डीपीसी के लिए स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय से भेज दिया गया। 3 जनवरी को मंत्रालय में प्राचार्य पदोन्नति फोरम के द्वारा स्कूल शिक्षा सचिव सिद्दार्थ कोमल सिंह परदेशी, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ बसव राजू एवं अवर सचिव आर पी वर्मा एवं आशुतोष चावरे उपसंचालक लोक शिक्षण संचालनालय को अनिल शुक्ला प्रांताध्यक्ष शिक्षक कांग्रेस, राकेश शर्मा प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ, श्याम कुमार वर्मा प्रांतीय संयोजक वरिष्ठ व्याख्याता संघ एवं आर के झा प्रांतीय संयोजक माध्यमिक विद्यालय प्रधान पाठक मंच के द्वारा, प्राचार्य पदोन्नति की सूची लोक सेवा आयोग को दिए जाने पर राज्य शासन और प्रमुख शिक्षक को साधुवाद दिया है तथा नव वर्ष की बधाई एवं धन्यवाद दिया गया।

# फोटोयुक्त मतदाता सूची का किया गया अंतिम प्रकाशन

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र सिहावाए कुरूद एवं धमतरी के फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य कराया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने बताया कि इसके तहत 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक सभी मतदान केन्द्रों में बूथलेबल अधिकारियों के माध्यम से मतदाताओं का नाम जोड़नेए विलोपित करने एवं संशोधित करने की कार्यवाही की गई। इस क्रम में ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई है या शादी, विवाह अथवा अन्य कारणों से मतदान केन्द्र के अंतर्गत निवास नहीं करते हैं, उन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से विलोपन करने की कार्यवाही की गयी। इस कार्य में सहयोग हेतु 16 अगस्त एवं 29 अक्टूबर 2024 को राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक भी ली गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 09 नवम्बर शनिवार एवं 10 नवम्बर रविवार, 16 नवम्बर शनिवार तथा 17 नवम्बर रविवार को सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविरों का भी आयोजन किया गया। इस प्रक्रिया के दौरान अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के अतिरिक्त शेष अर्हता तिथि 01 अप्रैल 2025ए 01 जुलाई 2025 एवं 01 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाताओं के भी आवेदन प्राप्त किये गये। महाविद्यालयों में विशेष शिविरों का आयोजन भी किये गये। आयोग के निर्देशानुसार प्राप्त दावा.आपत्तियों का निराकरण 24 दिसम्बर 2024 तक किये गये एवं 06 जनवरी 2025 को फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया। मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतीकरण की जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले में 29 अक्टूबर को प्रारंभिक प्रकाशन के समय मतदाताओं की संख्या 6 लाख 33 हजार 382 थीए जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 3 लाख 10 हजार 835, महिला मतदाताओं की संख्या 3 लाख 22 हजार 538 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 9 थी। अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 43 हजार 443 हैं। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 3 लाख 14 हजार 875 है। महिला मतदाताओं की संख्या 3 लाख 28 हजार 562 हैं तथा तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 6 हैं। अंतिम प्रकाशन के समय मतदाताओं सख्या में एक लाख 61 वृद्धि हुई। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या में 4 हजार 40 वृद्धि हुईए जबकि महिला मतदाताओं में 6 हजार 24 वृद्धि हुई तथा तृतीय लिंग मतदाताओं में 3 की कमी आई है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत जोड़े गये मतदाताओं की संख्या 16 हजार 654 तथा कुल विलोपित किये गये मतदाताओं की संख्या 6 हजार 593 है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के तहत् 29 अक्टूबर 2024 की स्थिति में 18.19 आयु वाले मतदाताओं की संख्या 12 हजार 22 थी तथा 06 जनवरी 2025 की स्थिति में 16 हजार 968 हो गयी है। जिसमें 4 हजार 946 मतादाताओं की संख्या में वृद्धि हुई। इसी तरह 20.29 आयु वाले मतदाताओं की संख्या 29 अक्टूबर की स्थिति में एक लाख 39 हजार 806 थी। जो कि 06 जनवरी 2025 की स्थिति में एक लाख 46 हजार 515 हो गयी है।

# पीएम जनमन योजना से गरियाबंद को 4 नये छात्रावासों की सौगात

*धवलपुर, जिडार, जुगाड़ एवं पीपरछेड़ी में बनेगा सर्वसुविधायुक्त छात्रावास*

**गरियाबंद।** गरियाबंद के वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजातियों के बच्चों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गरियाबंद प्रवास के दौरान केन्द्र सरकार की विशेष योजना 'पीएम जनमन' के तहत 4 नये छात्रावास भवनों का शिलान्यास किया। ये छात्रावास धवलपुर, जिडार, जुगाड़ और पीपरछेड़ी में बनाए जाएंगे। इन छात्रावासों को पूर्ण करने के लिए 10 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि वनांचल गरियाबंद जिले में कमार विशेष पिछड़ी जनजाति निवास करती है। इन वर्गो के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए पीएम जनमन योजना के तहत इन छात्रावासों का निर्माण किया जा रहा है। इससे इन वर्गों के बच्चों की पढ़ाई निरंतरता आएगी। साथ ही वे अपने बेहतर कैरियर का भी निर्माण कर सकेंगे। पीएम जनमन योजना के तहत बनाए जाने वाले ये छात्रावास सर्वसुविधायुक्त होंगे। इन छात्रावासों में पुस्तकालय एवं कंप्यूटर कक्ष का भी निर्माण किया जाएगा।

# शासन सहायक शिक्षकों को बर्खास्त न कर अतिशीघ्र खाली पदों में समायोजन का रास्ता निकाले : ध्रुव




**धमतरी।** बस्तर एवं सरगुजा संभाग के तीन हजार बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षको के साथ कड़कड़ाती ठंड में कई माताएं छोटे-छोटे दुधमुहे बच्चों को लेकर अपनी सेवा सुरक्षा की मांग की पूर्ति के लिए अंबिकापुर से रायपुर पदयात्रा करते हुए तुता धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं।

उनके जायज मांगों का समर्थन करते हुए अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष आर एन ध्रुव द्वारा धरना स्थल पर जाकर समर्थन दिए। इस अवसर पर उन्होंने सहायक शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे जीवन भर तैयारी करने के बाद व्यापम के माध्यम से आप सभी लाखों लोगों में से चयनित होकर आए हैं। कई लोगों ने इस पद में आने के लिए अन्य नौकरियां को छोड़ें, व्यापार व्यवसाय छोड़ें हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा टर्मिनेशन आदेश निकालकर आप लोगों को सड़क पर लाकर छोड़ दिए हैं। ध्रुव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कई हजार शिक्षकों के पद खाली है।

शासन से मांग करते हुए कहा कि इन सहायक शिक्षकों को पद से बर्खास्त न कर अतिशीघ्र इन खाली पदों में समायोजन का रास्ता निकालना चाहिए।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश, ऑनलाईन आवेदन 15 जनवरी तक

**धमतरी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2025.26 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी तक निर्धारित की गई है। सहायक आयुक्त एवं सचिव जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति ने बताया कि इसके लिए प्रवेश परीक्षा 16 फरवरी को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जिला मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के इच्छुक विद्यार्थियों के द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीहए नगरी में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन फॉर्म निर्धारित तिथि 15 जनवरी तक कर सकते हैं। इस संबंध में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है। परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी राज्य के वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ 11 जनवरी को

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ मनाने का आग्रह किया

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्री रामलला सरकार के श्री विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ 11 जनवरी को मनाई जाएगी। यह दिन प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाया जाएगा। साल 2024 में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को हुई थी। साल 2024 में 22 जनवरी को पौष शुक्ल द्वादशी थी, जबकि साल 2025 में यह तिथि 11 जनवरी को है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक रामलखन गजेंद्र एवं नगर कार्यवाह गौरव मगर ने बताया अपने धमतरी नगर में विभिन्न संस्था, संगठन, समाज के कार्यक्रम इस दिन आयोजित है। आप सभी ज्येष्ठ, श्रेष्ठ प्रबुद्धजन, समाज प्रमुख, धार्मिक संगठन, सांस्कृतिक संगठन, राजनीतिक संगठन मातृशक्ति, युवाशक्ति एवं नगर के सभी गणमान्य नागरिक से आग्रह है गतवर्ष की भाँति इस वर्ष भी अपने धमतरी नगर में यह दिन उत्सव की तरह मनाया जाये। सभी बस्ती में राग सेवा, बधाई गान, रामचरितमानस का संगीतमय पाठ, राम कथा, रामचरितमानस पर प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्री राम के प्रसाद का वितरण हो। प्रत्येक घर दीपावली की तरह रोशनी, दीप प्रज्वलन, रंगोली इत्यादि कर सजाया जाये। यह जानकारी नगर प्रचार प्रमुख उमेश वशिष्ठ ने दी।

# मुख्यमंत्री से भेंट करने पहुंचे ब्राम्हण समाज प्रतिनिधि मंडल

**धमतरी।** तहसील ब्राह्मण समाज धमतरी का एक प्रतिनिधि मंडल पूर्व विधायक रंजना साहू के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंटकर ब्राह्मण समाज की सोरिद स्थित भूमि पर भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करने की मांग रखी गई, जिसे मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त करते हुए सामाजिक भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृति पर अपनी सहमति प्रदान की। ब्राह्मण समाज प्रतिनिधि मंडल में जानकी प्रसाद शर्मा, भूपेंद्र मिश्रा, सूर्यकांत तिवारी, विनोद कुमार पांडेय, आकाश पांडेय एवं वैभव तिवारी शामिल थे।

# युवा यूथ फेस्टिवल, मित्र मंच द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



युवा यूथ फेस्टिवल, युवा मित्र मंच और समस्त ग्रामवासी देमार के द्वारा राज्य स्तरीय महिला और पुरुष कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी दीपक सिंह ठाकुर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय अधिकारी मोहनलाल साहू, नामदेव राय, रिंकू सेन, हेमराज सोनी, जतिन देवांगन, गोपाल साहू, डब्लू पटेल उपस्थित रहे। दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि आजकल के बच्चे, युवा सभी लोग मोबाइल के आने से फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब में व्यस्त रहते है जिससे मानसिक विकास होता है, लेकिन विकृति भी आ रही है। लोग खेल के मैदान को भूल गए हैं। इस प्रकार के आयोजन से शारीरिक और मानसिक के साथ सर्वांगीण विकास भी होता है। तंदुरुस्त शरीर स्वस्थ मन के लिए खेल भी आवश्यक है। हमारी जो पुरातन खेल खो.खोए कबड्डी यह सब लोग अब भुल रहे हैं। आप सभी ग्राम वासियों के सहयोग से इस प्रकार का आयोजन हमारे नव युवा पीढ़ी के लिए देशभक्ति राष्ट्रभक्ति जगाने का एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मोहन साहु ने कहा है कि मातृशक्तियों का कबड्डी खेल का आयोजन हम सबके लिए बहुत ही सुखद अनुभव है। पुरुषों का कबड्डी का प्रतियोगिता का आयोजन तो होता है लेकिन हमारी माता बहनों के लिए बहुत ही अच्छा अवसर है। हमें भी माताओ बहनों के खेल की प्रतिभा को आगे लाने का इस प्रकार का अवसर ढूंढना चाहिए और इसके लिए सभी ग्रामवासी धन्यवाद के पात्र हैं। माताओं ए बहनों के उत्साहवर्धन उसके खेल प्रतिभा को आगे लाने के लिए आप सब ने इस प्रकार का आयोजन किया बहुत बहुत शुभकामनाएं। जननी और जन्मभूमि स्वर्गादपि गरीयसी मां और हमारी यह मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है और इसकी रक्षा सुरक्षा करना हमारी जवाबदारी है। मातृशक्तियों के खेल आयोजन हम सबके लिए बहुत सुखद है। आयोजक समिति शीतकुमार, जितेंद्र, मनोज, लोकेश सोनवानी, तुकाराम, बसंत मीनपाल, दिनेश, हिरेंद्र, खिलावन, चेतन एवं समस्त आयोजन उपस्थित रहे।

# राधा माधव आश्रम मुरमुरी में सरायपाली अंचल के सैकड़ो पंडित पुजारियों द्वारा गोष्ठी का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



राधा माधव आश्रम मुरमुरी में सरायपाली अंचल के सैकड़ो पंडित पुजारियों द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो पंडित पुजारी सम्मिलित हुए । यहां विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई, तत्पश्चात समस्या के निराकरण के लिए समिति का गठन भी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राधा माधव आश्रम मुरमुरी में आयोजित विचार गोष्ठी में क्षेत्र के सैकड़ो पंडित, पुजारी, सेवादारों ने मंदिर के नाम पर दर्ज भूमि में उत्पादित धान इत्यादि फसल विक्रय एवं पंडित पुजारियों को सम्मान निधि प्रदान करने विषयक चर्चा उपरांत आगामी दिनों में इन समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार से भेंट कर समस्याओं का निराकरण करने की दिशा में सार्थक पहल करने विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से एक समिति का गठन कर नेहरू लाल आचार्य नवापाली को अध्यक्ष, प्रकाश महापात्र मोहगांव उपाध्यक्ष, ऋतुराज नंदे चारभाठा उपाध्यक्ष, प्रमोद त्रिपाठी सचिव बोंदा को चुना गया। तत्पश्चात कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रमेश महापात्र चारभाठा, मुरलीधर महापात्रा नवापारा, खिरोद्र त्रिपाठी प्रेतेनडीह, कैलाश महापात्र गिरसा, इंद्रजीत उपाध्याय कनकेवा तथा सलाहकार मंडल में बाबूलाल महापात्र जलगढ़, कुलमणी गिरी रुड़ा, गोवर्धन पाणिग्रही छिंदपाली, लाल बिहारी बंदलीमाल एवं विष्णु दास भंवरपुर को चुना गया। बैठक में निर्णय किया गया कि सरायपाली, बसना, पिथौरा विकासखंड अंतर्गत गांव गांव में स्थित मंदिरों के पंडित, पुजारी एवं सेवादारों सर्वराकारों को एकत्रित कर एक वृहद समिति बनाकर विस्तृत कार्य योजना के साथ जिला प्रशासन एवं राज्य शासन के समक्ष अपनी मांगों को रखा जाएगा।

बैठक में कमल त्रिपाठी गौरटेक सहित 137 पंडित पुजारी सेवादारों की उपस्थिति रही। उक्त जानकारी श्री राधा कृष्ण मंदिर बरतियाभांठा के करुणाकर उपाध्याय ने दी।

# लक्ष्य छत्तीसगढ़ द्वारा नवोदय प्रवेश परीक्षा पूर्व मॉक टेस्ट आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ पाटन
www.dailypioneer.com

भारत सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण क्षेत्र के माधवी छात्रों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नवोदय विद्यालय खोला गया है। इस नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित नवोदय प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी 2025 आयोजित है। लक्ष्य छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ राज्य शासन के एक पंजीकृत संस्था है। लक्ष्य छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष एफआर वर्मा के मार्गदर्शन एवं गुना राम चंदेल के नेतृत्व तथा किशोर कुमार वर्मा संरक्षण के मार्गदर्शन में विगत 5 वर्षों से लक्ष्य छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में लगातार मॉक टेस्ट आयोजित किया जा रहा है। बच्चों को एक बेहतर और शैक्षणिक वातावरण मिले इस उद्देश से क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर मॉक टेस्ट को परीक्षा आयोजन कर बच्चों को परीक्षा का अभ्यास, ओएमआर शीट का भरना, समय प्रबंधन कौशल सीखना प्रमुख हैं। विगत वर्ष 2023-24 में विभिन्न जिलों में स्थित नवोदय विद्यालय में 84 बच्चों का कक्षा छठवीं में दाखिला हुआ था। इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ के



विभिन्न जिलों में 19 केन्द्रों में नवोदय प्रवेश परीक्षा से पूर्व मॉक टेस्ट आयोजित किया जा रहा है जिसमें लगभग 1600 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। लक्ष्य छत्तीसगढ़ के कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंगौर ने बताया कि जिला दुर्ग के बच्चों को नवोदय की तैयारी के उद्देश्य से बीते रविवार को पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम सांकरा, पाटन दुर्ग में परीक्षा का आयोजन किया गया। दुर्ग के विभिन्न क्षेत्र जिनमें पाटन से 1, दुर्ग से 1 खुड़मुड़ी से 12, मोतीपुर से 5, खम्हारिया से 3, रायपुर से 2, सांकरा से 7, झीट से 3 एवं रूही से 1 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया इस प्रकार प्रवेश मॉक टेस्ट में 35 बच्चों ने भाग लिया। परीक्षा परीक्षार्थियों ने उत्साह के साथ एवं रुचि लेते हुए अपने प्रतिभा को निखारने एवं अधिक से अधिक नंबर प्राप्त करने का अत्यधिक प्रयास कर रहे हैं। ग्राम सांकरा के केंद्र से विगत वर्ष तीन बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय प्रवेश में हुआ था। परीक्षा केंद्र में विशेष सहयोग के लिए खुड़मुड़ी के शिक्षक चुम्मन लाल सिन्हा, केंद्राध्यक्ष शकुमारी कंचन सिंगौर तथा कुमारी उजाला सिंगौर द्वारा संपन्न किया गया। परीक्षा उपरांत उपस्थित छात्र-छात्राओं के पालकगण को भी अच्छे नंबर प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन किया गया।

परीक्षा परिणाम घोषित होने पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय अधिक अंक प्राप्त हुए ले बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया? पालको ने कहा कि इस तरह की परीक्षा से बच्चों में प्रतियोगिता परीक्षाओं के प्रति उत्साह बढ़ता है और हम सब पालकों को एक नए-नए शिक्षा नीति की जानकारी होती है। लक्ष्य कोषाध्यक्ष सिंगौर ने बताया कि जो भी नवोदय प्रवेश परीक्षा में फॉर्म भरे हैं वे बच्चे नवोदय प्रवेश परीक्षा मॉक टेस्ट के अंतिम परीक्षा दिनांक 12.1.2025 को सम्मिलित हो सकते हैं जिनके लिए मोबाइल नंबर 99264 77 9902 से संपर्क कर सकते हैं।

# प्रत्येक सोमवार को जोन में नवीन राशन कार्ड वितरित किया जा रहा

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सभी पांचो जोन में नवीन राशनकार्ड प्रत्येक सोमवार को कापरेटिव दुकान के संचालको एवं निगम कर्मचारियो द्वारा वितरित किया जा रहा है। इससे स्थानीय वार्ड के राशन कार्डधारियो को फायदा हो रहा है। सभी लोग आवश्यकतानुसार आकर जोन कार्यालय से नवीन राशन कार्ड प्राप्त कर रहे है। यह शिविर सुबह 11 से 4 बजे तक लगाया जा रहा है। जिसमें हितग्राही अपने पुराने राशन कार्ड को लाकर नवीन राशन कार्ड प्राप्त कर रहे है। निगम क्षेत्र में कुल 172 शासकीय राशन दुकान संचालित हो रही है। निगम भिलाई क्षेत्र में कुल राशन कार्डधारियो की संख्या 88065 है, जिसमे से 49101 नवीन राशन कार्ड वितरण किया जा चुका है 38964 राशन कार्ड वितरण हेतु शेष है। सभी राशन दुकानों में नवीन राशन कार्ड बनाकर रखा गया है, बहुत से हितग्राही अपना नवीन राशन कार्ड नही ले गये है। उनकी सुविधा के लिए निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने प्रत्येक सोमवार को निर्धारित समय पर राशन कार्ड वितरित करने का शिविर जोन कार्यालय में निर्देशित किये थे। इसी के परिपेक्ष्य में राशन कार्ड वितरित किया जा रहा है, जिसका लाभ राशन कार्डधारी उठा रहे है। सभी राशन कार्डधारियो को अपना पुराना राशनकार्ड नवीनीकरण कराना आवश्यक है। बाद में पुराने राशन कार्ड पर राशन मिलना बंद हो सकता है। शासन द्वारा यह सुविधा दी गई है कि हितग्राही अपनी सुविधा अनुसार किसी भी सरकारी राशन दुकान से राशन प्राप्त कर सकता है।

लेकिन उसे अपना नवीन राशन कार्ड लेने के लिए अपने पुराने शासकीय राशन दुकान पर जाना आवश्यक है। वहीं से नवीन राशन कार्ड प्राप्त होगा। एक बार प्राप्त हो जाने के बाद फिर किसी भी राशन दुकान से अपनी सुविधा अनुसार राशन प्राप्त कर सकते है।

# पेंशन कोई एहसान नहीं, ये पिछली सेवाओं का भुगतान वरिष्ठ नागरिकों का समाज उन्नति में बड़ा योगदान

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की दुर्ग जिला शाखा द्वारा हीरक जयंती पूर्ण कर चुके वरिष्ठ पेंशनर्स का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया। जीवन के 75 वर्ष पूर्ण कर चुके पांच वरिष्ठ का सम्मान केशरी नन्दन हनुमान मंदिर मीनाक्षी नगर, दुर्ग में किया गया। सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों गजानन्द वर्मा, कुंवर सिंह सिन्हा, घनश्याम सोनी, सेवाराम दिल्लीवार एवं राजेन्द्र कुमार तिवारी का शाल-श्रीफल और पुष्प मालाओं से आत्मीयतापूर्ण सम्मान किया गया। अध्यक्ष बी.के.वर्मा, सचिव पी.आर.साहू और उच्च शिक्षा प्रभारी प्रो.महेश चन्द्र शर्मा ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का



शुभारंभ किया। आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने ज्ञानवृद्ध, विवेक वृद्ध, अनुभव वृद्ध और वयोवृद्ध को महत्वपूर्ण बताया। समाज में वरिष्ठ नागरिकों की महत्ता को भी डॉ. शर्मा ने रेखांकित किया। देश को इनके सहयोग और आशीर्वाद की हमेशा ज़रूरत रहेगी। अध्यक्ष बी.के.वर्मा ने पांचों सेवानिवृत्त अधिकारियों - कर्मचारियों का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्रालय के रिटायर्ड अधिकारी डी.एस.नाकरा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश यशवंत विष्णु चंद्रचूड़ ने 17 दिसम्बर 1982 में फैसला सुनाया था कि पेंशन नियोक्ता की इच्छा पर आधारित कोई कृपा या अनुग्रह नहीं है। यह तो अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा की गयी पिछली सेवाओं का भुगतान है। कार्यक्रम का संचालन बी.के.शर्मा ने किया। मौके पर पी.एन. साहू, एन.के. देशमुख, बी.आर. साहू, जगमोहन सिन्हा, पी.एस.बघेल एवं डी.पी. दिल्लीवार समेत बड़ी संख्या में पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्य गण उपस्थित थे।

# ज्ञान ज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती बुद्ध भूमि कोसा नगर परिसर में मनाई गई

## याद किया महिला शिक्षा के क्षेत्र में सावित्री बाई का योगदान

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

बुद्ध भूमि कोसा नगर भिलाई में भीमाई महिला मंडल के नेतृत्व में देश की प्रथम शिक्षिका ज्ञान ज्योति सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा के पास उनकी जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर सावित्रीबाई फुले, माता रमाई, ज्योतिबा फुले, सम्राट अशोक, डॉ बाबासाहेब अंबेडकर और तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए और मोमबत्ती और अगरबत्ती जलाकर वंदना की गई। बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष आयुष्मान नरेंद्र शेन्डे ने स्वागत उद्बोधन में सावित्रीबाई फुले के नारी उत्थान और समाज कल्याण के कार्यों के बारे में बताया और उपस्थित जनता का आभार प्रकट किया। उपस्थित वक्ताओं में नेकराम



रामटेके, डॉक्टर अरविंद चौधरी, विजय बोरकर, प्रेरणा धाबर्डे और महिला समिति की अध्यक्ष दानशीला रामटेके ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता में किए कार्यों का जिक्र किया। गीतेश्वरी रामटेक ने सावित्रीबाई फुले के कार्यों को दर्शाते हुए एक गीत प्रस्तुत किया। समारोह का संचालन सचिव ज्ञानचंद टेंभुर्णीकर ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रितेश पाटील तथा रंजू खोबरागड़े ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर उदय धाबर्डे, जयंत खोबरागड़े, घनश्याम गणवीर, दिग्विजय मेश्राम, प्रिया मेश्राम, कोमल चंद्रिकापुरे, मंजूषा मेश्राम, मंगला रामटेके, नेहा कोल्हाटकर, अनिता गुर्दे, विजेता मेश्राम, अश्वनी कोल्हाटकर, लक्ष्मी मेश्राम, किरण गजभिए, संगीता रामटेके, विनीता भालेकर बीआर भालेकर, संकेश अनिल जोग, विकास सापेकर सहित समता सुरक्षा सेना की टीम, बौद्ध कल्याण समिति की टीम तथा दुर्ग भिलाई के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# डाइट के लेखापाल अमिंदर भारती ने गिरौदपुरी धाम में लगाए 10 सीलिंग पंखे

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के लेखापाल अमिंदर भारती ने महान संत गुरु घासीदास जी की जन्मस्थली एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में 10 सीलिंग पंख लगवा कर बहुत ही सुंदर और अनुकरणीय कार्य किया है। उन्होंने यह सीलिंग पंखा बाबा जी की तपोभूमि में कल अपने चार मित्रों थलज कुमार साहू व्याख्याता डाइट, राजकुमार वर्मा व्याख्याता डाइट, नागेंद्र शर्मा लेखापाल डाइट, रोहित सेन सहित जाकर स्वयं अपने हाथों से लगाए हैं। अमिंदर भारती का यह कार्य अनुकरणीय तो है ही, साथ ही साथ उनकी समाज सेवा और अपने धर्म के प्रति भक्ति भाव को भी प्रदर्शित करता है। गर्मी के दिनों में जाकर उन्होंने अनुभव किया कि बाबा जी के धाम में आने वाले भक्तों को एवं दर्शनार्थियों को



भीषण गर्मी में पसीने से तरबतर होना पड़ता है। उसी समय से यह बात उनके मन में बैठ गई थी कि मुझे भी बाबा जी के धाम में, उनकी तपोभूमि में दर्शनार्थियों के लिए कुछ कार्य करना है। और उन्होंने अपने मन की बात को साकार करने के लिए, अपने संकल्पो को पुरा करने की दृष्टिकोण से ही यह पुनीत कार्य किया है। इससे बाबा जी की तपोभूमि आने वाले दर्शनार्थियों को भीषण गर्मी से बहुत राहत मिलेगी। लेखपाल अमिंदर भारती को उनके इस पुनीत और अनुकरणीय कार्य के लिए जिले शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे, वरिष्ठ व्याख्याता जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, श्रद्धा तिवारी, नागेंद्र शर्मा, रोहित सेन सहित सभी इष्ट मित्रों और शुभचिंतको ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# कैबिनेट मंत्री ने नगर पंचायत से नगर पालिका में तब्दील कार्यालय का किया उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

रामविचार नेताम कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं विधायक रामानुजगंज के द्वारा रामानुजगंज नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा प्राप्त होने उपरांत उन्होंने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि नगरपालिका बनने से स्थानीय जनता को प्रशासनिक सुविधाएं और सेवाएं बेहतर तरीके से प्राप्त होंगी, जिससे विकास कार्यों में गति मिलेगी। साथ ही रामानुजगंज नगरपालिका क्षेत्र बनने से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने के साथ क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र निराकरण होगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों का भी दायित्व बनता है कि वे समाज में जन चेतना एवं सहभागिता का भाव जागृत कर नगरपालिका रामानुजगंज को बेहतर रूप में काम करने में सहयोग प्रदान करें। नगर के गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 16 करोड़ 39 लाख रूपए का विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास के साथ भूमिपूजन किया। उन्होंने रामानुजगंज गांधी मैदान में 123.10 लाख के 20 कार्यों का



शिलान्यास एवं 331 लाख की राशि से 84 कार्यों का लोकार्पण किया। जिसमें खिलाड़ियों की सुविधा विस्तार हेतु लागत राशि 99.65 लाख का स्टेडियम निर्माण एवं अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न कार्य जिसकी लागत राशि 2 करोड़ 31लाख रुपए का कार्यों का लोकार्पण कार्य शामिल है। और छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अंतर्गत 901.60 लाख रुपए की राशि से 28 हाट बाजार निर्माण, 283.60 लाख रुपए की लागत राशि से 5400 मीट्रिक टन गोदाम महावीरगंज में निर्माण कुल 1185.20 लाख की राशि के कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान उन्होंने नगर प्रवेश करते ही पूरे परिवार के साथ नगर के सुप्रसिद्ध मां महामाया देवी का दर्शन कर विधिवत पूजा की। इस अवसर पर कलेक्टर राजेंद्र कटारा पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रामलाल भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित निर्वाचित एवं मनोनीत जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी कर्मचारी और नगर के गणमन नागरिक उपस्थित रहे।

# सिंगजयूज प्लास्टिक एवं सड़क पर कचरा फैलाने वालो से वसूला 2100 रूपये अर्थदण्ड





पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 03 अंतर्गत पावर हाउस सर्कुलर मार्केट सूर्या नगर वार्ड 36 का निरीक्षण निगम की टीम ने किया। निरीक्षण के दौरान वहां के दुकानदारो द्वारा सिगलयूज प्लास्टिक प्रतिबंधित होने के बावजूद सामग्री डालकर विक्रय किया जा रहा था। संबंधित दुकानदारो से 1500 रूपये की अर्थदण्ड वसूल किया गया। इसी प्रकार मार्केट के बीच गाड़ी पार्किंग कर आवागमन बाधा कर कचरा फैलाने वालो पर भी चालानी कार्यवाही कर 600 रूपये अर्थदण्ड वसूल किया गया। मार्केट क्षेत्र में कुल 2100 रूपये की चालानी कार्यवाही कर संबंधितों को चालान की रसीद दिया गया।आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को बिगाड़ने एवं सफाई में सहयोग न करने वालो पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिये है। निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी अलग-अलग जोन क्षेत्रों में जाकर मार्केट क्षेत्र का निरीक्षण कर रही है। बार-बार समझाइस देने के बाद भी जो दुकानदार या नागरिक भिलाई शहर की सफाई व्यवस्था में बाधा डाल रहे है और गंदगी फैला रहे है उनके पास निगम की टीम जाकर चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड की वसूली कर रही है। उनको समझाते हुए कहा जा रहा है कि बार-बार गंदगी फैलाने पर अर्थदण्ड दुगनी कर दी जायेगी और उनके आस-पास सफाई नहीं की जावेगी। उनका गुमशता एवं ट्रेड लाईसेंस भी निरस्त किया जा सकता है। इसकी पुरी जिम्मेदारी दुकानदारों के स्वयं की होगी। कार्यवाही के दौरान जोन प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी विरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुण्डमनी यादव, स्वच्छता पर्यवेक्षक सुरेश सिंह पटेल, धन बहादुर सोनी, दानिर मच्छीरके, पापाया, बिरबल बघेल, हेमू कुमार, सोनू राम आदि उपस्थित रहे।

# आदतन शराबी पुत्र से परेशान होकर पिता ने टंगीया से हमला कर कर दी हत्या, अपराध दर्ज

## रोन्हा राम 60 वार्षिय बरपानी सिटोंगा निवासी आरोपी पिता गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




सुमित्रा बाई उम्र 45 साल ने थाना जशपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसके पति अनिल राम उम्र 48 साल शराब पीने के आदि थे, शराब के नषे में पारिवारिक बातों को लेकर हमेषा घर में झगड़ा-विवाद करते थे। 04.01.2025 को इनके गांव के एक घर में मेहमान आये थे, वहां इसके पति अनिल राम भी गये हुये थे, रात्रि लगभग 12:30 बजे शराब के नशे में चूर होकर अनिल राम अपने घर में आया और अपने पिता रोन्हा राम के कमरे में जाकर उनसे घरेलू बातों को लेकर लड़ाई-झगड़ा करने लगे, उसी समय आवेश में आकर रोन्हा राम ने घर में रखे टांगी को उठाकर अनिल राम के सिर में 03-04 बार वार कर दिया जिससे वे जमीन में गिर गये और कुछ देर बाद उसकी मृत्यू हो गई। प्रार्थिया की उक्त रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली जशपुर में धारा 103(1) बी.एन.एस. का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान दबिश देकर प्रकरण के आरोपी रोन्हा राम को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया, पूछताछ में आरोपी ने उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किया है एवं उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त टांगी को जप्त किया गया है। आरोपी रोन्हा राम उम्र 60 साल निवासी बरपानी सिटोंगा थाना सिटी कोतवाली जशपुर के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उसे 05.01.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी निरीक्षक रविषंकर तिवारी, सहायक उप निरीक्षक मनोज सिंह, स.उ.नि. विपिन किशोर केरकेट्टा, आर. 350 हेमंत कुजूर, आर. शोभनाथ, आर. रवि राम का महत्वपूर्ण योगदान है।

## नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, अध्यक्ष ने सभा को बताईं अपनी प्राथमिकताएं

# सतरंगी प्रोजेक्ट पर अमल सहित समाज सेवा के कई कार्य करेगा लीनेस क्लब

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया लीनेस क्लब डि सीएम-1 सम्पदा के अंतर्गत लीनेस क्लब भिलाई का शपथ ग्रहण समारोह सुपेला स्थित एक होटल में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लीनेस क्लब की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट ली अनिता कपूर, विशेष अतिथि ली. सुषमा उपाध्याय और शपथ अधिकारी लीनेस नूतन गंधोक विशेष रूप से उपस्थित रही। अतिथियों के स्वागत उद्बोधन मे निवृत्तमान, अध्यक्ष नीता गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को सदन मे प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि डिस्ट्रिक्ट कांग्रेस में लीनेस क्लब भिलाई को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष, सर्वश्रेष्ठ सचिव, सर्वश्रेष्ठ कोषाध्यक्ष के




अलावा विभिन्न सेवा- गतिविधियां जिनमें प्रमुख कप से दिव्यांग सेवा साइट फर्स्ट फूड फॉर हंगर, बालिका शिक्षा, साथ अन्य सामाजिक कार्यों के लिये अवार्ड दिये गये। उन्होंने क्लब के सदस्यों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। शपथ अधिकारी लीनेस नूतन गंधोक ने सत्र 2025-26 के नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इनमें अध्यक्ष रीटा कुखरानियां सचिव-माला-पोपली, कोषाध्यक्ष- ली. राजश्री जैन ,उपाध्यक्ष ली कल्पना श्रीवास्तव, ली शालिनी सोनी, ली. नंदिनी हिवसे, सह सचिव हेतू लीने पुष्पा सिंह, उर्मिला टावरी, सीमा कुखरानिया, सह कोषाध्यक्ष लता गायकवाड, मीनाक्षी नागदेव और ममता मूंदड़ा शामिल हैं। इसी तरह टेमर हेतू सुषमा गुप्ता टेल ट्विस्टर' अरुणा लिंगाला, पी.आर.ओ जया त्रिवेदी, ग्रेटर प्रिया रस्तोगी एवं बी.ओ.डी मेम्बर्स को विधिपूर्वक शपथ दिलाई गई।

नवनियुक्त अध्यक्ष लीनेस रीटा कुखरानियां ने अपने उद्बोधन में बताया कि हमारा क्लब एक सेवाभावी संस्था है अतः हम पूरे वर्ष भर सेवाकार्य जिनमें सतरंगी प्रोजेक्ट के तहत, शिक्षा, पर्यावरण, रोजगार, साइट फर्स्ट, फूड फॉर हंगर दिव्यांग सेवा के अलावा सामाजिक समस्याओं के और निदान पर कार्य करेगें। मुख्य अतिथि ली अनिता कपूर डि. प्रेसिडेंट ने मनोनीत सदन को संबोधित करते हुए कहा कि लीनेस क्लब भिलाई सेवा कार्यों के लिये सदैव ही अग्रणी रहा है। उन्हें आशा है कि नई टीम अपने परम्परा को आगे बढ़ाएगी, उन्होंने निवृत्तमान अध्यक्ष नीता गुप्ता एवं उनकी टीम को सफलता हेतु बधाई दी एवं सदन को विशेष अतिथि सुषमा उपाध्याय ने भी संबोधित किया। उन्होने नई टीम को बधाई दी और कहा कि वे सहयोग हेतु तत्पर रहेगी। कार्यक्रम का संचालन ली. जयंती शर्मा ने किया। ध्वज पढ़न ली शालिनी मंजी, जीवन परिचय ली गीता मिश्रा और आभार सचिव माला पोपली ने किया। स्वागत व्यवस्था सुरेखा जैन ने की। कार्यक्रम में ली करुणा बंसल, उज्ज्वला सिंघल, मंजु सुराना, अंजना विनायक, विभा भूटानी, अमिता सारस्वत, अर्चना मिश्रा,मंजू तिवारी, मनमोहन राणा, जया त्रिवेदी , उमा गुप्ता, पिंकी अग्रवाल, लता गायकवाड के अलावा क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रही। सभा में अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र सिंघ केम्बो को श्रद्धांजलि देकर उनके द्वारा किये गये कार्यों को याद किया गया।

# विभागीय कार्यो में कसावट लाने जोन आयुक्तों का कार्य विभाजन आदेश जारी



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आदेश जारी करते हुए अमरनाथ दुबे की पदस्थापना नगर पालिक निगम भिलाई में जोन आयुक्त के पद पर की गई है। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शासन से प्राप्त आदेश के परिपालन में जोन आयुक्तो के कार्यो का विभाजन कर दायित्व सौंपा गया है। जिससे निगम भिलाई क्षेत्र में कराये जा रहे विकास/निर्माण कार्यो के साथ-साथ शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक रूप से परिपालन किया जा सके। जिससे इसका लाभ सीधे जनता को मिले।अधिकारी जिनके कार्यो का विभाजन किया गया है जो इस प्रकार से जोन क्रमांक-01 नेहरू नगर में अजय सिंह राजपूत, जोन क्रमांक-02 वैशालीनगर में येशा लहरे, जोन क्रमांक-03 मदर टेरेसा नगर में सतीश यादव, जोन क्रमांक-04 शिवाजी नगर खुर्सीपार में अमरनाथ दुबे एवं जोन क्रमांक-05 सेक्टर 06 में कुलदीप गुप्ता को जोन आयुक्त के कार्य का दायित्व सौंपा गया है।

## संपादकीय

### अमेरिका में हिंसा चिन्ताजनक स्थिति

अमेरिका में अक्सर होने वाली हिंसा की घटनायें चिन्ताजनक स्थिति प्रकट करती हैं। अमेरिका में नव वर्ष की शुरुआत अच्छी नहीं हुई। अमेरिका में हुई हमलों की अनेक घटनाओं ने सबको झकझोर दिया। न्यू ओरलिंस में एक ट्रक भीड़ पर चढ़ गया तथा लासवेगास में गोलीबारी हुई। जल्दी-जल्दी होने वाली इन घटनाओं ने हिंसा की चिन्ताजनक प्रवृत्ति प्रकट की है जिसके कारणों और संभावित प्रभावों के गहरे विश्लेषण की आवश्यकता है। न्यू ओरलिंस में शमसुद दीन जब्बार ने एक ट्रक भीड़ पर दौड़ा दिया जिसमें 15 लोग मारे गए तथा 30 घायल हुए। इस ट्रक में आईएसआईएस का झंडा, हथियार तथा संभावित इम्प्रोवाइज्ड डिवाइसेज-आईईडी बरामद हुई। जब्बार पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया तथा एफबीआई इस घटना को आतंकी हमला मान रही है। इसके साथ ही बुधवार को देर रात न्यूयार्क के क्वींस में अमाजूरा नाइट क्लब में भीड़ पर गोलीबारी की एक घटना में कई लोग घायल हुए। इस बीच निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लासवेगास स्थित होटल के बाहर एक टेस्ला साइबरट्रक में विस्फोट से एक व्यक्ति मारा गया तथा सात अन्य घायल हो गए। इन हमलों के पीछे इरादे स्पष्ट नहीं हैं, पर शुरुआती जांच से वैचारिक प्रभाव स्पष्ट होते हैं। इन हमलों में कुछ समानतायें हैं। सभी घटनायें भारी भीड़ वाले हाई-प्रोफाइल स्थानों पर हुईं ताकि हताहतों की संख्या अधिकाधिक हो और इनको खूब मीडिया कवरेज मिले।

न्यू ओरलिंस तथा संभवतः लासवेगास में वैचारिक उद्देश्य केन्द्रीय भूमिका में लगते हैं क्योंकि जब्बार के आईएसआईएस से संबंध अंतरराष्ट्रीय



आतंकवाद के निरंतर खतरे की ओर इशारा करते हैं। वाहन, विस्फोटकों और बंदूकों के प्रयोग से हमलावरों की कार्यपद्धति का पता चलता है। ऐसी घटनाओं को रोकना लगातार जटिल होता जा रहा है। इन घटनाओं के पीछे प्रेरणा के कारण अनेक दिलचस्प आयाम पेश करते हैं। जब्बार के मामले से स्पष्ट होता है कि कैसे अमेरिकी नागरिकों समेत अनेक लोग अतिवादी प्रचार से चरमपंथी बनाए जा सकते हैं जिसमें आनलाइन नेटवर्क बहुत सहायता करते हैं। न्यूयार्क की घटना 'मुक्त बंदूक संस्कृति' और बंदूकों पर नियंत्रण लगाने के किसी कानून का विरोध करने का खतरा प्रकट करती है। लासवेगास की शुरुआती रिपोर्टों से मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों का वैचारिक झुकाव से संबंध स्पष्ट होता है जो हमलों को जन्म दे सकती हैं। यह प्रवृत्ति लगातार 'लोन वुल्फहमलावरों' के मामलों में दिखाई देती है। अतिवाद के बढ़ते खतरे के साथ बेलगाम भावनायें तथा आग्नेयास्त्रों तक आसान पहुंच निरपराध लोगों का जीवन छीन रही है। ऐसे हमले निगरानी बढ़ाने तथा खासकर आनलाइन प्लेटफार्मों और अतिवादी नेटवर्कों की निगरानी लगातार तेज करने की आवश्यकता उजागर करते हैं। बंदूकों पर नियंत्रण समय की आवश्यकता है। हालांकि, अमेरिका बंदूकों पर नियंत्रण के मामले में विभाजित है, पर इसे इस दिशा में कम से कम कुछ कदम जरूर उठाने चाहिए। हालिया हमलों से अमेरिका में एक विस्फोटक और विकसित होता खतरा स्पष्ट होता है। हालांकि, कानून-व्यवस्था एजेंसियों की त्वरित कार्रवाई से त्रासदी को काफी सीमा तक नियंत्रित किया जा सका, पर ऐसी हिंसा के मूलभूत कारणों पर विचार के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। इसके लिए उग्रवादीकरण पर लगाम लगाने के साथ ही समुदाय में वैचारिक विमर्श से समुचित दृष्टिकोण विकसित करना शामिल है। इससे समुदाय में अतिवादी विचारों के प्रति दृढ़ प्रतिरोध विकसित होगा। जब अतिवादी शक्तियां जनता में भय और विभाजन पैदा करने का प्रयास करें तो पूरे देश को सतर्क और एकजुट बने रहना जरूरी होता है। यह बात संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए भी सही है।

# वैश्विक प्रभुत्व में जलमार्गों का महत्व

विचारधाराओं और संसाधनों पर विमर्श के बावजूद इतिहास एक कटु यथार्थ उजागर करता है। विश्व व्यापार वाले जलमार्गों पर नियंत्रण रखने वाले का ही वैश्विक प्रभुत्व होता है।



नीलांत इलांगमुवा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)



आपको आश्चर्य होगा कि दुनिया में हुए बड़े-बड़े युद्ध अक्सर भूमि या संपदा के बजाय पानी और खासकर उन संकरे रणनीतिक जलमार्गों को लेकर होते रहे हैं जो विश्व वाणिज्य के प्रवाह पर नियंत्रण करते हैं। हमें यह विश्वास दिलाया गया है कि युद्धों का कारण विचारधारायें, धर्म या संसाधन होते हैं, पर यथार्थ में सबसे बड़े शक्ति संघर्ष हमेशा जलमार्गों पर नियंत्रण के लिए होते रहे हैं। 431-404 ईसापूर्व तक चले पेलोपोनेसियन युद्ध में एथेंस ने ऐगान समुद्र पर प्रभुत्व जमाया, जबकि 246-146 ईसापूर्व के प्यूनिक युद्धों में रोम और कार्थेज के बीच मिडटेरेनियन व्यापार मार्गों के लिए लड़ाई हुई। 8वीं से 11वी शताब्दी के वाइकिंग हमलों में यूरोप में फैली नदियों और समुद्रतटीय मार्गों को लेकर लड़ाई हुई। 1337-1453 तक चले हंड्रेड इयर वार्स इंग्लिश चैनल पर नियंत्रण के लिए हुए जो सैनिक व व्यापार पहुंच के लिए महत्वपूर्ण था। 1588 में स्पैनिश अर्माडा ने इंग्लैंड पर चैनल के द्वारा हमला करने का प्रयास किया, पर वह विफल रहा। इससे इंग्लिश चैनल वाली नौशक्ति का विकास हुआ। 1652-1674 तक चले एंग्लो-डच युद्धों में वैश्विक व्यापार मार्गों पर नियंत्रण के लिए अंग्रेजों और डच में युद्ध हुए। 1839-1860 तक हुए अफीम युद्धों में ब्रिटेन ने चीनी व्यापार मार्गों पर नियंत्रण का प्रयास किया, जबकि 1853-1856 तक हुए क्रीमियन युद्ध में काला सागर और उसके प्रमुख क्षेत्रों पर कब्जे की लड़ाई थी। इस प्रकार इतिहास हमें एक ऐसे सत्य से साक्षात्कार कराता है जिसे इनकार नहीं किया जा सकता है कि जो भी जलमार्गों पर नियंत्रण करता है, दुनिया उसी की होती है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या जलमार्गों पर पैदा आज के तनाव साम्राज्यवादी इतिहास का नवीनतम अध्याय हैं जहां पश्चिम अपना प्रभुत्व बनाए रखने का प्रयास कर रहा है, भले ही इसके लिए चाहे जो कीमत अदा करनी पड़े? मिडटेरेनियन व लाल सागर के बीच कृत्रिम रूप से बनाई गई स्वेज नहर इसका एक उदाहरण है। सतही तौर से देखने पर यह विश्व व्यापार की जीवनरेखा लगती है, पर गहराई से विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि यह पश्चिमी शोषण का केन्द्र है। अंग्रेजों द्वारा 1882 में 'अपने निवेशों की सुरक्षा' के बहाने इस पर नियंत्रण के बाद न केवल उनके समुद्री मार्ग छोटे हो गए, बल्कि उन्होंने दुनिया के जहाज मार्गों पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए यह सुनिश्चित किया कि वे विश्व वाणिज्य में प्रभुत्वशाली शक्ति बने रहेंगे। जब मिस्र के नेता नासिर ने यह पकड़ तोड़नी चाही तो उनकी कार्रवाइयों से स्वेज संकट पैदा हो गया। ब्रिटेन, फ्रांस और इज़राइल ने अपना नियंत्रण बनाए रखने के लिए सैनिक हस्तक्षेप किया। अमेरिकी विदेश सचिव जान फास्टर डलेस ने कहा था, 'अमेरिका कभी वाणिज्य के मुक्त प्रवाह में बल के प्रयोग से हस्तक्षेप को सहन नहीं करेगा।' इससे स्पष्ट है कि उपका तात्पर्य केवल वाणिज्य से नहीं था, बल्कि यह पश्चिम द्वारा किसी भी कीमत पर अपना एकाधिकार स्थापित करने का प्रयास था। इसी प्रकार पनामा नहर पर दृष्टिकोण साम्राज्यवादी रणनीति का उदाहरण है। अमेरिका ने न केवल नहर 'बनाई', बल्कि उस पर 'कब्जा' भी कर लिया।

पनामा नहर का अस्तित्व इसलिए सामने आया क्योंकि अमेरिका ने 1903 में कोलम्बिया की संप्रभुता को तोड़ दिया। यह केवल इंजीनियरिंग का चमत्कार न होकर साम्राज्यवादी रणनीति थी। इस नहर के माध्यम से अमेरिका ने एटलांटिक व प्रशांत पर बेलगाम नियंत्रण स्थापित कर आने वाली शताब्दियों में अपने सैनिक और आर्थिक प्रभुत्व की गारंटी सुनिश्चित कर दी। जब पनामा में असंतोष पैदा हुआ और सीआईए के एक समय मित्र मैनुअल नोरिगा ने स्थापित व्यवस्था को खतरा पैदा किया जो अमेरिका ने 'नशे के व्यापारियों से संघर्ष' के बहाने सैनिक शक्ति का प्रयोग किया। बहुत से लोगों के लिए यह आदर्श कृत्य था, पर आलोचक इसे दुनिया के एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण जलमार्ग पर नियंत्रण का क्रूर कदम मानते थे। तकनीकी रूप से इस नहर को 1999 में फिर से पनामा को सौंप दिया गया, पर यह मूल रूप से पश्चिमी नियंत्रण का महत्वपूर्ण औजार बनी रही। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हर्मुज की खाड़ी से दुनिया का एक चौथाई तेल व्यापार होता है। अंग्रेजों ने इसका महत्व पहले ही समझ लिया था और 19वीं शताब्दी के संरक्षणवादी समझौतों से अपना प्रभुत्व सुनिश्चित किया। 1980 के दशक में ईरान-ईराक युद्ध के समय तक हर्मुज विश्व तेल व्यापार का केन्द्र बनी रही और इसे बाधित करने के प्रयास की तीखी प्रतिक्रिया हुई। दोनों पक्षों ने इसे बंद करने का प्रयास किया क्योंकि हर्मुज पर नियंत्रण का अर्थ वैश्विक ऊर्जा पर नियंत्रण था। हालांकि, आज भी ईरान अपनी सैनिक ताकत दिखाने का प्रयास करता है, पर पश्चिमी शक्तियां इस जलमार्ग पर लगातार निगरानी करती हैं जैसे यह उनका जन्मसिद्ध अधिकार हो। इस प्रकार तेल का सहज प्रवाह सुनिश्चित किया जाता है। अब दुनिया एक नये युग में प्रवेश कर रही है और नार्दन सी रूट-एनएसआर शक्ति के नवीनतम केन्द्र के रूप में उभर रहा है। रूस के आर्कटिक तट तक फैला यह मार्ग स्वेज व पनामा नहर जैसे परंपरागत बिंदुओं को किनारे छोड़ने की क्षमता रखता है। इससे यह विश्व जहाजरानी के लिए नया मार्ग खोलता है। बर्फ पिघलने के कारण जलवायु परिवर्तन ने प्रभुत्व का नया मैदान खोल दिया है। जलवायु परिवर्तन समाधान की सभी अच्छी-अच्छी बातों के बावजूद पश्चिम एनएसआर के बारे में बहुत असहज है। शताब्दियों से पश्चिमी समुद्री शक्तियां विश्व व्यापार अपनी इच्छा से निर्देशित करती रही हैं, पर नए मार्ग के कारण उनका लंबे समय से स्थापित नियंत्रण खतरे में फंस सकता है। इसके साथ ही तुर्की की खाड़ी है, जहां नियंत्रण हमेशा धोखाधड़ी के रूप में आता रहा है। 1936 के माट्रिक्स सम्मेलन से तुर्की का खाड़ी पर कब्जा रहा है, पर इस शर्त के साथ कि वह पश्चिम के हितों की पूर्ति करेगा। यह क्षेत्र तनाव का कारण बना हुआ है क्योंकि रूस-नाटो टकराव से इस संकरे जलमार्ग का महत्व स्पष्ट हो गया है।

इन सभी टकरावों से एक चीज स्पष्ट है कि पश्चिमी शक्तियां कभी नियंत्रण की अपनी इच्छा नहीं छोड़ेंगी। आज खाड़ी में चीन के बढ़ते प्रभाव से अमेरिका असहज है। वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव पर लगाम लगाना चाहता है। राजनीतिक शक्ति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के उभार ने स्पष्ट किया है कि जलमार्गों पर नियंत्रण की लड़ाई तेज हो सकती है। ग्रीनलैंड पर उनकी टिप्पणी तथा आवश्यकता होने पर पनामा नहर पर कब्जे की बात केवल मजाक नहीं हैं। आर्कटिक पर अमेरिकी प्रभुत्व की इच्छा हमेशा उसकी विदेश नीति का अंग रही है और यह स्थिति एक शताब्दी से अधिक समय से बनी हुई है। पनामा नहर के बारे में उनके बयान से भी यही बात स्पष्ट होती है। हम भले ही उनकी टिप्पणियों को दुनिया के यथार्थ से कटे एक व्यक्ति की बेलगाम लफ्फाजी कह कर खारिज कर दें, पर इतिहास को बेहतर ढंग से समझने वाले लोग जानते हैं कि साम्राज्य कैसे राजनीतिक बयानबाजी के माध्यम से सुनियोजित ढंग से काम करते रहे हैं। मुख्य बात यह है कि जलमार्गों पर नियंत्रण अब कोई छिपी बात नहीं है। इन पर नियंत्रण पहले की तुलना में और संघर्षपूर्ण हो गया है, चाहे यह पश्चिमी शक्तियों द्वारा हो अथवा साम्राज्यवादी व विस्तारवादी इच्छा रखने वाली दूसरी शक्तियों द्वारा।

# मंत्रों की रूपांतरणकारी शक्ति

> व्यक्ति गुरु से मंत्रों की विद्या प्राप्त करे। किताबों, इंटरनेट से पढ़ना या टेलीविजन, सोशल मीडिया पर सुनना और स्वयं अभ्यास शुरू करना हानिकारक प्रभाव डाल सकता है यदि जाप उचित नहीं है।

अश्विनी गुरुजी
(लेखक, आध्यात्मिक गुरु हैं)



आपने गुरु शुक्राचार्य द्वारा दी गई संजीवनी विद्या के बारे में सुना होगा, जो मृतकों को वापस जीवन में ला सकती थी, या संजीवनी बूटी नामक एक निश्चित जड़ी बूटी के बारे में सुना होगा, जिसने लक्ष्मण को वापस जीवन में लाया था। आपने ऋषि दधीचि के पास मौजूद मधु विद्या या ब्रह्मविद्या के बारे में भी सुना होगा जो अमरता प्राप्त करने में सक्षम थी, या ऋषि च्यवन को युवा बनाने के लिए अश्विनी कुमारों द्वारा तैयार किए गए च्यवनप्राश के बारे में भी सुना होगा। ये कहानियाँ या काल्पनिक रचनाएँ नहीं हैं, वैदिक ऋषि सृष्टि के स्वामी थे, मानव शरीर उसका एक सूक्ष्म हिस्सा है। इसका प्रमाण कि ये काल्पनिक नहीं थे, इस तथ्य में निहित है कि अधिकांश आधुनिक वैज्ञानिक खोजें वैदिक शास्त्रों से हुई हैं। आप यह जानने के लिए जा सकते हैं कि कौन सी वैज्ञानिक खोज किस शास्त्र से हुई है। जबकि अधिकांश प्राचीन वैदिक चिकित्सा विज्ञान कलियुग की धूल में खो गए हैं सनातन क्रिया में वर्णित दिव्य चिकित्सा मंत्र वैदिक ज्ञान के खजाने से एक ऐसा ही रत्न है। दिव्य चिकित्सा मंत्र आपके शरीर में वांछित प्रभाव और परिवर्तन लाने के लिए ध्वनि और कंपन का उपयोग करते हैं।

जब सही तरीके से किया जाता है तो उनके उपचार और परिवर्तनकारी प्रभाव सभी के लिए स्पष्ट होते हैं। 7 मंत्रों का एक संयोजन कुछ नाड़ियों (ऊर्जा चैनलों) को खोलने और विशिष्ट केंद्रों को जागृत करने का काम करता है, ताकि एक साधक के लिए दिव्य ऊर्जा की शक्ति को निर्देशित किया जा सके। ऐसा कहा जाता है कि एक देवता का शरीर मंत्र में निवास करता है। यह व्यावहारिक रूप से प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अनुभव किया गया है जिसने ध्यान आश्रम में एक यज्ञ में भाग



लिया है जहां यज्ञ अग्नि में प्रकट विशिष्ट मंत्रों के माध्यम से देवताओं के पूर्ण रूपों का आह्वान किया गया था। मंत्र को फल देने के लिए, इसे प्राचीन गुरु शिष्य परम्परा के अनुरूप एक गुरु से प्राप्त करना होगा जो मंत्र में सिद्ध हो। वैदिक मंत्र की प्रभावशीलता उसके जाप की शुद्धता पर निर्भर करती है; एक भी अक्षर का गलत उच्चारण पूरे अर्थ को बदल देता है। तैत्तिरीय संहिता में इस संबंध में त्वष्टा की कथा वर्णित है। त्वष्टा ने इंद्र को नष्ट करने के लिए यज्ञ किया। उसने अपने विचार प्रकट करने के लिए इंद्रशत्रु मंत्र का प्रयोग किया।

हालांकि, उसने शत्रु के बजाय इंद्र शब्द पर एक बड़ा नोट रखा, जिसके कारण शब्द का अर्थ इंद्र का वध करने वाला से बदलकर इंद्र द्वारा मारा जाने वाला हो गया और इस तरह उससे पैदा हुआ पुत्र वृत्र, सिर्फ उच्चारण दोष के कारण इंद्र से हार गया। पाणिनि शिक्षा के हवाले से, सही स्वर (स्वर) और व्यंजन (वर्ण) से रहित मंत्र दोषपूर्ण है और इसका इच्छित अर्थ नहीं बताता है। यह एक मौखिक वज्र की तरह है जो जप करने वाले को नुकसान पहुंचाता है, जैसा कि शब्द के गलत उच्चारण के मामले में हुआ था, इंद्रशत्रु)। वैदिक ऋषियों ने मंत्रों के रूप में ध्वनि के इस अविश्वसनीय विज्ञान में महारत हासिल की थी, वे ध्वनि की शक्ति का दोहन करने के लिए आवश्यक उच्च स्तर की विशिष्टता और सटीकता से अच्छी तरह वाकिफ थे। शिक्षा, छह वेदांगों में से एक, शब्दों के उचित उच्चारण और व्यंजना के नियमों के विज्ञान से संबंधित है। पाणिनि, याज्ञवल्क्य और वशिष्ठ द्वारा शिक्षा पर कई खंड लिखे गए हैं। शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है कि एक शब्द के प्रत्येक अक्षर में किसी प्रकार की शक्ति होती है और हर अक्षर का रहस्य समझाया गया है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि व्यक्ति गुरु से मंत्रों की विद्या प्राप्त करे। किताबों/इंटरनेट से पढ़ना या टेलीविजन/सोशल मीडिया पर सुनना और स्वयं अभ्यास शुरू करना हानिकारक प्रभाव डाल सकता है यदि जाप उचित नहीं है।

## आप की बात

### गुरु गोविंद सिंह जी का संदेश

श्री गुरु गोविंद सिंह जी सर्वस्वदानी, संत सिपाही, अमृत के दाता थे। उनका जीवन संघर्ष, कुर्बानी, तपस्या और मानवता की सेवा की जीती जागती मिसाल है। इसी कारण उन्हें संत और सिपाही दोनों ही उपमाएं एक साथ दी जाती हैं। उन्होंने समाज में ऊंच नीच को समाप्त करने और समुचित मानवता की सेवा का संदेश दिया। पटना बिहार में 1666 में श्री गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म हुआ। उनका बचपन पटना में गंगा के किनारे बीता। एक बार जब गंगा के किनारे गए तो हाथ का सोने का कड़ा उतार नदी में फेंक दिया और माता जी से भी कह दिया कि कड़ा गंगा में फेंक दिया। माता ने जब पूछा कि चल बता कहां फेंका तो माताजी के साथ जाकर दूसरा सोने का कड़ा भी उसी जगह फेंक दिया और कहा कि वहां फेंका था। इस घटना से गुरु गोविंद सिंह जी ने दुनिया को बाल अवस्था में ही बता दिया कि मैं दुनिया को देने आया हूं, दुनिया से कुछ लेने नहीं। श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने दुनिया को संदेश दिया कि धर्म कुछ इस तरह हो कि कोई भी आए लेकिन आपको जपने वाली माला ना छीन सके। हर धर्म, हर मजहब को आजादी होनी चाहिए अपने धर्म को मानने की। अपनी इबादत की, पूजा की। हर धर्म, हर मजहब अपने रीति रिवाज के साथ आजादी से जी सके इसके लिए जुल्म के खिलाफ चाहे हथियार उठाने भी पड़े तो तैयार रहना चाहिए।

-सरदार मंजीत सिंह

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का विस्तार सरकार की किसानों के प्रति संवेदनशीलता और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दृढ़ता को दर्शाता है। प्राकृतिक आपदाओं से फसल नुकसान की भरपाई के लिए 3850 करोड़ रुपये की स्वीकृति किसानों को आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता प्रदान करेगी। डीएपी पर सब्सिडी जैसे कदम उत्पादन लागत कम कर, किसानों के लाभ को बढ़ाएंगे। यह पहल न केवल कृषि क्षेत्र को मजबूती देगी, बल्कि किसानों के आत्मविश्वास और जीवन स्तर को भी नई ऊंचाई पर ले जाएगी। यह निर्णय भारतीय कृषि के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक सकारात्मक कदम है। उल्लेखनीय है कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और देश के विकास में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है। देश की बहुत बड़ी जनसंख्या कृषि कार्यों में लिप्त है। इसलिए केंद्र और राज्यों की सरकारों को अन्नदाताओं के हित में सभी आवश्यक कदम उठाने चाहिए। यदि किसान की हालत ठीक नहीं रहेगी तो देश के बड़ी जनसंख्या आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त नहीं हो सकेगी। वैसे भी खेती-किसानी भगवान भरोसे अधिक रहती है क्योंकि मौसम का किसानों पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। किसान कभी बाढ़, कभी सूखा से जूझता ही रहता है लेकिन वह कभी रुकता नहीं है।

-प्रो. आरके जैन 'अरिजीत', बड़वानी (म.प्र.)

### पुनः परीक्षा की मांग

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 13 दिसंबर 2024 को विभिन्न पदों के लिए परीक्षा करवाई गई जिसके उपरांत यह पाया गया कि पटना के कुमरार स्थित बापू परीक्षा परिसर मे धांधली के बाद बीएससी के आयोग द्वारा कुमरार स्थित बापू परीक्षा परिसर का परीक्षा रद्द कर दिया गया जबकि पूरे बिहार का परीक्षा यथासंभव रहने दिया गया। इसी को लेकर पिछले कई दिनों से छात्र पटना के गर्दनीबाग में धरना स्थल पर बैठे हुए हैं। उनका कहना है कि परीक्षा पुनः करवाई जाए परीक्षा में धांधली हुई है, प्रश्न पत्र वायरल हुआ है, बिहार लोक सेवा आयोग पैटर्न के अनुसार जो पिछले कई सालों से परीक्षा करवाई जा रही थी, उसके अनुसार इस बार परीक्षा नहीं हुआ। इसी को लेकर छात्रों में आक्रोश, आयोग के प्रति नाराजगी, तनाव एवं उग्र रूप है। इसी आंदोलन के बीच बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा सिर्फ बापू परीक्षा परिसर का एग्जाम रद्द कर विभिन्न 22 केंद्रो पर कराया गया। जबकि छात्रों की मांग है कि परीक्षा पूरे बिहार में पुनः आयोजित हो क्योंकि उनका विश्वास है कि ऐसे होने से हमारे साथ समानता नहीं होगी और हमें उचित हक ना मिलेगा। इसी को लेकर पूरे बिहार में विभिन्न जगह एवं पटना के गर्दनीबाग छात्रों का एक बड़ा हुजूम धरना दे रहे हैं। कुछ छात्र अनशन पर हैं। इसको लेकर पुलिस द्वारा छात्र - छात्राएं पर लाठी चार्ज भी किया गया। जिसमें कई छात्र - छात्राएं जख्मी हैं।

-तारामुनि देवी, लालगंज

### इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा

रतलाम के लक्ष्मणपुर पीएनटी कॉलोनी में हुई आग लगने की घटना ने इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठाए हैं। घटना में एक 11 साल की बच्ची की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। घटना के अनुसार, चार्जिंग के लिए रखी गई ई स्कूटर में आग लग गई, जिससे पास में खड़ी एक्टिवा भी चपेट में आ गई। घटना के कारणों की जांच में पता चला है कि ई स्कूटर में ऑटो कट ऑफ सिस्टम फेल हुआ था, जिससे आग लगने की घटना हुई। यह घटना इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठाती है। इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा के लिए कई मानकों का पालन करना आवश्यक है, लेकिन यह घटना दर्शाती है कि इन मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। स्कूटर में ऑटो कट ऑफ सिस्टम फेल होने की घटना यह दर्शाती है कि ई स्कूटर में कई सुरक्षा खामियां हैं। इस घटना से यह सीखने को मिलता है कि इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा के लिए कई मानकों का पालन करना आवश्यक है। इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों में ऑटो कट ऑफ सिस्टम का प्रयोग करना आवश्यक है।

-मधु सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# विधायक दीपेश साहू ने नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू को दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में भारतीय जनता पाटी की संगठन चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई है, जिसमे चुनाव अधिकारी के रूप में प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा पहुचे थे। जिन्होंने भाजपा कार्यलय में सर्वसम्मति से अजय साहू को नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा होते ही पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। भाजपा कार्यालय में पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और आतिशबाजी के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने भाजपा गमछा पहनाकर उनका स्वागत अभिनन्दन करते हुए नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। विधायक दीपेश साहू ने अजय साहू की



नियुक्ति को संगठन की एकजुटता बढ़ाने वाला कदम बताया। उनकी नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।आगे उन्होंने कहा की भाजपा की शीर्ष नेतृत्व एक छोटे से किसान पुत्र जमीनी स्तर में पार्टी की काम करने वाले अजय साहू को भाजपा जिलाध्यक्ष नियुक्त कर एक अच्छा सन्देश दिया है। भारतीय जनता पार्टी सदैव कार्यकर्ताओ की मेहनत को ख्याल रखने वाली पार्टी है कहा और उसी का परिणाम है जब बेमेतरा के एक छोटे से जमीनी स्तर के कार्यकर्त्ता को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी गई है। मुझे विश्वास है आगामी होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव है और आगामी इन पांच सालो में नवनिर्वाचित युवा जिलाध्यक्ष अपनी संगठनात्मक नेतृत्व को निर्वहन कर संगठन को मजबूती प्रदान कर अपनी जिम्मेदारी को बखूबी से निर्वहन करेंगे। इस दौरान चुनाव अधिकारी और प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव लाफचंद बाफना, ओमप्रकाश जोशी, राजेंद्र शर्मा, विजय सिन्हा सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# चैन मांउटेन मशीन में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

चैन मांउटेन मशीन में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है इस संबंध में बेमेतरा के सुबोध मानिकपुर ने सिटी पुलिस कोतवाली में इस आशय का आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 01 जनवरी को में ग्रामीणों के खेत समतलीकरण के कार्य के लिये जेसीबी कम्पनी का चैन माउंटेन मशीन नम्बर 205 को मासिक 02 लाख 10 हजार रूपये की दर से गुरुकृपा कस्ट्रक्शन रायपुर से किराये पर लाया है। उक्त चैन माउंटेन मशीन का चालक विकास विश्वकर्मा है। जो 03.01.2025 को दोपहर के समय फोन से सूचना दिया कि मैं चैन माउंटेन मशीन को पाम बहेरघट शिवनाथ नदी के किनारे एनीकट के पास खड़ी कर धो रहा था, उसी समय 05 नग चारपहिया वाहन में 30 से 35 लोग सवार होकर आये और अश्लील गाली गलौज कर हाथापाई कर मशीन को दोबारा यहां नहीं लाना नहीं तो जान से मार देंगे की धमकी दिये तब मैं वहां से चला गया, थोड़ी देर बाद वापस आकर देखा तो मशीन के उपयोग हेतु प्लास्टिक के 02 गेलन में रखे कुल 120 लीटर डीजल एवं 02 नग प्लास्टिक के ड्रम को चोरी कर ले गये है, बताने पर घटना की जानकारी हुआ, 03.01.2025 को ही रात्रि में चालक विकास विश्वकर्मा पुनः फोन कर सूचना दिया कि वह पास में ही झोपड़ी के अंदर सो रहा था. चैन माउंटेन मशीन एनीकट के पास खड़ी थी, कि रात्रि करीबन 10:30 बजे चैन माउंटेन मशीन में तोड़फोड़ की आवाज सुनकर उठकर थोडी दूर में खड़ा होकर देखा तो वही लोग पुनः 02 नग चार पहिया वाहन में सवार होकर आये थे और गाली गलौज करते हुए चैन माउन्टेन मशीन को तोडफोड कर चले गये, डर के कारण पास में नहीं गया बताया तब मुझे घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोगों एवं वायरल वीडियो को देखकर पता चला कि राहुल टिकरिहा अपने साथियों के साथ आकर मेरे द्वारा किराये पर लाए चैन माउंटेन मशीन को तोड़फोड़ किये हैं एवं चालक विकास विश्वकर्मा को अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर 120 लीटर डीजल को चोरी कर ले गया है, तब चैन माउंटेन चालक विकास विश्वकर्मा को राहुल टिकरिहा का वीडियो दिखाकर पूछा तो बताया कि यहीं व्यक्ति है जो दोपहर एवं रात्रि के समय अपने साथियों के साथ आया था और मेरे साथ गाली गलौज, धमकी देकर 120 लीटर डीजल को चोरी कर ले गया एवं मशीन को तोड़फोड़ किये हैं। घटना की जानकारी चैन माउंटेन के मालिक गुरप्रीत सिंह अरोरा को फोन से बताने के बाद घटना की रिपोर्ट करने के लिये 5 जनवरी को बाना आकर लिखित आवेदन पेश कर रहा हूं. राहुल टिकरिहा एवं उसके साथियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किया जाये। पुलिस ने प्रथम दृष्ट्या अपराध धारा 296, 351(2), 324(4), 303(2), 191(2) बीएनएस का घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा ग्रामीण जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com

दुर्ग ग्रामीण परियोजना के ग्राम पंचायत ननकटटी में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा ग्रामीण जन की जागरूकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद सदस्य महेश्वरी हंकारा, ग्राम पंचायत सरपंच भुनेश्वरी वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं उपस्थित अतिथियों का स्वागत से किया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई की सीता कन्नौजे ने घरेलू हिंसा के बारे में लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि एक ही छत के नीचे साझी गृहस्थी में निवासरत कोई व्यक्ति किसी महिला




के साथ शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, मौखिक हिंसा करता/करती है। अगर कोई महिला इस तरह से पीड़ित है तब आंगनवाड़ी, परियोजना कार्यालय, जिला कार्यालय या सखी वन स्टाफ सेंटर से संपर्क करके अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं ।चाइल्ड लाइन की टीम से आशीष ठाकुर एवं प्रकाश चंद्र पटेल ने बताया कि 0 से 18 वर्ष के सभी बच्चों की सहायता के लिए 24x7 टोल फ्री नंबर 1098 पर भारतवर्ष में कहीं भी कॉल किया जा सकता है।

# लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जज्बा और जुनून होना चाहिए : ललित चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com

दाऊ उत्तम सिंह साव शासकीय महाविद्यालय मचांदूर में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञानदायिनी मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना के साथ किया गया। कॉलेज का वार्षिक प्रतिवेदन व स्वागत भाषण संस्था प्रमुख नीरजा रानी पाठक ने दिया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में साल भर बच्चों की सर्वांगीण विकास के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और बहुत कम समय में कॉलेज ने नेशनल गेम हो यूनिवर्सिटी टॉपर हमारे महाविद्यालय के बच्चे ने स्थान प्राप्त किया है और संस्था का नाम रोशन किया है। विभिन्न



खेलकूद में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्रों को सम्मानित कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय संचालक डॉ राजेश पांडे ने छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव एक महत्वपूर्ण मंच है। जहाँ हम अपने छात्रों को अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करते हैं। यह एक ऐसा अवसर है, जहाँ हम अपने छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित करते हैं और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। आगे उन्होंने कहा कि कोई भी संस्था छोटा या बड़ा नहीं होता है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जज्बा और जुनून होना चाहिए। देश में जितने भी महापुरुष हुए, वैज्ञानिक हुए और देश के नेता हुए सभी का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। उन्होंने अभाव को अवसर में बदला और सर्वोच्च मुकाम को हासिल किया देश के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जो स्ट्रीट लाइट के नीचे पढ़ाई करता था और अपने मंजिल को पाया, देश के उद्योगपति धीरूभाई अंबानी पेट्रोल पंप में काम करते थे। उनकी खुद की कंपनी है। कार्यक्रम में रंगोली, कबड्डी, मेहंदी, रस्सा, खींच, खो-खो वाद विवाद, पुष्प सज्जा, कविता भाषण संस्कृति कार्यक्रम और कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर प्रमुख रूप से जनपद सदस्य लेखन साहू, शीतला ठाकुर, जनभागीदारी अध्यक्ष प्रवीण यदु, सरपंच दिलीप साहू, दिलेश्वर साहू, शुभम वर्मा, योगेश कुमार साहू, उपसरपंच गजेन्द्र साहू, फलेंद्र सिंह राजपूत, कारण सेन, जितेंद्र सोनी, सीताराम यादव, धनराज साहू, दयाल यादव, ननकू यदु, सरपंच गोवर्धन बारले, तोषण साहू, योगेश साहू, वासुदेव बघेल, एन.एस इक्का सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं व ग्रामीण उपस्थित थे।

# नव नियुक्त जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख को कार्यकर्ताओं ने दी बधाई




पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

बालोद जिला भाजपा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख को कार्यकर्ताओं ने बालोद जिला भाजपा कार्यालय पहुंच कर बधाई दिया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश अल्प संख्यक मोर्चा कार्यकारणी सदस्य मुश्ताक अहमद युवा नेता रमेश साहू, श्याम जायसवाल, मेवा पटेल, अंकित जायसवाल, जीवन साहू, दुष्यंत राजपूत, नदीम बडगूजर, अमन कुमार, महेश प्रताप सिंह, सागर ग़नीर, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# अनिला भेड़िया के आतिथ्य में कांग्रेस कार्यालय में नगरीय निकाय से संबंधित आवश्यक बैठक

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान मे क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिला भेडिया के मुख्य आतिथ्य में कांग्रेस कार्यालय में नगरीय निकाय के संबंधित आवश्यक बैठक रखी गई। स्वागत भाषण ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक बांबेश्वर ने दिया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि विधायक अनिला भेडिया ने संबोधित करते हुए कहा कि सब एक जुट होकर नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी में जुट जाए सब वार्डों में जा कर आरक्षण के अनुरूप प्रत्याशी चयन करे ताकि अधिक संख्या में कांग्रेस के पार्षद विजयी होवे। संचालन ब्लॉक कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री विवेक मसीह ने



और आभार प्रदर्शन संतोष पाण्डेय ने किया। पार्षद व एल्डरमैन पद से निवृत पार्षदों और एल्डरमैन शीबू नायर, रुखसाना बेगम, रोशन पटेल, स्वप्निल तिवारी, चंदू सिंहा, जनक निषाद, बृज मोहन सिंह नेताम, श्रुति यादव, विजय लक्ष्मी, प्रमोद तिवारी, ममता पांडेय, अप्पू महेन्द्रन, जगदीश श्रीवास का शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के निवृतमान अध्यक्ष शीबू नायर, नगर पालिका विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा, जिला महामंत्री काशी राम निषाद, संगीता नायर अध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस, जिला सचिव रवि जायसवाल, युवराज साहू, विजय जोगदंड, के ईश्वर राव, रामजतन भारद्वाज, तिलक मानकर, जिला अध्यक्ष झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदीप बबलू, जुबैर अहमद जिला अध्यक्ष अल्पसंखक विभाग, नयूंम खान, रामू शर्मा, रूबी एंथोनी, सुदामा शर्मा, जितेंद्र मेश्राम, जोगेन्द ठाकुर, भरत देवांगन, परितोष हंसपाल, अयान अहमद, जसविंदर गिल, रफीक कुरैशी, विलियम भौरा, जावेद खान, बसंत साहू, फ्रांसिस कोलिन, विलसन मैथ्यू, प्राची गायकवाड़, सरस्वती साहू, आकाश सिंह, राकेश जायसवाल, संजय सोनवानी, राजेंद्र निषाद, बबला खापर्डे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# भगवान का अवतार जीव के कल्याण के लिए होता है : गोपिकेश्वरी



पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com

कालिका मंच उतई नगर में चल रहे श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस पर गोपिकेश्वरी देवी ने बताया कि भगवान का अवतार क्यों होता है भगवान के अवतार लेने के बहुत से कारण बताए जाते हैं, लेकिन प्रमुख कारण तो जीव मात्र पर कृपा करने के लिए भगवान आते हैं। अपने नाम, रूप, लीला, गुण, धाम को प्रदान करते हैं जिनको श्रवण कर, पढ़ कर हम जीव अपना कल्याण कर पाएं। अपने मिलने का मार्ग हमारे लिए खोलते हैं कि कैसे उनकी भक्ति करें कैसे उनसे प्रेम करें। आगे कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को श्रवण करवाया गया। पूतना, शकटासुर, तृणावर्त के उद्धार की लीला बताई गई। भगवान के नामकरण की लीला बताई गई और आगे कथा में गोवर्धन की लीला बताई गई और इस लीला के प्रसंग से भगवान हमें अनन्यता का पाठ सिखाते हैं। इसलिए हम सभी जीव को भी अनन्यता रहकर ही साधना भक्ति करनी चाहिए यहां वहां भटकने से कुछ नहीं मिलने वाला है अनंत जन्म बीत गए हम भटक ही रहे है हमे कृपा से मानव देह अभी मिला है उसका सही सदुपयोग करना चाहिए।

# आशीष छाबड़ा ने जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी पर चिंता जताई

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि जब से राज्य में भाजपा की सरकार आई है। सभी संस्थाओं की व्यवस्था चरमरा गई है। बेमेतरा जिला जो वैसे ही भाजपा के पिछले 15 वर्षों के कार्यकाल में चिकित्सा क्षेत्र में पीछे रहा है, उसे प्रदेश की पूर्व कांग्रेस सरकार ने ढांचागत सुधार करने का कार्य किया, जिससे बेमेतरा जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन मरीजों की जो संख्या 100 के लगभग रहा करती थी वह कांग्रेस कार्यकाल में 500-700 से भी अधिक जा चुकी थी। लोगों को बेमेतरा में जिला चिकित्सालय होने का लाभ मिलने लगा था किंतु जब से राज्य में भाजपा की सरकार आई है। सत्ता परिवर्तन हुआ है फिर से बेमेतरा जिला चिकित्सालय अपने पुराने दिनों की ओर लौट रहा है। बेमेतरा के लोग फिर से वहीं रेफरल सेंटर को देख रहे हैं जिला चिकित्सालय में लगातार चिकित्सा एवं स्टाफ की कमी बनी हुई है जिसे दूर किए जाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है गरीब और असहाय मरीजों के



लिए जिला चिकित्सालय में कोई व्यवस्था नहीं है। आशीष छाबड़ा ने कहा कि उनके कार्यकाल में जिला चिकित्सालय बेमेतरा में प्रसूति सहित अस्थि रोग से संबंधित बड़ी-बड़ी शल्यक्रिया की चिकित्साएं प्रारंभ हो चुकी थी जो अब बंद हो रही है। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र तथा जिला दोनों ही सड़क दुर्घटनाओं में प्रदेश में अव्वल स्थान रखता रहा है। ऐसे में जहां उनके कार्यकाल के दौरान सड़क दुर्घटना के मरीजों को भी जिला चिकित्सालय में राहत मिलती रही है, वह अब फिर से रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। आशीष छाबडा ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान सड़क दुर्घटना में अति गंभीर स्थिति के मरीजों को ही राज्य के मुख्य अस्पताल डॉ भीमराव अंबेडकर अस्पताल में भेजा जाता था। जबकि गंभीर एवं सामान्य मरीजों का इलाज बेमेतरा जिला चिकित्सालय में ही होता रहा है। पूर्व विधायक ने बताया कि उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान बेमेतरा नवोदित जिले में स्वास्थ्य सुविधा को कैसे बेहतर किया जा सके। इस संबंध में ध्यान लगा रखा था इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष अपनी मांग उठाते रहे हैं, जिसका लाभ भी बेमेतरा जिले को मिला तथा कुछ ज्वलंत स्वास्थ्य मुद्दों पर उन्होंने विधानसभा में भी अपनी पार्टी की राज्य सरकार को घेरने में कमी नहीं की थी। जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी का सर्वाधिक नुकसान जिले की गरीब जनता को उठाना पड़ रहा है। जिस पर उन्होंने चिंता जाहिर की पूर्व विधायक ने कहा कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र की जनता उनका परिवार है और वह अपने परिवार का ध्यान रखने के लिए जब पद में थे तब भी सक्रिय थे और जब पद में नहीं है तो भी जनहित में उनकी सक्रियता कम नहीं होगी। जिस तरह उन्होंने अपने कार्यकाल में बेमेतरा जिला मुख्यालय में सुविधाओं को बढ़ाने में अपना पूरा दाम खम लगाया वह निरंतर जारी है उसके लिए पद पर बने रहना आवश्यक नहीं है। पूर्व विधायक ने इस गंभीर मुद्दे पर जल्द ही प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से इस संबंध में बात करने की बात कही है।

# पतंजलि योग पीठ का 30वां वार्षिक संस्थान एवं संगठन समारोह वैदिक यज्ञ हवन के साथ मनाया गया



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टोरेट परिसर स्थित नियमित निःशुल्क योग कक्षा में महिला पतंजलि योग समिति द्वारा 30वां संस्थान एवं संगठन समारोह धूमधाम से मनाया गया। पतंजलि योग पीठ पिछले 30 वर्षों से न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से स्वास्थ्य और चरित्र निर्माण की दिशा में कार्यरत है। करोड़ों लोगों ने पतंजलि योग से जुड़कर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। आयोजित समारोह में यज्ञ-हवन और मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने निःशुल्क योग और आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए संकल्प लिया और स्वामी रामदेव बाबा एवं आचार्य बालकृष्ण के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इस अवसर पर एमपीवायएस बेमेतरा के सदस्य नीलिमा साहू, सावित्री रजक, ममता साहू, वर्षा शर्मा, सरिता, शंकर साहू, रानी शर्मा, सुनीता सिन्हा, ममता गुरुपंच, राखी डोरे, अनुराधा साहू, मीना दुबे और देवंतीन साहू सहित पतंजलि योग समिति बेमेतरा के जिलाप्रभारी योग-शिक्षक भरत साहू, नारद साहू, नारायण साहू एवं दिलेश्वर साहू उपस्थित रहे।

# गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर गुरुद्वारे में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया





पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

जिले के मुख्यालय स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में सिख समुदाय द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस दिन को लेकर गुरुद्वारे में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुबह से ही गुरुद्वारा प्रांगण में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के नेतृत्व में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से ही 'अकाल तख्त' से गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ प्रारंभ हुआ, जिसके बाद 'शबद कीर्तन' का आयोजन हुआ। गुरुद्वारे के प्रमुख ग्रंथी ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने बताया कि कैसे गुरु जी ने धर्म की रक्षा के लिए अपने जीवन को समर्पित किया और 'खालसा पंथ' की स्थापना की, जिससे सिखों को एकजुट करने का कार्य हुआ। इसके अतिरिक्त, उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के साहस, बलिदान और संघर्षों का उल्लेख किया, जो सिख धर्म की नींव बने। इस अवसर पर 'सिंह साहिबा' और 'गुरबाणी' का पाठ किया गया, जो दिन भर चलता रहा। लंगर सेवा का आयोजन भी बड़े धूमधाम से किया गया, जिसमें क्षेत्रीय लोग और श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। गुरुद्वारा परिसर को सुंदर सजावट से सजाया गया था। रंग-बिरंगी बत्तियाँ और फूलों की सजावट ने वातावरण को अत्यधिक भव्य बना दिया था। यहां तक कि गुरुद्वारे के बाहर भी सिख समुदाय के युवाओं और महिलाओं ने उत्सव की धारा में भाग लिया और नारे लगाए, बोलो वाहेगुरु! इस आयोजन में मनेन्द्रगढ़ के प्रमुख सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक हस्तियों ने भी भाग लिया। स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने इस आयोजन की सराहना की और आयोजकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि आने वाले समय में इस प्रकार के धार्मिक आयोजन और भी भव्य तरीके से आयोजित किए जा सकें। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में इस प्रकार के आयोजन ना केवल सिख धर्म के अनुयायियों के लिए बल्कि समाज के सभी वर्गों के लिए एक समर्पण और भाईचारे का संदेश देने वाले होते हैं। गुरु गोविंद सिंह जी के इस विशेष दिन पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान, भव्य सजावट, और लंगर सेवा ने सभी के मन में गुरु के प्रति श्रद्धा और विश्वास को और अधिक प्रगाढ़ किया।

# महिलाओं ने करी माता शांति लक्ष्मी की आराधना, सैकड़ों महिलाओं ने किया शांति लक्ष्मी जी का मंगल पाठ

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com







उड़ीसा राज्य के बरपाली में स्थापित माता शांति लक्ष्मी की कृपा 5 जनवरी को शक्ति वासियो पर जमकर बरसीं तथा महिलाओं ने जहां शक्ति की हटरी धर्मशाला में माता शांति लक्ष्मी के महामंगल पाठ का आयोजन किया तो वहीं संगीतमय भजनों के साथ माताजी की महिलाओं ने आराधना करते हुए उनकी पूजा अर्चना की तथा मंगल पाठ में शहर सहित आसपास के क्षेत्र से भी महिलाएं शामिल हुई एवं इस अवसर पर जहां माता शांति लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना के माध्यम से भोग प्रसाद लगाया गया तो वहीं आगंतुक महिलाओं के लिए भी भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया तथा महिलाओं में भी माता शांति लक्ष्मी के मंगल पाठ को लेकर उत्साह देखा गया एवं शक्ति शहर की धर्म प्रेमी महिलाएं प्रतिवर्ष उड़ीसा के बरपाली में स्थित माता शांति लक्ष्मी के भव्य मंदिर में जाकर वहां दर्शन लाभ लेती हैं एवं पूजा अर्चना करती हैं तथा ऐसी मान्यता है की माता शांति लक्ष्मी जी के दर्शन एवं स्मरण मात्र से ही मनुष्य की सारी मन्नते पूरी होती है, 5 जनवरी को माता शांति लक्ष्मी के महामंगल पाठ का आयोजन शहर की धर्म प्रेमी एवं समाज सेविका मीना अरुण अग्रवाल सत्य विद्या परिवार द्वारा किया गया था।

# ला ब शा स्कूल बम्हनीडीह में खेल उत्सव संपन्न

पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



जांजगीर चांपा बम्हनीडीह ला.ब. शा.उ.मा.वि.बम्हनीडीह में हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल स्तर की खेलोत्सव का आयोजन प्राचार्य एस पी तिवारी के निर्देशानुसार एवं खेल प्रभारी सी डी पटेल के मार्गदर्शन में किया गया जिसका उद्घाटन शिक्षा प्रसार समिति बम्हनीडीह के अध्यक्ष टीमन सिंह राज ने किया ।हाई स्कूल बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान अवनी पटेल द्वितीय स्थान मानसी विश्वकर्मा तृतीय स्थान नंदिनी पटेल तथा बालक वर्ग में प्रथम स्थान भूपेंद्र पटेल द्वितीय स्थान प्रेम कुमार पटेल तृतीय स्थान नरेंद्र कुम्हार रहा एवं हायर सेकेंडरी बालिका वर्ग में प्रथम स्थान झरना द्वितीय स्थान गीतांजलि तृतीय स्थान मुस्कान एवं दिलेश्वरी रही तथा बालक वर्ग में प्रथम स्थान वरेंद्र सिंह द्वितीय स्थान देवेंद्र बरेठ तृतीय स्थान मेहुल विश्वकर्मा रहा। इसी प्रकार गोला फेंक हाई स्कूल बालिका वर्ग में प्रथम स्थान कुसुम बरेठ द्वितीय स्थान मानसी विश्वकर्मा तृतीय स्थान सुनीता पटेल तथा बालक वर्ग में प्रथम स्थान मोनू द्वितीय स्थान भूपेंद्र तृतीय स्थान लीलाराम रहा एवं हायर सेकेंडरी गोला फेक में प्रथम स्थान मीनू पटेल द्वितीय स्थान दिलेश्वरी तृतीय स्थान ज्योति कुर्रे तथा बालक वर्ग में प्रथम स्थान संदीप कुमार द्वितीय स्थान अरुण तृतीय स्थान अंकित रहा विभिन्न खेलों को संपन्न कराने में ए के डडसेना सम्मेलाल डडसेना श्यामलाल डडसेना आलोक पटेल प्रमोद पटेल डी के पांडे श्वेता शिंदे बी डी वैष्णव शैलेश पटेल पार्वती महंत नवधा पटेल सत्येंद्र चौहान शतरूपा यादव आदि का सहयोग रहा।

# रामलला दर्शन योजना : श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम

## कबीरधाम जिले के सैकड़ों श्रद्धालुओं के अयोध्या और काशी दर्शन के सपने हुए पूरे

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रभु श्री रामलला दर्शन योजना केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि एक ऐसा आध्यात्मिक अभियान है, जो प्रदेश के लोगों के जीवन में श्रद्धा, विश्वास और भक्ति का नया अध्याय जोड़ रहा है। यह योजना छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने के बाद शुरू की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शिता और जनकल्याणकारी सोच का यह एक सशक्त प्रमाण है। इस योजना से छत्तीसगढ़ के हजारों नागरिकों को प्रभु श्रीरामलला के जन्मस्थान के दर्शन करने का लाभ मिल चुका है। कबीरधाम जिले में इस योजना से 421 लोगों के अयोध्या यात्रा करने के सपने पूरे हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा का गहरा भाव हमेशा से रहा है। वर्षों से प्रदेश के श्रद्धालुओं के मन में अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन करने का सपना संजोया हुआ था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस भाव को समझते हुए 'रामलला दर्शन योजना' की शुरुआत की, ताकि हर व्यक्ति को बिना किसी आर्थिक बोझ के, निःशुल्क भगवान श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो सके। योजना के अंतर्गत विशेष ट्रेन के माध्यम से श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम और काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन कराए जा रहे हैं। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन, स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षा और आरामदायक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इन सभी व्यवस्थाओं ने इस यात्रा को एक अविस्मरणीय अनुभव बना दिया है। कबीरधाम जिले से अब तक 421 श्रद्धालु इस योजना के माध्यम से श्रीरामलला के दर्शन कर चुके हैं। धार्मिक यात्रा कर लौटे श्रद्धालुओं ने योजना की मुक्त कंठ से सराहना की। कवर्धा निवासी विजय कुमार यादव ने कहा कि हमने वर्षों तक अयोध्या जाकर भगवान श्रीराम के दर्शन करने का सपना देखा था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे साकार कर दिया। यात्रा के दौरान हमें ऐसा अनुभव हुआ, मानो हम अपने घर में ही हों। भोजन, स्वास्थ्य सेवाएं और सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई थी। इसी तरह, गौरमाटी के बलराम साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन से मन को अपार शांति मिली है। यात्रा का हर पल यादगार था। मुख्यमंत्री जी ने इस योजना के माध्यम से हम जैसे हजारों श्रद्धालुओं को एक ऐसा अवसर प्रदान किया है, जिसे हम जीवनभर नहीं भूल पाएंगे।

**धार्मिक पर्यटन को मिला बढ़ावा-** रामलला दर्शन योजना न केवल श्रद्धालुओं के धार्मिक विश्वास को सशक्त कर रही है, बल्कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को भी नई ऊर्जा दे रही है। इस योजना के माध्यम से न केवल धार्मिक स्थलों के प्रति श्रद्धालुओं का आकर्षण बढ़ा है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता को भी मजबूती मिली है।

**श्रद्धा से विकास तक, छत्तीसगढ़ सरकार का विजन-** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का यह प्रयास 'धार्मिक पर्यटन' को बढ़ावा देने और प्रदेशवासियों के सपनों को साकार करने का एक सशक्त कदम है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान हर प्रकार की सुविधा मिले और वे अपनी यात्रा को सुखद और यादगार बना सकें। योजना का प्रभाव केवल धार्मिक स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसने प्रदेश में सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता को नई मजबूती दी है।

यह पहल छत्तीसगढ़ की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी सहायक बन रही है। कबीरधाम जिले के सैकड़ों श्रद्धालुओं की तरह, अब प्रदेश के अन्य जिलों के श्रद्धालु भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

# 11 व 12 जनवरी को होंगा अग्रवाल समाज का अग्र वैवाहिक परिचय सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर हर वर्ष आयोजित होने वाला परिचय सम्मेलन का दो दिवसीय आयोजन आगामी 11 व 12 जनवरी को वी.आई.पी. रोड स्थित राम स्वरूप निरंजन लाल धर्मशाला में किया गया है जिसमे 15 राज्यों के 1200 सुवक-युवतिओ का बायोडाटा मंच को प्राप्त हुआ है जिसमें प्रथम व द्वितीय श्रेणी अधिकारी, प्रोफेशनल, उधोगपति, व्यवसायी, डॉक्टर, इंजिनियर एवं आर्किटेक्ट शामिल है7 कार्यक्रम संयोजक द्वय कन्हैया अग्रवाल, हरि वल्लभ अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2011 से प्रारंभ हुआ परिचय सम्मेलन नित नयी उचाई को छु रहा है, मध्य प्रान्त में यह समाज का सबसे बडा वैवाहिक परिचय सम्मेलन है जिसे अग्र वैवाहिक परिचय कुंभ का नाम दिया गया है, जिसमे प्रत्याशियों का परिचय आधुनिक स्टूडियो में देश के मशहूर एंकर द्वारा किया जाता रहा है इस वर्ष वागले की दुनिया की नायिका अंजू जाधव द्वारा स्टूडियो में प्रत्याशियों का परिचय लिया जावेगा, जिसे विशालकाय एल.ई.डी. स्क्रीन पर तीन बड़े हॉल में अन्य प्रत्याशी व अभिवावकों के समक्ष प्रदर्शित किया जावेगा, मंच के अध्यक्ष कन्हैया गोयल, महामंत्री नितेश अग्रवाल, महिला अध्यक्ष संध्या अग्रवाल ने बताया की परिचय सम्मेलन के लिए अग्रवाल समाज में भारी उत्साह है, सम्मेलन में तीन सौ प्रत्याशियों का परिचय के साथ 1200 प्रत्याशियों की परिचय पुस्तिका का प्रकाशन इस अवसर पर किया जावेगा, सम्मेलन में छत्तीसगढ़ सहित पंद्रह राज्यों से पहुच रहे प्रत्याशी व अभिवावको के लिए 150 कमरे व तीन हॉल की व्यवस्था की गयी है।

# युवा के हाथों शक्ति जिला, सक्ती जिले में भाजपा की कमान टिकेश्वर गबेल को

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी शक्ति जिले की कमान आने वाले वर्षों के लिए टिकेश्वर गबेल टुककु को सौंप दी गई है, 6 जनवरी को जिला भाजपा कार्यालय शक्ति में संपन्न बैठक के दौरान उपस्थित पार्टी के पदाधिकारीयो ने उपरोक्त घोषणा की, तथा टिकेश्वर गबेल को भाजपा शक्ति जिले का अध्यक्ष बनाए जाने पर बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवम कार्यकर्ताओं ने उनका माला पहनकर स्वागत किया, तो वहीं टिकेश्वर गबेल ने साल 2019 में अविभाजित जांजगीर चांपा जिले में जिला पंचायत जांजगीर चाम्पा के क्षेत्र क्रमांक- 20 से भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित नहीं किए जाने के कारण टिकेश्वर ने निर्दलीय सदस्य के रूप में स्वयं अपनी ताकत से चुनाव लड़कर रिकार्ड मतों से जीत दर्ज की थी, तथा टिकेश्वर गबेल के जिला पंचायत क्षेत्र से सदस्य निर्वाचित होने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने तुरंत जिला पंचायत अध्यक्ष के निर्वाचन में उन्हें अपना चेहरा बनाया, तथा किन्हीं कारणों से टिकेश्वर गबेल छत्तीसगढ़ प्रदेश में तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार के प्रभाव के चलते जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव नहीं जीत पाए तथा पार्टी ने उन्हें अविभाजित जांजगीर- चांपा जिले में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चे का जिला महामंत्री बनाया तथा जब शक्ति जिला नया बना तब टिकेश्वर गबेल को जिला महामंत्री के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई एवं साल 2025 में संपन्न संगठन महापर्व के चुनाव में एक बार फिर से पार्टी ने युवा चेहरे के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष बनाकर उन्हें बहुत बड़ा तोहफा दिया है, तथा टिकेश्वर गबेल मूलत शक्ति विकासखंड के ग्राम देवरी के रहने वाले हैं एवं वे भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रीतम सिंह गबेल के भतीजे हैं, तथा शक्ति शहर में प्रीतम ट्रैक्टर के नाम से उनका प्रतिष्ठान है एवं प्रीतम सिंह गबेल परिवार का अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से भारतीय जनता पार्टी की राजनीति में काफी प्रभाव देखा जाता है, तथा प्रीतम सिंह गबेल तत्कालीन डॉ रमन सिंह की सरकार में गृह मंत्री रहे ननकी राम कंवर के भी खास समर्थक माने जाते थे एवं शक्ति विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुनाव लड़ने के लिए भी उन्होंने निरंतर प्रयास किया, किंतु पार्टी ने उन्हें एक बार भी अवसर नहीं दिया एवं टिकेश्वर गबेल ने भी अपने जिला अध्यक्ष बनने पर कहा है कि वे पार्टी के सभी वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में शक्ति जिले में पार्टी के संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में पहल करेंगे साथ ही प्रदेश की भाजपा नीत विष्णु देव सरकार एवं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वन शक्ति जिले के प्रत्येक क्षेत्र में हो इस दिशा में भी वे काम करेंगे।

# पतंजलि भारत स्वाभिमान की स्थापना के 30 वर्ष पूर्ण होने पर योग कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com




पूरे भारत देश में पतंजलि भारत स्वाभिमान की स्थापना के सफलतम 30 वर्ष पूर्ण होने पर प्रत्येक शहरों में जहां योग प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, तो इसी श्रृंखला में नवगठित शक्ति जिले में पतंजलि भारत स्वाभिमान की जिला प्रभारी कलावती लोधी के मार्गदर्शन में कंचनपुर स्थित बासु रिसोर्ट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पतंजलि की बहनों के द्वारा परम पूज्य गुरुदेव स्वामी जी महाराज एवं परम सत्य आचार्य जी के तेल चित्र पर तिलक लगाकर पूजा अर्चना की गई एवं स्थापना दिवस को धूमधाम के साथ मनाया गया, इस अवसर पर जहां महिला पतंजलि शक्ति जिले की जिला प्रभारी कलावती ईश्वर लोधी, मीडिया प्रभारी दीपिका चौहान, कोष्ध अध्यक्ष ममता त्रिपाठी, जिला महामंत्री संतोषी सेन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। तो वहीं इस अवसर पर जिले की प्रभारी कलावती लोधी ने कहा कि आज योग को लेकर पूरी दुनिया में अपने स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता आई है, तथा परम पूज्य गुरुदेव ने योग को जहां पूरे विश्व में स्थापित किया है, तो वहीं प्रत्येक 21 जून को आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जगह-जगह योग के कार्यक्रम करते हैं तथा योग को लेकर एक अभूतपूर्व ऊर्जा का संचार पूरी दुनिया में हुआ है, तथा शक्ति जिले में भी निरंतर योग के प्रति लोगों को जागरूक करने समय समय पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है, तथा स्थापना के 30 वर्ष पूर्ण होने पर मैं शक्ति जिले के सभी नागरिकों को बधाई देती हूं, इस अवसर पर उपस्थित अन्य सदस्यों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया तथा योग प्रशिक्षण का भी कार्यक्रम किया गया जिसमें योग की विभिन्न क्रियो के बारे में बताया गया।

## छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग की स्वीकृति के अनुरूप नए विकास कार्यों का शिलान्यास

# नगर पंचायत अड़भार में करोड़ों रुपए के नए विकास कार्यों का हुआ भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com






नगर पंचायत अड़भार में विकास की कड़ी में एक और अध्याय जुड़ गया तथा इस दिन जहां छत्तीसगढ़ प्रदेश की बिष्णु देव सरकार एवं नगरीय प्रशासन विकास मंत्री अरुण साव की स्वीकृति से जहां अधोसंरचना मद के अंतर्गत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए के विकास कार्य एवं 15वें वित्त के अंतर्गत लगभग 82.45 लख रुपए के नए विकास कार्यों का भूमि पूजन हुआ तो वही जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े की सांसद निधि से स्वीकृत ढाई लाख रुपए की राशि से भी विकास कार्यों का भूमि पूजन हुआ कार्यक्रम में अध्यक्षता के रूप में प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की कार्य समिति सदस्य एवं चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र की वरिष्ठ भाजपा नेत्री संयोगिता सिंह जुदेव तथा नगर पंचायत अड़भार की अध्यक्ष दिशु बनियाराम रात्रे, अड़भार भाजपा मंडल के अध्यक्ष जीवेंद्र गबेल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। तो वहीं उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय के दिशा निर्देशन में किया गया इस कार्यक्रम में जहां अड़भार शहर के विभिन्न वार्डों से सैकड़ो की संख्या में शहर वासी उपस्थित रहे तो वही विकास कार्यों के शिलान्यास को लेकर भी लोगों में काफी उत्साह देखा गया तथा इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग की स्वीकृति के अनुरूप नए विकास कार्यों का आज शिलान्यास हो रहा है,तथा अड़भार शहर में निरंतर विकास के काम हो रहे हैं, तथा लोगों की जरूरतो एवं बिजली, पानी के लिए निरंतर नगर पंचायत क्षेत्र कम कर रहा है,वहीं कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पहुंची प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की सदस्य संयोगिता सिंह जूदेव एवं नगर पंचायत अड़भार की अध्यक्ष सुश्री दिशु बनिया राम रात्रे ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में 2023 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता संभालते ही शहरी क्षेत्र का विकास तेजी से किया है, तथा राज्य की भाजपा सरकार जहां लोगों की छोटी-छोटी समस्याएं एवं जरूरतो को पूरा करने के लिए निरंतर ध्यान दे रही है, तो वही अड़भार शहर मां अष्टभुजी देवी की पावन पवित्र नगरी है, एवं इस शहर का विकास तेजी से हो रहा है एवं आने वाले समय में प्रदेश एवं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की समुचित जन कल्याण कारी योजनाओं का भी लाभ इस शहर के लोगों को मिलता रहेगा, इस दिशा में हम सभी कार्य करेंगे, वहीं नए विकास कार्यों का विधिवत्त पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया तथा कार्यक्रम में नगर पंचायत अड़भार के भारतीय जनता पार्टी समर्थित जनप्रतिनिधि, पार्षद, तथा गणमान्य नागरिक, भारतीय जनता पार्टी अड़भार मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मीडिया के साथी उपस्थित रहे एवं अंत में आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय ने किया।

# नेता प्रतिपक्ष महंत ने लिया संत रितेश्वर महाराज का आशीर्वाद



पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com

रास्ट्रीय सन्त रितेश्वर महाराज के प्राकटय महोत्सव का आयोजन आनंदम धाम द्वारा अमरताल में तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमे 5 जनवरी को उनके जन्मोत्सव पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंस सहित कॉग्रेस नेता आशोक अग्रवाल अर्जुन तिवारी, गुलज़ार सिंह, नरेश गेवाडीन, गिरधर जायसवाल, रिना गेवाडीन, संदीप साहू, पंकज शुक्ला, गुरमीत सिंह धंजल नगर पालिका जांजगीर के अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल रामविलास राठौर जितेंद्र अग्रवाल मदन यादव केदार राठौर रमेश पैगवार मनोज खरे बजरंग डिडवानिया परस शर्मा सहित महन्त समर्थकों कॉग्रेस नेता ने भाग लिया एवँ आशीर्वाद प्राप्त कियातीन दिवसीय महोत्सव में सन्त रितेश्वर महाराज के देश भर के कोने कोने के अनुयायी पहुचे थे।

# कोरबा मेडिकल अस्पताल में बनेगा 200 बेड की क्षमता का नया भवन

## जिला चिकित्सालय के बिस्तरों की क्षमता बढ़कर हो जाएगी 650






पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा मेडिकल अस्पताल में 200 बेड की क्षमता के नया भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के क्रम में वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन का प्रयास रंग लाया है। मेडिकल अस्पताल कोरबा में अब 200 बेड क्षमता के नये भवन के निर्माण के लिए कुल 43.70 करोड़ की राशि की स्वीकृति मिली है। इस भवन के बन जाने से मेडिकल चिकित्सालय में बिस्तरों की क्षमता बढ़कर 650 हो जाएगी। इसके अलावा वर्तमान अस्पताल भवन के अन्य विकास कार्यों के लिए भी राशि की स्वीकृति मिली है। गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज कोरबा के लिए जब जिला अस्पताल का अधिग्रहण कर संबद्ध किया गया था तब अस्पताल में 100 बिस्तरों की सुविधा थी। प्रबंधन ने एनएमसी की गाइड लाइन के तहत बिस्तरों की क्षमता 300 तक बढ़ाई गई थी। इसके लिए अस्पताल के पुराने भवन, कैजुअल्टी भवन और ट्रामा सेंटर में अतिरिक्त बिस्तर लगाए गए थे। लंबे समय से अस्पताल परिसर में 200 बेड के बिस्तरों के अस्पताल भवन के निर्माण की मांग की जा रही थी। अस्पताल प्रबंधन द्वारा इसके लिए मांग पत्र भी भेजा गया था। मरीजों की बढ़ती संख्या और हो रही परेशानियों को संज्ञान में लेकर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने बजट में इसकी स्वीकृति के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा था। मंत्री देवांगन के प्रयासों से 200 बिस्तर क्षमता वाले अस्पताल भवन के निर्माण और अन्य सुविधाओं के लिए कुल 43 करोड़ 70 लाख की स्वीकृति राज्य शासन द्वारा दी गई।

### क्रिटिकल केयर यूनिट में होंगे 50 बिस्तर

गंभीर मरीज के इलाज के लिए जिला चिकित्सालय परिसर में 50 बिस्तर का क्रिटिकल केयर यूनिट का भी निर्माण होगा। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इसके अलावा 100 बिस्तर क्षमता सीएसआर मद से 3.5 करोड़ की लागत से भी निर्माण होगा। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को इसके लिए क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। वही एसईसीएल के माध्यम से परिजनों के रुकने के लिए 60 बिस्तर का रैन बसेरा का निर्माण होगा।

### ऑर्थोपेडिक विभाग में प्रारम्भ होंगे दो ओटी रूम

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑर्थोपेडिक डिपार्मेंट का बहुत जल्द विस्तार होने वाले है। मंत्री देवांगन के निर्देश पर ट्रामा सेंटर बिल्डिंग के दूसरे तल में दो ऑपरेशन थिएटर कक्ष में जल्द ही उपकरण इंस्टॉलेशन होंगे। इसके पश्चात दोनों ऑपरेशन थिएटर में एक साथ ऑपरेशन हो सकेंगे। वर्तमान में पुराने भवन में ही एकमात्र ऑपरेशन थिएटर पर लोड ज्यादा है।

### अस्पताल के सभी डिपार्टमेंट होंगे सर्व सुविधा युक्त

मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल के हर डिपार्टमेंट को सर्व सुविधा युक्त करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। बिस्तरों की क्षमता बढ़ाने के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों के आने से जिलेवासियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। जिलेवासियों ने 43 करोड़ की स्वीकृति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, वित्त मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया है।

# मुख्यमंत्री साय ने शिशुओं को कराया अन्नप्राशन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गरियाबंद में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल में पहुंचकर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने माताओं के साथ आए शिशुओं का अन्नप्राशन कराया और उन्हें दुलार कर उनके स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

## भारतीय वायु सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीयन 7 जनवरी से प्रारंभ

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** भारतीय वायु सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन 7 जनवरी से प्रारंभ हो गई है, जिसकी अंतिम तिथि 27 जनवरी 2025 तक रहेगी। अग्निवीर के लिए जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, ऑफिस असिस्टेंट, ट्रेडमैन, महिला सैन्य पुलिस के पदों पर भर्ती की जाएगी।

अग्निवीर भर्ती में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी का अनिवार्य योग्यता पदवार 12वीं (गणित, भौतिक एवं अंग्रेजी विषयों) या तीन वर्षीय डिप्लोमा (पॉलिटेक्निक) में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आवेदकों को ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन वेबसाईट agnipathvayu.cdac.in में करना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार कार्यालय गौरेला पेण्ड्रा-मरवाही में आकर पंजीयन करा सकते है अथवा च्वाईस सेंटर के माध्यम से भी पंजीयन करा सकते है। आवेदन शुल्क जीएसटी सहित 650 रूपए निर्धारित है। आवेदक का जन्म तिथि 01 जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008 के बीच होना अनिवार्य है।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन 15 जनवरी तक

**धमतरी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2025-26 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2025 तक निर्धारित की गई है।

सहायक आयुक्त एवं सचिव जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति ने बताया कि इसके लिए प्रवेश परीक्षा 16 फरवरी को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जिला मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के इच्छुक विद्यार्थियों के द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह, नगरी में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन फॉर्म निर्धारित तिथि 15 जनवरी तक कर सकते हैं। इस संबंध में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है। परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी राज्य के वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in/ पर अवलोकन किया जा सकता है।

# पॉवर कंपनी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर, डॉ.अबीर व डॉ.सुरभि द्वारा जांच व उपचार




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी डंगनिया औषधालय में निःशुल्क दंत एवं ईएनटी (कान, नाक एवं गला) परीक्षण शिविर रायपुर नेत्र चिकित्सालय एवं डॉ. मिश्रा हॉस्पिटल के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.एल.पंचारी, चिकित्साधिकारी डॉ. इंदु साहू, डॉ. निलेश सिंह एवं चिकित्साधिकारी डॉ. श्वेता जैन उपस्थित थे। शिविर में दंत विशेषज्ञ डॉ. अबीर मिश्र एवं ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सुरभि मिश्र ने लगभग 90 लोगों का परीक्षण किया। पॉवर कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए इस शिविर में दंत तथा कान, नाक, गला की बीमारियों के संबंध में जागरूकता लाने की पहल की गई। डॉ. अबीर मिश्र ने नियमित दाँत जाँच और सक्रिय मौखिक स्वास्थ्य देखभाल की महत्ता पर जोर दिया। नई तकनीक से होने वाले उपचारों के विषय में भी लोगों को जागरूक किया गया। इसी प्रकार डॉ. सुरभि ने कान, नाक, गला की बीमारियों की नई प्रवृत्तियों और रोकथाम के उपायों के संबंध में चर्चा की। पॉवर कंपनी में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य योजना के तहत सीजीएचएस रेट पर विभिन्न दंत एवं ईएनटी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध है जिसके तहत पात्र मरीज एवं परिजन इस सुलभ चिकित्सा सुविधाए का लाभ ले सकते है।

# शिक्षा, स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में बेहतर कार्य के साथ बलरामपुर-रामानुजगंज जिला विकास की ओर अग्रसरः रामविचार नेताम

- मंत्री नेताम ने रामानुजगंज में किया 16.39 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम ने अपने बलरामपुर-रामानुजगंज प्रवास के दूसरे दिन रामानुजगंज में 16 करोड़ 39 लाख से भी अधिक की राशि के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 123.10 लाख के 20 कार्यों का शिलान्यास एवं 331 लाख की राशि का लोकार्पण शामिल है। मंत्री ने जिन कार्यों का लोकार्पण किया उनमें खिलाड़ियों की सुविधा हेतु 99.65 लाख की लागत से स्टेडियम निर्माण एवं अधोसंरचना मद अंतर्गत 2 करोड़ 31 लाख रुपए के विभिन्न कार्य शामिल है। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अंतर्गत 901.60 लाख रुपए की लागत से 28 हाट बाजार निर्माण, (महावीरगंज) में 283.60 लाख रुपए की लागत से 5400 मीट्रिक टन गोदाम निर्माण, कुल 1185.20 लाख की राशि के कार्य का भूमिपूजन किया गया। कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में बेहतर कार्य के साथ बलरामपुर-रामानुजगंजजिला विकास की ओर अग्रसर है। जिले के विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। मंत्री नेताम ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन की सजगता से अपराधिक मामलों में कमी आई है। जिस क्षेत्र में पुलिस और जनता का तालमेल है वहां पर अपराधों में कमी देखने को मिलती है, इसके लिए तालमेल जरूरी है। इसे गंभीरता से लेकर पुलिस का सहयोग अवश्य करें। इस अवसर पर नेताम ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों के दो हितग्राहियों को मुआवजा राशि प्रदान की।

वहीं दो हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास शहरी की चाबी सौंपी गई तथा दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। नेताम के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर लगाये गए स्टाल का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पुष्पा नेताम, गणमान्य नागरिक ओम प्रकाश जायसवाल, रमन अग्रवाल अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर राजेंद्र कटारा, पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से नियद नेल्लानार योजना से मिल रहा है लाभ

- डेढ़ किमी पैदल चलकर सुकमा जिले के बोरगुड़ा पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम



पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर के दूरस्थ ग्रामीण इलाकों के सर्वांगीण विकास के लिए नियद नेल्लानार योजना की शुरूआत की थी। योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचविहीन इलाकों में घर घर जाकर स्वास्थ्य जांच कर रही है। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत सुकमा जिले के सभी पहुँचविहीन और जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी प्रकार के स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ दूरस्थ पहुंचविहीन क्षेत्रों में घर-घर दस्तक दे रही है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से गाँवो में अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सुविधाओं व कार्यक्रमों को पहुंचाया जा रहा है। इस काम के लिए सुकमा जिले के कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल कश्यप विशेष तौर पर कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। नियद नेल्लानार योजनांतर्गत चिन्हांकित ग्राम बोरगुड़ा सुकमा विकासखंड के ग्राम पंचायत पोंगाभेज्जी के अंतर्गत वनांचल ग्राम है। यहां स्वास्थ्य विभाग की टीम पगडंडी के सहारे पैदल चलकर पहुंची।

यह गांव जिला मुख्यालय से लगभग 45 किमी की दूरी पर स्थित परिया कैम्प क्षेत्र में आता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा पेड़ की छांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। निक्षय निरामया छत्तीसगढ के अंतर्गत 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत शनिवार को दुर्गम पहुँचविहीन क्षेत्र बोरगुड़ा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा समुदाय के लगभग 45 लोगों का स्वास्थ्य जाँच कर क्षय, मलेरिया, कुष्ठ, मधुमेह और रक्तचाप की स्क्रीनिंग की गई। शिविर के दौरान 10 क्षय रोग के संदिग्ध व्यक्तियों के बलगम का सैंपल लिया गया एवं जाँच के लिए जिला क्षय उन्मूलन केंद्र भेजा गया।

इसके साथ ही शिविर में आने वाले लगभग 127 लोगों का स्वास्थ्य जाँच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर में ग्रामीण स्वास्थ्य जांच कराने बड़ी संख्या में पहुंचे।इस अवसर पर ग्रामीणों को टीबी से अपने परिवार और पड़ोसियों को बचाने की शपथ भी दिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्रामीणों को साँप-बिच्छू से सावधान रहने, रात में मच्छरदानी लगाकर बिस्तर में सोने, पानी को छानकर पीने तथा अपने आस-पास साफ-सफाई रखने की समझाइश दी गई।

# राज्य में 4 लाख 45 हजार 897 नागरिकों का ऑनलाईन प्रकृति परीक्षण किया गया

## छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन बिहार, ओड़िशा, आंध्र प्रदेश, उत्तराखण्ड जैसे राज्यों से रहा बेहतर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में 29 अक्टूबर 2024 को नवम् राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का प्रथम चरण संविधान दिवस 26 नवम्बर 2024 से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर 2024 तक संपन्न हुआ। ऑनलाईन अभियान के अंतर्गत मोबाईल एप्लीकेशन के द्वारा देश के एक करोड़ नागरिकों के आयुर्वेदीय सिद्धांत अनुसार प्रकृति (वात-पित्त-कफ) परीक्षण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। राज्य में 25 दिसंबर 2024 तक आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से जुड़े कुल 3,551 महाविद्यालयीन शिक्षकों, चिकित्सकों, छात्रों, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों तथा निजी चिकित्सकों द्वारा बतौर स्वयंसेवक (वालेंटियर) कुल 4,45,897 नागरिकों का ऑनलाईन प्रकृति परीक्षण किया गया। छत्तीसगढ़ में इस अभियान को काफी अच्छा प्रतिसाद मिला तथा राज्य का प्रदर्शन बिहार, ओड़िशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, झारखण्ड, उत्तराखण्ड जैसे अनेक राज्यों की तुलना में काफी बेहतर रहा। अभियान के प्रथम चरण का समापन दिनांक 25 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में जशपुर जिले के कुनकुरी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रकृति परीक्षण कार्ड भेंट किया गया। मुख्यमंत्री साय ने उपस्थित जनसमुदाय से आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को अपनाने तथा प्रकृति परीक्षण कराने की अपील की है। अभियान के तहत प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री सहित अन्य सांसद, विधायकगण एवं जनप्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों का प्रकृति परीक्षण किया गया। देश का प्रकृति परीक्षण अभियान का उद्देश्य आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के द्वारा जनसामान्य को मोबाईल एप्लीकेशन पर उनके प्रकृति के अनुरूप विभिन्न ऋतुओं में स्वस्थ रहने हेतु आवश्यक आहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या, परहेज एवं स्वास्थ्य से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण परामर्श उपलब्ध कराना है। अभियान के अंतर्गत जिन नागरिकों का प्रकृति परीक्षण किया गया है उन्हें डिजिटल प्रकृति परीक्षण कार्ड भी उपलब्ध हुआ है जिससे उन्हें भविष्य में किसी भी आयुर्वेद उपचार के लिए पृथक से प्रकृति परीक्षण की आवश्यकता नहीं होगी। प्रकृति परीक्षण के द्वारा भविष्य में होने वाले अनेक जीवनशैली रोग जैसे मधुमेह, उच्चरक्तचाप, हृदयरोग तथा कैंसर से बचाव व नियंत्रण भी संभव होगा। मोबाईल एप्लीकेशन आधारित नागरिकों का निःशुल्क प्रकृति परीक्षण भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा, इस हेतु इच्छुक नागरिकों को अपने मोबाईल फोन के प्ले स्टोर से देश का प्रकृति परीक्षण एप्प डाउनलोड कर सिटिजन लॉगिन करना होगा।

## लेखापाल के चयनित एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की सूची जारी

**गरियाबंद।** जिला पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत लेखापाल (अनारक्षित) पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। जिसके तहत 15 मेरिट अभ्यर्थियों का 02 जनवरी 2025 को मूल दस्तावेज सत्यापन एवं कौशल परीक्षा आयोजित किया गया था। जिसमें से 07 अभ्यर्थी उपस्थित होकर मूल दस्तावेज सत्यापन एवं कौशल परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिनका कौशल परीक्षा उपरांत चयनित एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर जिले की वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट गरियाबंद डाट जीओवी डाट इन पर अवलोकन कर सकते है।

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रेमलाल मलिक पिता सोनूराम जाति कोन्हा निवासी ग्राम जामपाली तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम जामपाली दिनांक 10/04/2023 को आवेदक के भानूमति की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किय जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 15/01/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली

**शपथ पत्र**

मैं सुनील दत्त पोद्दार पिता माधव लाल पोद्दार, उम्र-59 वर्ष, पता- क्वा.नं.-49/ए, 2-डी टाईप, हास्पिटल सेक्टर, दल्ली राजहरा, तह. डौण्डी, जिला-बालोद (छ.ग.) (आधार नम्बर 2385 4837 8003) का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि:-

1. यह कि मूलतः मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मैं भिलाई इस्पात संयंत्र अंतर्गत दल्ली मेके. माइंस में मास्टर आपरेटर HEME के पद पर सेवारत हूँ। मेरा प.नं. 212579 Sail P.No. B023196 है।
3. यह कि मेरी सेवा पुस्तिका में मेरे पिता का नाम माधव राव पोद्दार दर्ज है। जो कि गलत है।
4. यह कि मेरे स्वयं के आधार कार्ड नम्बर 2385 4837 8003 में मेरे पिता का नाम माधव लाल पोद्दार MADHAV LAL POTDAR दर्ज है। जो कि सत्य व सही है।
5. यह कि अपनी सेवा पुस्तिका में पिता का सही नाम माधव लाल पोद्दार MADHAV LAL POTDAR दर्ज कराने के समर्थन में अपने कार्मिक विभाग के प्रमुख के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस शपथपत्र की आवश्यकता है। अतः शपथपत्र पेश है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं वर्णित शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कन्डिका 1 से 5 में दी गई जानकारी सत्य एवं सही है। आज दिनांक 16.10.2024 को पढ़कर, समझकर, सुनकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया। शपथकर्ता

**न्यायालयः-श्रीमती अनीता ध्रुव प्रथम व्यवहार नयायाधीश वरिष्ठ श्रेणी गरियाबंद, जिला-गरियाबंद**

**// ईश्तहार //**

प्रो.क.-03/2025, उत्त.प्र.क. 07/2024, आदेश दिनांक 12.12.2024
पेशी दिनांक-23.01.2025, जारी दिनांक-02.01.2025

सुभाषचंद्र पिता-स्व. रूपधर टांडिल्य उम्र 19 वर्ष
निवासी-करचिया, तहसील-देवभोग, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) आवेदक

विरूद्ध

आमजनता (जिसका इससे संबंध हो।) अनावेदक

01. यह कि आवेदक उपरोक्त पते पर निवासरत हैं। यह कि आवेदक के पिता स्व. रूपधर टांडिल्य पिता स्व. दयालू टांडिल्य अपने जीवनकाल में कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) अंतर्गत आदिवासी छात्रावास देवभोग में भृत्य के पद पर पदस्थ थे, जिनका सेवाकाल के दौरान दिनांक 14.05.2013 को आकस्मिक मृत्यु हो चुकी है।
02. यह कि रूपधर टांडिल्य और उनकी पत्नी रूकमणी टांडिल्य निःसंतान होने से रूपधर टांडिल्य द्वारा अपने भांजे नीलकंठ को रखे थे तथा उन्होंने अपनी सेवा पुस्तिका में पत्नी रूकमणी टांडिल्य व भांजे नीलकंठ का नाम इंद्राज करवाया था। रूकमणी टांडिल्य के निःसंतान होने से रूपधर टांडिल्य द्वारा अपना दूसरा विवाह रमिता टांडिल्य से किया गया इस प्रकार रूपधर टांडिल्य की पहली पत्नी रूकमणी टांडिल्य व दूसरी पत्नी रमिता टांडिल्य है। रमिता टांडिल्य के संसर्ग से रूपधर टांडिल्य को एक पुत्र प्राप्त हुआ जिसका नाम सुभाषचंद्र है।
03. यह कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16 के अनुसार लोक सेवाओं में अवसर की समानता के तहत् वादी अपने पिता स्व. रूपधर टांडिल्य के देहांत उपरांत उसके उत्तराधिकार के रूप में अनुकंपा नियुक्ति का अधिकार एवं पात्रता रखते हुए आवेदक ने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत् माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है।
04. अतः अनावेदक आमजनता (जिसका इससे संबंध हो।) को ईश्तहार प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.01.2025 को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में की जावेगी। यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर की जावेगी।

आज दिनांक 02.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक-02.01.2025
स्थान-गरियाबंद

मुहर

(श्रीमती अनीता ध्रुव)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
गरियाबंद जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा)**
**शास्त्री चौक, रायपुर (छ.ग.) पिन- 492001 फोन नंबर 0771 4918927**
ईमेल- office.rera.cg@gov.in, Website- https://rera.cgstate.gov.in/

**// द्वितीय निविदा सूचना //**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक-2-15/2025 दिनांकः 3/01/2025

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर कार्यालय की वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 एवं 2026-27 हेतु आंतरिक लेखा परीक्षा (Internal Audit) टैक्स एवं लेखा संबंधित अन्य कार्यों हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रित की तिथि निम्नानुसार है

- निविदा बिक्री तिथि 06.01.2025 से प्रारंभ होगी।
- निविदा बिक्री की अंतिम तिथि 20.01.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक।
- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 20.01.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक।
- निविदा खोलने की तिथि 20.01.2025 अपरान्ह 4:00 बजे तक।
- निविदा संबंधी शर्तें / मापदण्ड कार्यालयीन समय में छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण कार्यालय अथवा प्राधिकरण के वेबपोर्टल https://rera.cgstate.gov.in/ में निविदा भरने से पूर्व देखी जा सकती है।

निविदा प्रपत्र छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण के वेबपोर्टल https://rera.cgstate.gov.in/ के डाउनलोड से प्राप्त किया जा सकेगा। निविदा आवेदन प्रस्तुत करने हेतु राशि रू. 1,000/- (एक हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट Real Estate Regulatory Fund Chhattisgarh Miscellaneous, Payable at Raipur के नाम से निविदा जमा करने के साथ किया जाना है।

रजिस्ट्रार
छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक
प्राधिकरण छत्तीसगढ़, रायपुर

Samvad-42678/3

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण) //**

निविदा विज्ञप्ति क्र. 84/20/नि.वि./लोनिवि/2024-25 दिनांक 04/01/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 24/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तु निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 04/02/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 05/02/2025 अपरान्ह 11.30 बजे

| क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 20 T0097 | शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय रामाटोला में गर्ल्स टायलेट ब्लाक का निर्माण कार्य | 17.61 | 13500.00 |
| 20 T0098 | शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय रामाटोला में बालक / बालिका टायलेट का रिनोवेशन कार्य | 5.00 | 5000.00 |
| 20 T0099 | शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में गर्ल्स टायलेट का रिनोवेशन कार्य | 4.00 | 5000.00 |
| 20 T0100 | शासकीय नेहरू पी.जी. महाविद्याली डोंगरगढ़ में गर्ल्स टायलेट का रिनोवेशन कार्य | 4.00 | 5000.00 |

उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur से भी अवलोकन किया जा सकता है।

**टीप :-** ऑन लाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/सं) संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

G-242505085/3

# भाटापारा के पत्रकार एवं सामाजिक जनों द्वारा दिवंगत पत्रकार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई

## आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई के साथ ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



बीजापुर के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के विरोध में नगर के पत्रकार गणों एवं समाजिक जनों द्वारा यज्ञशाला नाका नंबर एक मे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, उपस्थित जनों द्वारा दिनों दिन पत्रकारिता के क्षेत्र मे बढ़ती असुरक्षा तथा आए दिन घटते अप्रिय घटनाक्रम पर चिंता जाहिर करते हुए,युवा पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की नृशंस हत्या पर रोष एवं शोक जाहिर करते हुए एक स्वर मे आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गयी।

**आईने को आघात पंहुचाने का कृत्य** – श्रद्धांजलि सभा का संचालन कर रहे मुकेश शर्मा द्वारा कहा गया कि कलमकार पत्रकार समाज का आईना होते है,जो समाज का स्वरुप होता है पत्रकार उसे प्रकाशित करता है लेकिन देखने मे यह आ रहा है कि समाज के विकृति को उजागर करने का प्रतिफल पत्रकार को आघात के रुप मे झेलना पड़ रहा है, प्रशांत वर्मा द्वारा पत्रकारिता की चुनौती एवं अवरोधों का विस्तार से वर्णन किया गया, सत्यनारायण पटेल द्वारा निरंतर घट रही दुखद घटनाओं एवं असुरक्षित होते पत्रकारिता के क्षेत्र पर चिंता जाहिर करते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की गयी, कैलाश जायसवाल द्वारा दिनों दिन बिगड़ती पत्रकारिता की दशा का उल्लेख करते हुए सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया, शंकर लाल सोनी द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून की त्वरित क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया गया, कोमल प्रसाद शर्मा द्वारा वर्तमान स्थिति पर आक्रोश जताते हुए परिस्थिति मे बदलाव की आवाज पुरजोर ढंग से उठाई गयी। पूर्व पीएसओ कल्याण सिंह ठाकुर द्वारा वर्तमान चुनौती पूर्ण एवं पत्रकारिता की असुरक्षित परिस्थिति पर अपनी बात रखते हुए संघर्ष से तस्वीर बदलने की बात कही गयी। सरयू साहित्य परिषद अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा द्वारा भी उपरोक्त परिस्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए सुचिता स्थापना के लिए प्रयासो की आवश्यकता पर बल दिया गया।

**कड़ी कार्रवाई की मांग :** उपस्थित समस्त जनों द्वारा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की नृशंस हत्या पर शोक एवं रोष जाहिर करते हुए आरोपियों पर त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की गयी। तथा उनकी संपत्ति कुर्क करने एवं आरोपियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग के साथ ही पत्रकार के परिवार को एक करोड़ रुपये आर्थिक मदद देने की भी मांग की गयी,एवं समस्त पत्रकारों द्वारा एक स्वर मे पत्रकार सुरक्षा कानून त्वरित लागू करने की मांग भी की गयी।

**दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित :** विचार अभिव्यक्ति की कड़ी संपन्न होने के पश्चात उपस्थित जनों द्वारा मृतक की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना के साथ ही परिवार जनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की भगवान से प्रार्थना के साथ ही दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी, श्रद्धांजलि सभा मे यज्ञाचार्य कन्हैयाधर दीवान, राजेश शर्मा सौरभ बड़वार संतोष पाण्डेय, संतोष साहू, अमृत साहू सरिता ध्रुव, मनेन्दर सिंह गुम्बर, श्याम पुरोहित ललित तिवाड़ी, सुभम आदि पत्रकारों एवं सामाजिक जनों की प्रमुख रुप से उपस्थिति रही।

# सेंट्रल सिंधी पंचायत ने नए वर्ष में किया विधायक इंद्र साव का सम्मान



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत के द्वारा उनके सम्मान में किए गए आयोजन के लिए विधायक इंद्र साव ने कहा कि आपके सहयोग और आशीर्वाद से मै यहां तक पहुंचा हु और मेरी जब भी समाज को जरूरत होगी मै हमेशा तत्पर रहूंगा।समाज के मुखी के द्वारा की गई मांग पर विधायक श्री साव ने 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। नगर के बजरंग वार्ड स्थित सबसे पुराने धर्मशाला श्री गुरुनानक सिंधी धर्मशाला में पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत द्वारा विधायक इंद्र साव के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे विधायक का साल श्रीफल से सम्मान पंचायत के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि में जो कुछ भी हुँ वो सब आपके सहयोग और आशीर्वाद का परिणाम है। मैं आम जनता का सेवक हूं कोई वी आई पी जनप्रतिनिधि नहीं। सभी की समस्या का निराकरण और विकास के लिए सोचना मेरी प्राथमिकता होगी। मै आप सब का शुक्रगुजार हुं कि आप लोगो ने समाज के द्वारा मुझे सम्मानित कर मेरा हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि वे इस धर्मशाला में कई सामाजिक,वैवाहिक कार्यक्रम आते रहे है। शहर के सभी समाज के लोगों के लिए श्री गुरुनानक धर्मशाला सस्ता और किफायती धर्मशाला रहा है। उसके जीर्णोद्धार के लिए सिंधी समाज के मुखिया इंदर लाल थारानी जी ने 15 लाख रुपए की मांग की और वे उनकी मांग पर अपनी विधायक निधि से 15 लाख देने की घोषणा करते है और समाज को आश्वस्त करते है कि समाज को जब भी उनकी जरूरत होगी वे समाज के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। विधायक साव ने उनके सम्मान के लिए पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत के प्रति आभार भी जताया। विधायक के द्वारा की गई घोषणा पर उपस्थित समाज के लोगों ने करतल ध्वनि से उनका आभार जताया तथा प्रमुख इंदरलाल थारानी ने समाज की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर रिटायर्ड कलेक्टर महेश मन्धान, श्रीचंद छाबड़िया, नंदलाल तनवानी, राजेश छाबड़िया, कैलाश बालानी, रोशन हबलानी, सुरेश गोदवानी, विनोद तलरेजा, विकास बालानी, गोलू थारानी, मंगलानी, मनोहर सबलानी, सुरेश किंगरानी, मुकेश गंगवानी, तुषार सचदेव, महेश चंदानी, नेडू सहेता, गिरीश परप्यानी, विक्की लालवानी, विशाल बजाज, नानू सोनी सहित काफी संख्या में सिंधी समाज के लोग उपस्थित थे।

# बसंत नगर में सरकारी नल तो लग गया लेकिन जल नहीं आता, ग्रामीण 2 साल से शिकायत करके थक गए

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



जल जीवन मिशन के तहत हर घर मुफ्त नल कनेक्शन देने की सरकार की योजना ठेकेदार एवं अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के कारण साकार नहीं हो पा रही है। आलम यह है कि जिन घरों में नल कनेक्शन लगाए गए हैं उनमें में पानी आना तो दूर पानी की बूंद तक नहीं टपक रही है। पानी की समस्या से बंसत नगर वासी परेशान है तथा उन्हें पानी के लिए यहां-वहां भटकना पड़ रहा है। ग्राम वासी पूछ रहे हैं कि सरकार ने मुफ्त का नल तो लगवा दिया है पर इस नल में जल कब आएगा?

**2 साल पहले ठेकेदार ने 'नल-जल' की शुरुआत तो की, पर योजना पूरी करना ही भूल गया** – केंद्र सरकार नल-जल योजना से मुफ्त में पानी सप्लाई की दावा करती है लेकिन भानुप्रतापपुर से सटे ग्राम नारायणपुर के बंसत नगर में नल-जल योजना के तहत घरों में पानी सप्लाई 2 साल बाद भी शुरू नहीं हुई है। गांव में पाइप लाइन विस्तार और पानी टंकी निर्माण कार्य दो वर्ष पहले से शुरू किया गया है। लेकिन अब तक इस योजना को पूर्ण नही किया गया है। इस लिए इसका लाभ यहां के निवासियों को नल-जल योजना से पानी नहीं मिल रही है। इस कारण केंद्र सरकार की नल-जल योजना फ्लाप साबित हो रही है। ग्रामीण ठेकेदार और पीएचई विभाग से संपर्क करते हैं , लेकिन पानी सप्लाई कब प्रारंभ होगी। संतुष्ट जवाब नहीं दे रहे हैं। ग्रामीण अनिता कश्यप, शांति यादव, चित्ररेखा, धीरज गुप्ता, मोरेन्द माहेश्वरी, प्रभाकर सोनकुसरे, ज्ञानी पवार, नागेन्द्र ठाकुर, जीत कुमार यादव, सुखचंद कश्यप, अंजली कुंजाम, किरण सोनकुसरे, धरमदास, मोनु यादव, संजय, रूक्मिणी पारधी ने बताया महत्वाकांक्षी हर घर नल जल योजना का लाभ एक सपना साबित हो रही है। लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो रहा है। जब से पानी टंकी का निर्माण हुआ और घरों तक कनेक्शन पहुंचाया गया तबसे शुद्ध पेयजल की आस लगाए बैठे हैं।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में विजय हुए टीम को पुरस्कृत किए इंजीनियर के के देवांगन



**भाटापारा।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 अंतर्गत ग्राम पंचायत लोहारी में आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच शामिल हुए इंजीनियर के के देवांगन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओबीसी मोर्चा भाजपा छत्तीसगढ़ एवं जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि देवांगन ने विजय हुए बासिन के टीम को ईनाम राशि एवं शील्ड वितरण किया साथ ही द्वितीय स्थान पर विश्रामपुर की टीम रही उनको भी ईनाम वितरण किया गया। गांव के सभी लोगो को अच्छे आयोजन के लिए देवांगन ने बधाई दी। इस अवसर पर गांव के सरपंच सतीश देवदास, नायब तहसील सुहेला शामल, गांव के खेमराज वर्मा, कुलदीप वर्मा, जरौद के उपसरपंच गोलू यदु, रोहित यदु गांव के पंचगण खिलाड़ी साथी एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# सोने-चांदी के जेवर ले उड़े चोर, परिवार गया था गांव घर में हो गयी चोरी

पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com



कुम्हारी वार्ड क्रमांक 2 मानस भवन बाजार चौक निवासी टिकेंद्र कुमार साहू अपने साले के यहां छठठी नामकरण कार्यक्रम में दुर्ग गया था। घर को सुनसान देख चोरों ने घर के आलमारी में रखें सोने-चांदी के जेवर सहित टीवी भी उखाड़ के ले गए। मामला कुम्हारी थाना का है। प्रार्थी टिकेंद्र कुमार साहू ने अपनी शिकायत में बताया कि वह 4 जनवरी शनिवार के दिन सुभाष नगर दुर्ग अपने साले के यहां छठठी कार्यक्रम में शामिल होने पत्नी पुत्र व बेटी के साथ गया हुआ था। सोमवार सुबह पड़ोसी से सूचना मिली कि उनका मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। जानकारी मिलते ही कुम्हारी पहुंचा घर के अंदर देखा तो मुख्य आलमारी खुला हुआ था लोहे की पेटी भी खुला पड़ा था समान इधर उधर बिखरे पड़े थे। देखा कि आलमारी में जो कीमती सोने-चांदी के गहने, झुमके टॉप्स कंगन लॉकेट पायल चैन आदि समान रखे थे वे नही थे बाहर बरामदा में 42 इंची टीवी लगा था उसे भी उखाड़ ले गए थे। आंकलन लगाया तो लगभग एक लाख पचास हजार के सामानों को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। कुम्हारी थाना जाकर चोरी की शिकायत दर्ज किया है। हालांकि कुम्हारी पुलिस चोरी की हर एंगल से जांच कर रही है।

# बांसला में फिर देखा गया भालू, रहवासियों में दहशत



**भानुप्रतापपुर।** बांसला गांव में सोमवार की सुबह दो भालू देखा गए हैं। भालू मेन रोड से बांसला पहुंच मार्ग में विचरण कर रहे है। इस गांव में शाम होते ही भालू क्षेत्र में कई दिनों से विचरण कर रहा है। इसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। भालू के विचरण की सूचना पर वनविभाग आम नागरिकों को सतर्कता बरतने की समझाइश दी है। भालू के विचरण की जानकारी देते हुए गांव के ललित देहारी ने वन विभाग को सूचना दी। जिस पर वन विभाग के कर्मचारी भालू के विचरण पर नजर बनाए रखते हुए नागरिकों को सतर्कता बरतने और किसी भी तरह की सूचना प्राप्त होने पर वनविभाग को सूचित करने की समझाइश दी है। रहवासी इलाकों में आए भालू ने दहशत फैला दी है भालू को सड़क पर आसपास लगभग एक घंटे तक चक्क र काटते देखा गया जिससे वहां मौजूद लोग सहम गए। जंगल से बाहर भालुओं की बढ़ी गतिविधियों ने ग्रामीणों को डरा दिया है।

# ब्राम्हण पारा वार्ड में फाउंटेन एवं जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

ब्राम्हण पारा वार्ड में 25 लाख रूपए का आजाद चौक गार्डन, आजाद चौक मे फाउंटेन एवं सारथी चौक का जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया गया एवं 14 लाख रूपए का नाला निर्माण, बाल समाज वाचनालय एवं सोहागा मंदिर हॉल निर्माण हेतु 10-10 लाख रूपए का भूमिपूजन का कार्यक्रम रखा गया था जिसमे विधायक सुनील सोनी के उपस्थिति में वार्ड पार्षद सरिता आकाश दुबे के अगुवाई मे पुरे कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमे वार्ड के जनता जनार्दन के आपार प्यार और आप सभी कि उपस्थिति और वार्ड के भाजपा के जुझारू कार्यकर्ताओं के उपस्थिति मे यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आप सभी अतिथियों का एवं वार्डवासियों का आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी विज्ञप्ति के माध्यम से आकाश दुबे ने दी है।

# भाजपा शासन में पत्रकार भी सुरक्षित नहीं : पवन कांगे

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com



बस्तर के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या की कांग्रेस यूवा पवन कांगे ने कड़ी निंदा की हैं तथा अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर सजा की मांग करते हुए कहा की अब प्रदेश मे पत्रकार भी सुरक्षित नहीं हैं! सुशासन की बात करने वाली विष्णुदेव सरकार में कानून व्यवस्था लचर हो चुकी है। राजधानी रायपुर से शुरू हुआ हत्याओं का खौफनाक द्वौर अब बस्तर तक पहुंच चुका है। कांग्रेस शासन में जहां पत्रकारों के सुरक्षा को लेकर पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया गया वहीं भाजपा शासनकाल में पत्रकारों का जीवन सुरक्षित नहीं है। प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था का शिकार अब लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ भी हो रहा है। पत्रकार मुकेश चंद्राकर निरंतर भ्रष्टचार के मामले को प्रमुखता से उठाते हुए बस्तर में 120 करोड़ रूपये की सड़क निर्माण परियोजना में कथित अनियमितताओं उजागर कर रहे थे जिसकी कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी है। कांग्रेस युवा पवन कांगे ने प्रदेश में कानून व्यवस्था बूरी तरह बिगड़ चुकी है आलम है कि राजधानी से लगे धनेली गांव में दो दिन के भीतर एक ही जगह बेटी व मां की हत्या की जाती है। मुख्यमंत्री के बस्तर में मौजूदगी के दौरान जगदलपुर में एक चिकित्सक की पत्नी की हत्या हो जाती है। डिप्टी रेंजर को कुल्हाड़ी लेकर मारपीट कर दौड़ाया जाता है तो कहीं शराब के नशे में शिक्षकों के साथ मारपीट किया जा रहा है। प्रदेश के राजधानी में मुख्यमंत्री निवास से महज एक किलोमीटर की दूरी में दिन दहाड़े आदिवासी युवक की हत्या हो जाती है। आंकड़ों पर एक नजर डालते हुए पवन कांगे ने कहा कि 48 घंटे के भीतर राजधानी में पांच हत्या की घटना हुई है। इस तरह रोज हो रही हत्याओं से पूरेप्रदेश में भय का माहौल बन गया है। प्रदेश में हत्या बलात्कार, लूटपाट और चाकूबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है और सरकार में बैठे लोग सत्ता के मद में चूर है। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है निरंतर जिलों में हत्या होने की घटनाएं हो रही है।

# पत्रकार मुकेश चंद्राकर को कुम्हारी प्रेस क्लब ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि




पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com

बस्तर के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की नृशंस हत्या के विरोध में कुम्हारी प्रेस क्लब के सदस्यों ने रोष जताते हुए प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए। प्रेस क्लब परिसर में रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में पहुंचे पत्रकारों ने मृतक पत्रकार मुकेश चंद्राकर के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें शासन प्रशासन से कानूनी न्याय व सहयोग की बात रखी।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत चलाया जा रहा अभियान

# सड़क में वाहन चलाते समय बनाए गए नियमों की अनिवार्य रूप से पालन करें : मनोज राठौर

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा लगातार अभियान चलाकर सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। वहीं विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों में यातायात उप निरीक्षक मनोज राठौर के नेतृत्व में जागरूकता के तहत लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जरूरी जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में यातायात उप निरीक्षक से मनोज राठौर अपने मात्रक सिपाहियों के साथ बालको पहुंचे और यहां मुख्य द्वार से बाहर निकल रहे बालको कर्मियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनसे आग्रह किया गया कि दुर्घटना से बचाव के लिए वह हर हाल में यातायात नियमों के तहत वाहन चलाते समय हेलमेट सहित नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सड़क में वाहन चलाते समय बनाए गए नियमों की अनिवार्य रूप से पालन करें साथ ही उनसे आग्रह किया गया कि अपने परिजनों मित्रों और परिवार के बच्चों को भी सड़क में वाहन चलाते समय यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें और हर हाल में नियमों का पालन करने के लिए उन्हें प्रेरित करें यहां बता दें कि यातायात पुलिस के द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदि के निर्देशों का लगातार पालन किया जा रहा है। वही मुख्य मार्ग सहित भेदभाव वाले इलाके में बेदर्दी तरीके से वहां खड़ा करने वालों एवं दोपहिया में तीन सवारी और बिना हेलमेट लगाए वाहन चलाने वालों पर लगातार कार्रवाई भी की जा रही है।

### आत्मानंद स्कूल के बच्चों को दी गई जानकारी



1 जनवरी से 31 जनवरी तक चल रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर यातायात सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर के द्वारा एसईसीएल मुड़ापार स्थित अंग्रेजी माध्यम स्कूल आत्मानंद में पहुंचकर वहां अध्यनरत बच्चों को सड़क सुरक्षा के तहत जरूरी जानकारी दी गई। इस दौरान राठौर ने बच्चों को बताया कि 16 वर्ष की उम्र में हल्के वाहन अर्थात इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी आदि बच्चे लाइट लाइसेंस बनवाकर चला सकते हैं। 18 साल की उम्र में दो पहिया वाहन और 20 साल की उम्र में चार पहिया वाहन इस उम्र के बच्चे चला सकते हैं। राठौर ने कहा कि सड़क में वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए जिससे की दुर्घटना में सर में चोट से बचाव हो सकता है। राठौर ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी नहीं बैठता है और कर आदि में सफर करते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करना है।

# कांकेर जिला एनएसयूआई ने शहर में निकाली संविधान मसाल जुलूस



पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com

एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी आकाश चौधरी जी के निर्देश में एवं प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे जी के आदेश में कांकेर जिला अध्यक्ष सुमित राय के नेतृत्व में संविधान मसाल जुलूस अंबेडकर चौक से गांधी उद्यान तक निकाला गया। इस दौरान एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि है संसद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर पर टिप्पणी की. उन्होंने भाजपा सरकार पर देश के संवैधानिक मूल्यों पर लगातार प्रहार करने का आरोप लगाया. इसी को लेकर कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने विरोध स्वरूप संविधान मार्च निकालकर संविधान की रक्षा का प्रण लिया। संविधान की मूल भावना को बदलने के आरोप देश में हो रही संविधान से छेड़छाड़ एवं बस्तर संभाग के हॉस्टल में हो रही लगातार आदिवासी छात्रों की मौत के विरोध में मसाल जुलूस निकाल गया।

# देवेंद्र तिवारी निर्वाचित हुए भाजपा कोरिया के नए जिला अध्यक्ष, विधायक रेणुका सिंह, प्रबोध मिंज जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी संगठन महापर्व के तहत चल रहे संगठनात्मक चुनाव के तहत प्रदेश भाजपा संगठन ने लगभग छत्तीसगढ़ में आखिरकार बीजेपी संगठन के लगभग सभी जिलों के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। इसको लेकर पिछले दिनों दिल्ली में बैठक आयोजित की गई थी। जहां बंद लिफाफे में हर जिले से तीन दावेदारों के नाम भेजे गए थे। दिल्ली भाजपा हाई कमान की बैठक में मंथन के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश के भाजपा जिलाध्यक्षों का बंद लिफाफे में नाम तय कर दिल्ली से भेज दिए गए थे। जिसके तहत संगठन द्वारा नियुक्त चुनाव पर्वेक्षक व चुनाव अधिकारी हर जिले में जाकर जिलाध्यक्ष को उनको मिलने वाली नई जिम्मेदारी के बारे में सूचना देकर लिफाफा खोल दायित्व सौंपा। कोरिया जिले की बात करें तो वर्तमान जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नाम पर संगठन ने अंतिम मुहर लगा दी, कोरिया के जिला चुनाव प्रभारी प्रबोध मिंज, भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह एवं जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने भाजपा जिला कार्यालय बैकुंठपुर में लिफाफा खोलकर नए जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नाम की घोषणा किए भाजपा जिला कार्यालय में पूरी प्रक्रिया के तहत यह कार्य किया गया। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी को चुनाव अधिकारी लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, सहित उपस्थित कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों ने फूल-माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी को बधाई दी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा मैं शीर्ष नेतृत्व समेत सभी संगठन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को धन्यवाद देता हूँ।भाजपा में रहकर कार्यकर्ता के रूप में कार्य करना मेरे लिए गर्व का विषय है,भाजपा ही एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जहां साधारण कार्यकर्ता बूथ से लेकर उच्चतम पद तक पहुंच कर स्थापित हो सकता है,आगे संगठन से जो भी दिशा निर्देश मिलेंगे उस पर पूरी निष्ठा से कार्य करूँगा और सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी और संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा। इस दौरान समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# नए जिला अध्यक्ष के रूप में चंपा देवी पावले के नाम की घोषणा, कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



भाजपा जिला कार्यालय में जैसे ही नए जिला अध्यक्ष के रूप में चंपा देवी पावले के नाम की घोषणा हुई, कार्यकर्ताओं में एक जबरदस्त उत्साह का माहौल बन गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस खुशी के मौके पर एक-दूसरे को बधाई दी और जोश में आकर नारे लगाए। इस अवसर पर उपस्थित छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य मंत्री और स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने चंपा देवी पावले को जिले की कमान सौंपी है, यह निर्णय संगठन की मजबूती और भविष्य की दिशा को देखते हुए लिया गया है। उन्होंने भरोसा जताया कि पावले अपने नेतृत्व में पूरी तरह से खरे उतरेंगी और जिले में भाजपा को और मजबूती देंगे। विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने आगे कहा, पावले का नेतृत्व प्रदेश और जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि वे अपनी कार्यशैली और प्रतिबद्धता के साथ भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगी और संगठन को और मजबूत बनाएंगी। इस दौरान चंपा देवी पावले ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, वह उसे पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाएंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया और कहा कि वे सभी के साथ मिलकर पार्टी के विकास की दिशा में काम करेंगी। कार्यकर्ताओं के बीच जोश और उमंग की इस लहर ने यह साबित कर दिया कि भाजपा संगठन के प्रति उनका समर्थन पूरी तरह से मजबूत है और अब वे नए जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी, पूर्व जिलाध्यक्ष लखन लाल श्रीवास्तव, दुर्गा शंकर मिश्रा,रामचरित द्विवेदी, अनिल सिंह, डोमरू बेहरा, राहुल सिंह, जे के सिंह, अधि. आशीष सिंह, हिमांशु श्रीवास्त।

# नीलगाय की हत्यारों को वन विभाग ने भेजा जेल



पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

वन परिक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत एक नीलगाय की हत्या का मामला प्रकाश में आया है विभाग द्वारा सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर वन प्राणी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कच्छ क्रमांक 3476 ग्राम इंदरपुर-खोरी में विश्वनाथ रवि 60 वर्ष, कन्हाई प्रसाद कुर्रे 47वर्ष,लक्ष्मी प्रसाद 45 वर्ष, विजय रवि 35 वर्ष,पन्ना लाल रवि 28 वर्ष एवं गिरवर रवि 22 वर्ष के द्वारा नील गाय को मारकर आपस में बटवारा कर रहे थे तभी विभाग को भनक लगी और मौके पर पहुंचकर तत्काल कार्रवाई की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि खेत में लगे हुए गेहूं के फसल को नष्ट कर रहा था इसलिए इसको मारना पड़ा। वन विभाग ने वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2,9,50,51एवं 52 के तहत कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को जेल दाखिल करा दिया गया है। उक्त कार्रवाई में एसडीओ संतोष पांडेय, डिप्टी रेंजर विजय नाथ तिवारी, डिप्टी रेंजर विजय सिंह,डिप्टी रेंजर साधु शरण दुबे, वनपाल दयाशंकर सिंह,वन रक्षक कृष्ण कुमार पैकरा, कालेश्वर राम पैकरा, नरेश पैकरा, अनेश्वर राजवाड़े, उपेन्द्र यादव, मंगल चंद्र सिंह, पिंटू मालाकार, राजनाथ सिंह, रामदुलारे यादव, जीवन किशोर मिंज अन्य लोग शामिल रहे।

# समय सीमा की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



समय सीमा की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में रखी गई थी। जिसमें कलेक्टर एस. जयवर्धन ने जिले में संचालित सभी योजनाओं की विभागवार जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। इस बैठक में डीएफओ पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ मती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर मती नयनतारा सिंह तोमर, जगन्नाथ वर्मा, नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर मती चांदनी कंवर, सर्व एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर जयवर्धन ने विभागवार आवेदन पर जानकारी प्राप्त कर, निर्धारित समय पर आवेदन के निराकरण पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर जयवर्धन द्वारा समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा भी की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्ययोजना अनुरूप कार्य में तेजी लाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, सिकल सेल एनीमिया, जन औषधि केंद्रों, सहित स्वास्थ्य विभाग की अन्य योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए उन्होंने स्कूलों में जाति, निवास, आय प्रमाणपत्र बनवाने के स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले के सभी छात्रावासों में सुविधाएं बेहतर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर उन्होंने कृषि एवं संबंधित विभागों के अंतर्गत चल रही योजनाओं के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने केसीसी कार्ड और किसानों का बीमा करने के लिए निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले में निर्माण कार्य में लगी विभागों पी डब्लू डी, जल संसाधन और पी एच ई अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# पीएम विद्यालय भटगांव में न्योता भोज का किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

पीएम विद्यालय भटगांव मे परमेश्वरी राजवाड़े और कमलेश सिंह के द्वारा बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया और बच्चो के लिए पोस्टिक भोजन की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने पीएम के बच्चों के साथ स्वादिस्ट भोजन का आनंद लिया तथा इस आयोजन की सराहना किए। न्योता भोज मे अथितियों और बच्चो ने एक साथ बैठ कर भोजन किया। न्योता भोज मे बच्चों के साथ भटगांव तहसीलदार शिवनारायण राठिया, नगर पंचायत भटगांव सीएमओ राजेश कुशवाहा, इंजीनियर नीतिश गुप्ता, कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय की प्राचार्य मती पुष्पा खलखो, अफरोज खान, पीएम विद्यालय की प्रधान पठिका कौशल्या देवी, डॉ तुलेश्वर राजवाड़े, टेम नारायण राजवाड़े, शिक्षक गायत्री मिश्रा, बाबूलाल, दीपक सोनी, विजय गुप्ता, हरकेश जायसवाल, तेज कुमार लकड़ा, अरविन्द विश्वकर्मा, सत्येंद्र गुप्ता, नेहा सिन्हा, संध्या पाटनवर, माधुरी मिंज, ललिता जायसवाल, दीपिका पैकरा, संगीता भक्त, खुशबू अंबष्ट सहित पलकों ने स्वादिस्ट भोजन का लुफ्त उठाया।

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन के उपरांत ली गई राजनैतिक दलों की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01 जनवरी के संदर्भ में 06 जनवरी, 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सूरजपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमशः 04 प्रेमनगर, 05 भटगांव एवं 06 प्रतापपुर में किये जाने के उपरांत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला-सूरजपुर के निर्देशन में नरेन्द्र पैकरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सर्व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक ली गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला-सूरजपुर द्वारा बताया गया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किये जाने के उपरांत दिनांक 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवम्बर, 2024 तक जिले के सभी मतदान केन्द्रों में दावा/आपत्ति प्राप्त किया गया था। पुनरीक्षण अवधि के दौरान सूरजपुर जिले में कुल 15087 नये मतदाताओं का नाम जोड़े जाने, 3145 मृत/ स्थानांतरित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित किये जाने हेतु तथा 3986 मतदाताओं का संशोधन किये जाने हेतु आवेदन प्राप्त हुये थे। जिसका निराकरण तीनों विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया गया। प्राप्त दावा/आपत्ति के निराकरण के उपरांत दिनांक 06 जनवरी, 2025 के अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में विधानसभा क्षेत्र 04 प्रेमनगर में कुल 248085 मतदाता, विधानसभा क्षेत्र 05 भटगांव में कुल 247878 मतदाता तथा विधानसभा क्षेत्र 06 प्रतापपुर में कुल 239687 मतदाता दर्ज है। राजनैतिक दलों की बैठक में भारतीय जनता पार्टी से किशन देवांगन एवं कम्यूनिष्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) से सुरेन्द्र लाल नेटी एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं, जनदर्शन में मिले 45 आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत ने जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों एवं दूरदराज से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। अपर कलेक्टर ने आज जनदर्शन में 45 लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने को कहा। जनदर्शन में ग्राम पोंड़ की चित्रमाला ने नया राशन कार्ड बनाने, ग्राम सरगोड़ के संपत लाल सिन्हा ने धान विक्रय हेतु टोकन प्रदाय करने, ग्राम पथर्रा की चंद्रिका वर्मा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजना के तहत राषि प्रदाय करने, ग्राम परसुलीखुर्द की ष्यामबाई ने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने, ग्राम धवलपुरडीह की जमुनाबाई ने विधवा महिला को राष्ट्रीय परिवार सहायता राषि दिलाने, ग्राम पंचायत जरगांव की थनवारिन यादव ने स्पॉन्सरषिप योजना से जोड़ने, ग्राम भिरालाट की महिलाओं ने महतारी वंदना की राषि दिलाने, ग्राम बिन्द्रानवागढ़ के भुवन नेताम ने मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता राषि दिलाने, ग्राम रोहिना के परसादी ने काबिल कास्त घोषित कर आनलाईन करने, ग्राम दिवानमुड़ा के ग्रामवासियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोलर लाईट लगाने, ग्राम रवेली के सुरेष ध्रुव ने वनअधिकार पट्टा में त्रुटि सुधार करने, ग्राम किरवई की ईष्वरी बाई साहू ने भू-राजस्व आदेष रिकार्ड की प्रतिलिपि प्रदान करने, ग्राम खरीपथरा के तलसिंग ने नहर केनाल की मुआवजा निरस्त करने एवं टंकधर ध्रुव ने पटेल नियुक्ति आदेष दिलाने, ग्राम कुम्हरमरा के केजू राम ध्रुव ने छुआ-छुत करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने, ग्राम बिजली के रविकुमार ने शौचालय निर्माण करने संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा।

# महिलाओं और शिक्षकों ने सावित्रीबाई फुले की जयंती उत्साह पूर्वक मनाया

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



विकासखंड के ओडिया पारा वार्ड क्रमांक 12 में गौरी बग्गा के निवास पर माता सावित्री बाई फूले समुह के तत्वावधान मे महिलाओं एवं शिक्षकों ने सावित्रीबाई फूले की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। भारत की पहली महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फूले और नगर की पहली महिला शिक्षिका स्वर्गीय रत्ना डडसेना को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शुभ्रा डडसेना ने किया। इस अवसर पर समाज की विभिन्न महिलाओं ने भाग लेकर नारी शिक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में सावित्रीबाई फूले के योगदान को याद किया। उपस्थित प्रमुख महिलाओं में सरिता साहू, शांति मिश्रा, अनुपमा मांझी, रजनी बग्गा, वंदना सतपथी, शांति सलूजा, अंजली अग्रवाल, गुरनाल खान, सुनीता बेहरा आदि शामिल थीं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने माता सावित्रीबाई फुले के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डाला। सरिता साहू ने बताया कि सावित्रीबाई ने 1848. में महिलाओं और दलितों के लिए शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने समाज में व्याप्त असमानताओं और कुरीतियों के खिलाफ अपनी आवाज उठाई। आज भी उनके विचार हमें नारी सशक्तिकरण की प्रेरणा देते हैं। नगर की पहली महिला शिक्षिका स्वर्गीय रत्ना डडसेना को भी कार्यक्रम में विशेष रूप से याद किया गया। उन्होंने अपने जीवन में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक योगदान दिए और समाज की कई महिलाओं को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। माता सावित्रीबाई फुले समूह की अध्यक्ष अनीता चौधरी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने और समाज में उनकी सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने का माध्यम बनते हैं। यह कार्यक्रम न केवल एक श्रद्धांजलि सभा थी, बल्कि समाज में महिलाओं की भूमिका और योगदान को सम्मानित करने का एक प्रेरणादायक प्रयास भी था। उपस्थित सभी महिलाओं ने सावित्रीबाई फुले के आदर्शों को अपनाने और समाज में बदलाव लाने का संकल्प लिया।

### ढोल-नगाड़ा और आतिशबाजी के साथ कार्यकर्ताओं ने निकाली स्वागत रैली

# मां महामाया के दर्शन से हुई शुरुआत, वरिष्ठों से लिया मार्गदर्शन और आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com





भारतीय जनता पार्टी सूरजपुर जिला के महामंत्री मुरली मनोहर सोनी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बनने के पश्चात अपनी शुरुआत सर्वप्रथम मां महामाया मंदिर देवीपुर में दर्शन आशीर्वाद, अटलकुंज भाजपा जिला कार्यालय में पहुंचकर दो ब्राह्मणों की उपस्थिति में धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ जिला अध्यक्ष कक्ष में प्रवेश कर जिला अध्यक्ष की कुर्सी में बैठकर अपना कार्यभार ग्रहण किया, अग्रसेन चौक से ढोल-नगाड़े से स्वागत के साथ सुभाष चौक तक रेली फूल-माला से स्वागत, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी के निवास पर आशीर्वाद, पूर्व जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के निवास पर मुंह मीठा कराया गया, अपने मार्गदर्शक वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल के निवास पर आतिशबाजी से स्वागत, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृपाल साहू के निवास पर आशीर्वाद, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा के निवास पर स्वागत किया गया। इस दौरान प्रेमनगर क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी, वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृपाल साहू, जिला महामंत्री राजेश महलवाला, जिला मंत्री संदीप अग्रवाल, मोहरसाय सिंह, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा रामानंद जायसवाल, जिला कार्यालय मंत्री राजेश्वर तिवारी, संत सिंह, बसंत कुशवाहा, नपा उपाध्यक्ष रितेश गुप्ता, शशिकांत गर्ग, मुकेश गर्ग, अजय अग्रवाल (अज्जू), लीलू गुप्ता, शहर मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, कैलाश सरदार, शंकर जिन्दिया, शिवशंकर साहू, सतबीर सिंह, युवा मोर्चा जिला मंत्री देव गुप्ता, संस्कार अग्रवाल, नितेश सोनी, विक्की सोनवानी, दिलीप साहू, रोशन गुप्ता, प्यारे साहू, संजू सोनी, आशीष गुप्ता, नीटू गोयल, रोशन गुप्ता, तुषार ठाकुर, कृष्ण मंगल, सोनू साहू, दीक्षित वर्मा, विष्णु सोनी सहित काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत भटगांव के वार्डों का मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया सघन निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज नगर पंचायत भटगांव के वार्डों में सघन भ्रमण व निरीक्षण किया। जहां उन्होंने वार्ड वासियों से मिलकर वार्ड की वस्तुस्थिति की जानकारी ली, इसके साथ ही जनहित के मामलों के शीघ्र निराकरण हेतु उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वार्डों के मूलभूत सुविधाओं बिजली, पानी, साफ़ सफाई इत्यादि की व्यवस्था पुख्ता हो इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उपस्थित जनों से उनकी समस्या को जाना और उनके त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधितों को दिए।

# हसदेव क्रिएटर्स हब से युवाओं को मिलेगा ग्लोबल मंच : मुख्यमंत्री साय

## मुख्यमंत्री ने जांजगीर में अत्याधुनिक स्टुडियो का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता जांजगीर
www.dailypioneer.com

नए साल में जांजगीर चांपा क्षेत्र के युवाओं को उनकी रचनात्मकता को निखारने के लिए ग्लोबल मंच मिल गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जांजगीर में हसदेव क्रिएटर हब का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमार्ट परिसर में स्थापित इस अत्याधुनिक स्टूडियो से सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स, क्रिएटर्स व गायकों को अपनी सृजनशीलता और रचनात्मकता को देश-दुनिया के सामने लाने और उसे निखारने का ग्लोबल मंच मिलेगा। इस मौके पर उन्होंने स्टूडियो में पॉडकास्ट के माध्यम से इंटरव्यू भी दिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि युवाओं के उमंग और उत्साह को देखकर मैं भी उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि पहले इस कार्य के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है और बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती थी। अब इस स्टूडियो के बन जाने से युवाओं को अपनी क्रिएटीविटी को सबके सामने लाने के लिए काफी सुविधा होगी। यहां रिकार्डिंग के लिए अत्याधुनिक उपकरण और साफ्टवेयर हैं। इस अवसर पर सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक सौरभ सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कंटेंट क्रिएटर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, यूट्यूबर्स उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि हसदेव क्रिएटर्स हब (हाईटेक स्टूडियो) क्रिएटर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, यूट्यूबर्स के लिए सभी आवश्यक उपकरण से लैस है। अत्याधुनिक कैमरे, ड्रोन कैमरे, हाई एंड कंप्यूटर जैसे उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। शूटिंग के साथ-साथ एडिटिंग के लिए भी सॉफ्टवेयर्स की व्यवस्था की गई है।



### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय परिसर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप चरखा भी चलाया। इसके साथ ही उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रूद्राक्ष के पौधे का रोपण किया।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 217 करोड़ 17 लाख के 419 विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमि पूजन



पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

महासमुंद के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल के प्रांगण ने पहुंचे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 217 करोड़ 17 लाख के 419 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया। मुख्यमंत्री के आगमन के बाद मुख्य द्वार पर भाजपा के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक दिया। पुलिस और कार्यक्रमों के बीच हुई जमकर झड़प। बैठक व्यवस्था को लेकर भी कार्यकर्ताओं ने जताई आपत्ति। लोकार्पण और भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अपने स्वागत भाषण में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और कार्यक्रम उपस्थित जनता को विकास कार्यों का ब्यौरा दिया। कार्यक्रम को महासमुंद जिले के बसना विधायक सम्पत अग्रवाल और महासमुंद के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा और महासमुंद लोकसभा की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि बस्तर में नक्सलियों द्वारा कायरता पूर्ण हरकतों से हमारे आठ जवान शहीद हो गए हैं। जिनकी मैं नींद करता हूं। पत्रकारों के सवाल पत्रकारों के लिए कब सुरक्षा कानून लागूं होगा इस बात पर उन्होंने कहां की मुकेश चंद्राकर के हत्यारों पर त्वरिक कार्रवाई की गई है।

# कर्मचारियों की जरूरतों व मांगों को लेकर संवेदनशील है सरकार : अरुण साव

## नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारी अधिवेशन में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव रायपुर के स्व. बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारी अधिवेशन में शामिल हुए। नगरीय निकायों के विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी संघों द्वारा प्रदेश में पहली बार प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन किया गया था। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में ईव्ही फास्ट चार्जिंग स्टेशन का शुभारंभ भी किया। रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायकगण सुनील सोनी और पुरंदर मिश्रा भी अधिवेशन में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारी अधिवेशन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का दायित्व मिलने के बाद नगरीय निकायों में काम करने वाले कर्मचारियों का कल्याण पहले दिन से मेरी प्राथमिकता में रहा है। पिछले एक वर्ष में अनुकंपा नियुक्ति और पदोन्नति के विषय में सक्रियता से काम हुए हैं। विभाग ने अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए 353 नए पद स्वीकृत किए हैं। साव ने कहा कि उन्होंने सभी नगरीय निकायों को इन स्वीकृत नए पदों पर 10 जनवरी तक अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। विभाग में पदोन्नति की प्रक्रिया भी लगातार चल रही है। अभियंताओं की पदोन्नति के बाद अभी 36 कर्मचारियों को सीएमओ पदोन्नत किया गया है। अन्य पदों पर भी इसकी कार्यवाही चल रही है। सभी निकायों के सेट-अप पुनरीक्षण के लिए भी हम लोग काम कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री साव ने अधिवेशन में कहा कि कर्मचारियों की जरूरतों व मांगों को लेकर सरकार संवेदनशील है। विगत एक वर्ष में वेतन के भुतान के लिए नगरीय निकायों को 373 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। लंबित वेतन के भुगतान के लिए 51 करोड़ 77 लाख रुपए जारी करने की फाइल पर आज ही दस्तखत करके आ रहा हूं। ओपीएस तथा छटवें एवं सातवें वेतनमान के एरियर्स के लिए भी हम लोग वित्त विभाग से चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए विभाग निकायों के नए सिरे से वर्गीकरण के साथ ही इनकी संरचना को मजबूत करने की पहल कर रहा है। साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार अधिकारियों-कर्मचारियों के हर सुख-दुख में उनके साथ है। उनकी सभी समस्याओं के निवारण के लिए तत्पर है।

# सुरक्षा बल मुस्तैद लेकिन नक्सल मसले पर भाजपा सरकार की नीति नीयत नहीं : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर के बीजापुर में 9 जवानों की शहादत बेहद दुखद है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शहीद जवानों के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है, शहीद जवानों के परिजनों के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित करती है तथा घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है। देश को इन जवानों की वीरता पर गर्व है। सरकार के नक्सल मोर्चे पर असमंजस नीति के कारण इतनी बड़ी क्षति उठानी पड़ी। हमारे जवान शहीद हुये। हमारी सरकार से मांग है कि सरकार अपनी नक्सलवादी नीति स्पष्ट करें। सरकार के अनिर्णय वाली स्थिति के कारण जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है नक्सली गतिविधियां बढ़ी है। भाजपा की सरकार को तत्काल निर्णय लेने की आवश्यकता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार बने एक वर्ष से अधिक हो गया है अभी तक सरकार ने नक्सलवाद जैसे महत्वपूर्ण मसले पर अपना कोई राय नहीं बना पाई है। सरकार मति भ्रम का शिकार है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने नक्सलवाद पर एक ठोस नीति बनाया था विश्वास, विकास, सुरक्षा के मूल मंत्र को लेकर कांग्रेस सरकार आगे बढ़ी थी जिसके सकारात्मक परिणाम आये और राज्य में नक्सली गतिविधियों में 80 प्रतिशत तक की कमी आई थी तथा रमन राज में नक्सलवाद 15 जिलों तक पहुंच गया था कांग्रेस सरकार के 5 सालों में बस्तर के सूदुर क्षेत्रों तक सिमट गया था।

# मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना में लापरवाही बरतने पर पंचायत सचिव श्रीवास निलंबित

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत भिलाई में पदस्थ और मड़ई पंचायत का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे पंचायत सचिव विशेषर श्रीवास को मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना में लापरवाही बरतने के मामले में निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की यह कार्रवाई कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर पंचायत सचिव के विरूद्ध जांच में दोष सिद्ध होने के बाद की गई है। जनदर्शन में प्राप्त शिकायत के अनुसार, श्रीवास ने मड़ई पंचायत में राशनकार्ड धारक फिरतीन बाई पति स्व. दरबार समेत चार अन्य जीवित हितग्राहियों को मृत बताकर खाद्य नियंत्रक शाखा बिलासपुर को प्रतिवेदन भेजा था। इस आधार पर इन हितग्राहियों के राशन कार्ड निरस्त कर दिए गए थे। कलेक्टर द्वारा मामले की जांच के आदेश दिए गए, जिसमें आरोप सही पाए गए।

# निलंबित बीएड सहायक शिक्षकों ने दी मतदान बहिष्कार की चेतावनी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

नौकरी से हटाए गए बीएड सहायक शिक्षकों ने राज्य निर्वाचन आयोग के दफ्तर पहुंचकर प्रदर्शन किया। यहां उन्होंने निर्वाचन आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे परिवार के साथ मतदान बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। बर्खास्त शिक्षकों का कहना है कि नौकरी से निकाले जाने के बाद शिक्षकों और उनके परिवार पर रोजी-रोटी का संकट है। पिछले 17 दिनों से तूता धरना स्थल में आंदोलन चल रहा है लेकिन उनकी मांगों को लेकर कोई फैसला हीं लिया गया है। ऐसे में सभी 2900 सहायक शिक्षक सपरिवार के साथ अपने मताधिकार का त्याग करना चाहते हैं। इसलिए मतदाता परिचय पत्र रद्द किया जाएगा। इन शिक्षकों को नए साल की शुरुआत में ही टर्मिनेशन लेटर थमा दिया गया था। हांलाकि मामले में सरकार ने एक उच्च स्तरीय प्रशासनिक कमेटी भी बनाई है। जिसमें मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी इस कमेटी में 5 अधिकारी शामिल हैं। लेकिन सहायक शिक्षकों का कहना है कि कमेटी कब तक उनकी मांगों पर फैसला देगी। ये स्पष्ट नहीं किया गया है इसलिए मांगे पूरी होते तक आंदोलन जारी रहेगा।

# अब सभी अधिकारियों को सुबह 10 बजे से पहले पहुंचना होगा कार्यालय

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री साय के निर्देश के अनुरूप सभी कार्यालयों के अधिकारी समय पर पहुंचे। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक विभागीय अधिकारी निर्धारित समय 10 बजे से पहले कार्यालयों में पहुंचें। सप्ताह में दो दिन आमजनों से मुलाकात करें। सप्ताह में सोमवार एवं गुरूवार को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालय में बैठेंगे। इसके अलावा जिला स्तरीय सभी अधिकारी अपनी उपस्थिति कार्यालयीन निर्धारित समय 10 बजे तक ग्रुप में भेजें। कलेक्टर डॉ. सिंह द्वारा प्रत्येक माह में तीन कार्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि कार्यालयों की साफ-सफाई, सभी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएं। इसके अलावा समय-सीमा की बैठक सोमवार के स्थान पर प्रत्येक मंगलवार को होगी। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सभी पटवारियों की समीक्षा, माह के अंतिम सप्ताह में गुरूवार को शाम 4.30 बजे होगी। इसके लिए अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी फार्मेट तैयार कर लें। साथ ही माह के अंतिम सप्ताह में कृषि विभाग की बुधवार, महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की मंगलवार, पंचायत विभाग की शुक्रवार शिक्षा विभाग तथा अन्य विभागों की बैठक शनिवार को होगी। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि निर्माण एजेंसियों के कार्यों के पूर्ण होने के बाद नियमानुसार राशि भुगतान की कार्रवाई की जाएं। साथ ही कलेक्टर ने कहा कि अवैध खनन, परिवहन की समीक्षा की जाएं और खनिज के खनन एवं परिवहन की सतत निगरानी रखी जाएं। सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि अवैध परिवहन, खनन की शिकायतें पर कडी कार्रवाई करें उसके लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि अवैध परिवहन पर संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएं। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। सभी नोडल अधिकारी 31 जनवरी तक सभी ग्रामों का भ्रमण करें एवं पिछले समय भ्रमण किए गए समस्याओं का निराकरा की स्थिति को देखें। इसके अलावा निराकरण न होने वाले एवं अन्य समस्याएं पाए जाने पर रिपोर्ट दें। बैठक के दौरान एसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि वीआईपी रोड, धमतरी मार्ग समेत प्रमुख मार्गो का यातायात सुधार करने के ठोस उपाय किया जाएं।

# कांग्रेस ने स्व. मुकेश चंद्राकर का जिंदा रहते और मरने के बाद भी बहिष्कार किया : संजय श्रीवास्तव

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस द्वारा पत्रकार स्व. मुकेश चंद्रकार का जीवित रहते भी बहिष्कार और मृत्यु के बाद भी बहिष्कार करने के लिए कांग्रेस नेताओं पर तीखा हमला है। श्रीवास्तव ने कहा कि इस संबंध में 29 अप्रैल, 2024 को कांग्रेस द्वारा बाकायदा जिला कांग्रेस कमेटी जिला बीजापुर के लेटरपेड में पत्र निकाल कर दिवंगत पत्रकार स्व. मुकेश चंद्रकार पर झूठे आरोप लगाकर सार्वजनिक रूप से उन्हें अपमानित कर उनका बहिष्कार करने का ऐलान किया था। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव ने एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफ में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि 04 जनवरी 2025 को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का तय कार्यक्रम जारी किया गया था, उसमें उनका रात्रि विश्राम कांकेर यानी कि बस्तर ही था साथ ही, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी इसी तारीख को जगदलपुर (बस्तर) में थे। उसके बावजूद ये दोनों नेता स्व. मुकेश चंद्रकार की अंतिम यात्रा में शामिल नहीं हुए, न ही कांग्रेस का कोई बड़ा नेता उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुआ। कांग्रेस ने एक सच्चे पत्रकार का जीवित रहते भी बहिष्कार किया और मृत्यु के बाद भी बहिष्कार किया। इससे बड़ी शर्मनाक बात और क्या हो सकती है? लोकतंत्र और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के प्रति कांग्रेस की सोच क्या है, यह फिर से प्रमाणित हुआ। श्रीवास्तव ने कहा कि इससे भी अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है कि एक तरफ बस्तर गमगीन था दूसरी ओर कांग्रेस जश्न मना रही थी। स्व. मुकेश चंद्रकार की निर्ममता से हत्या के बाद जहाँ बस्तर सहित पूरा छत्तीसगढ़ शोकमग्न था, बस्तर में स्व. मुकेश चंद्रकार को अंतिम विदाई देने सभी लोगों ने स्वस्फूर्त अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी बंद कर रखे थे, वहीं उसी बस्तर में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज खुद को लडडुओं से तुलवा रहे थे, आतिशबाजी करवा रहे थे, ढोल-नगाड़े बजवा रहे थे, खुद पर फूलों की बारिश करवा रहे थे, नारेबाजी हो रही थी। कांग्रेस में मानो कांग्रेस नेता द्वारा कांग्रेस द्वारा बहिष्कृत पत्रकार स्व. मुकेश चंद्रकार की हत्या के बाद जश्न का माहौल नजर आ रहा था। कांग्रेसी नेता अंतिम संस्कार में तो शामिल नहीं हुए, लेकिन यह जश्न मनाते भी उन्हें शर्म नहीं आई। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव ने कहा कि इससे अमानवीय, संवदेनहीन, निर्मम, नृशंस, निर्दयतापूर्ण, असभ्य, अशालीन, असामाजिक, कुकृत्य-दुष्कृत्य, जितने भी खराब शब्द हो सकते है, वे सारे शब्द कांग्रेस की राजनीतिक अपसंस्कृति के आगे बौने हैं, श्रीवास्तव ने इस बात के लिए भी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा कि कांग्रेस ने अब तक एक सच्चे पत्रकार को अपमानित करने के लिए माफी नहीं मांगी है। इससे शर्मनाक दृश्य किसी भी प्रदेश के राजनीतिक इतिहास में देखा नहीं गया है। बेशर्मी की पराकाष्ठा तो यह है कि युवा पत्रकार की निर्ममता से हत्या करने वाले कांग्रेस नेता सुरेश चंद्रकार को अब तक कांग्रेस पार्टी ने निष्कासित तक नहीं किया है। श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रही प्रदेश की भाजपा सरकार ने युवा पत्रकार स्व. मुकेश चंद्रकार की हत्या के मुख्य आरोपी सुरेश चंद्रकार सहित सभी आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

## भाजपा बताये हत्यारा सुरेश मुख्यमंत्री निवास क्यों गया था? उसे पार्टी से क्यों नहीं निकाला? : सुशील शुक्ला



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा पत्रकार मुकेश चंद्रकार की हत्या पर स्तरहीन राजनीति कर रही है। भाजपा आरोप प्रत्यारोप की राजनीति करने के बजाय हत्यारे को संरक्षण देने वाले भाजपा नेताओं पर कार्यवाही करे। भाजपा सरकार की अकर्मण्यता और सरकार मे बढ़ते हुये अपराध और अपराधिक तत्वों के सरंक्षण के कारण भाजपा के भ्रष्टाचार के कारण जाबाज पत्रकार मुकेश चंद्रकार की हत्या हुयी। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि भाजपा स्पष्ट करे कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर का हत्यारा सुरेश चंद्रकार मुख्यमंत्री निवास क्यों गया था? जब यह स्पष्ट हो चुका है कि भाजपा की सदस्यता ले ली थी अभी तक उसे भाजपा से निकाला क्यों नहीं गया? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि स्व. मुकेश चंद्रकार ने ठेकेदार सुरेश चंद्रकार के जिस भ्रष्टाचार को उजागर किया उस पर भाजपा जवाब दे? बिना काम पूरा हुये 90 प्रतिशत अग्रिम भुगतान बिना मंत्री, बिना सत्ता में बैठे हुए लोगों के संरक्षण के संभव है क्या? किसको ठेकेदार का संरक्षण था, उन सत्तारूढ़ दल के लोगों पर कार्यवाही कब होगी? इस भ्रष्टाचार में कौन-कौन संलिप्त है? सरकार इसकी जांच कराने की बात क्यों नहीं कर रही है? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अपराधी सुरेश चंद्रकार ने भाजपा की सरकार के दौरान 56 करोड़ की सड़क को 120 करोड़ में बनाया इसमें बिना काम हुये 90 फीसदी का भुगतान भी हो चुका है। इस भ्रष्टाचार की जांच सरकार कब करेगी? इसमें कौन-कौन लोग शामिल थे? इतने बड़े भ्रष्टाचार में बड़े लोगों के संरक्षण के बिना संभव नहीं कि भुगतान हो जाये। पीडब्लूडी मंत्री नैतिक जिम्मेदारी लेते हुये इस्तीफा कब देंगे? प्रदेश में बढ़ते कानून व्यवस्था और पत्रकार की हत्या गृह मंत्री इस्तीफा कब देंगे?




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403